10 पीवी सिंधू....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, बुधवार, 23 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -95 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

12 जेनिफर...



## करम पर्व पर सीएम हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाएं, कहा- प्रकृति और संस्कृति से जुड़े रहना जरूरी

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकृति महापर्व करम पर्व के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं और जोहार दिया है. उन्होंने कहा कि करम पर्व प्रकृति और मानव जीवन के गहरे संबंध, भाई-बहन के प्रेम और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है. मुख्यमंत्री ने कहा कि करम पर्व झारखंड की पहचान और यहां की संस्कृति से जुड़ा हुआ है. यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण की सीख देता है. जल, जंगल और जमीन हमारे जीवन का आधार होने के साथ हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों की धरोहर भी हैं. हेमंत सोरेन ने कहा कि करम पर्व भाई-बहन के प्रेम और आपसी विश्वास का भी पर्व है. अखड़ा में करम डाली की स्थापना, मांदर की थाप, करम गीत और सामूहिक नृत्य झारखंड की लोक संस्कृति को दशार्ते हैं. उन्होंने कहा कि आधुनिकता और



विकास के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से जुड़े रहना जरूरी है. पुरखों से मिली विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है. मुख्यमंत्री ने कामना की कि करम पर्व के अवसर पर हर परिवार में सुख, शांति और खुशहाली बनी रहे. भाई-बहन का प्रेम मजबूत हो और समाज में आपसी सद्भाव और एकजुटता बढ़े. उन्होंने कहा कि झारखंड प्रकृति और संस्कृति के साथ आगे बढ़ता रहे. उन्होंने राज्यवासियों को करम जोहार कहा.

## रांची यूनिवर्सिटी में नौ भाषाओं के करम गीत, मांदर की थाप और पारंपरिक नृत्य

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** पूरे झारखंड में करमा पर्व की धूम है. गांवों से लेकर शहरों तक अखड़ों में करम गीतों की गूंज और मांदर की थाप सुनाई दे रही है. लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करमा पर्व मना रहे हैं. इसी कड़ी में रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के प्रसिद्ध अखड़े में करम पूजा महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में झारखंड की जनजातीय और क्षेत्रीय संस्कृति की विविधता देखने को मिली. महोत्सव की शुरूआत पारंपरिक रीति-रिवाज और पूरे विधि-विधान के साथ हुई. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने करम डाली की पूजा-अर्चना की. पूजा के दौरान पारंपरिक तरीके से करम डाली की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा की



गई. इसके बाद जावा को सजाया गया. कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया.

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीं शुभकामनाएं

पूजा के बाद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि करमा आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण पर्व है. यह पर्व प्रकृति संरक्षण के साथ भाई-बहन के प्रेम और आपसी स्नेह का प्रतीक है. करमा पर्व के जरिए प्रकृति के प्रति सम्मान और सामुदायिक जीवन से जुड़ी परंपराओं को भी आगे बढ़ाया जाता है. इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों के कानों में जावा फूल लगाया गया. इस पारंपरिक रस्म के दौरान पूरा अखड़ा उत्सव के रंग में नजर आया. कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति समेत कई शिक्षाविद और विभाग से जुड़े लोग शामिल हुए. अतिथियों ने करमा पर्व की सांस्कृतिक परंपरा और इसके महत्व को रेखांकित किया. कार्यक्रम के जरिए नई पीढ़ी को अपनी भाषा, संस्कृति और लोक परंपराओं से जोड़ने का संदेश भी दिया गया.

### करम गीत की प्रस्तुति ने लोगों का मोहा मन

महोत्सव का सबसे खास आकर्षण जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग से जुड़ी नौ जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के गीत-संगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुतियां रहीं. अलग-अलग भाषाओं में करम गीतों की प्रस्तुति ने अखड़े का माहौल पूरी तरह बदल दिया. पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने लोकनृत्य प्रस्तुत किए. गीतों के साथ मांदर की थाप ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया.

## भारतीय महिला टीम ने जीता गोल्ड फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है. कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 147 रन से रौंदकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया. इस जीत के साथ भारतीय टीम ने एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 216 रन बनाए. यह एशियन गेम्स में महिला क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर रहा. जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 69 रन पर सिमट गई और भारत ने मुकाबला एकतरफा अंदाज में अपने नाम कर लिया.

### स्मृति-शेफाली ने दी तूफानी शुरूआत

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरूआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की. शेफाली वर्मा 48 रन बनाकर आउट हुई. इसके बाद हरमनप्रीत कौर ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन वह 19 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं. दूसरे छोर पर स्मृति मंधाना तेजी से रन बनाती रहीं. उन्होंने 79 रन की शानदार पारी खेली. मंधाना के आउट होने के बाद ऋचा घोष ने मोर्चा संभाल लिया.



### ऋचा घोष ने आखिरी ओवरों में मचाई तबाही

ऋचा घोष ने आते ही श्रीलंकाई गेंदबाजों पर हमला बोल दिया. उन्होंने सिर्फ 22 गेंदों में 49 रन की नाबाद पारी खेली. ऋचा की इस तूफानी पारी की बदौलत भारत ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन जोड़े और स्कोर को 216 रन तक पहुंचा दिया. श्रीलंका की ओर से सुंगधिका कुमारी, कविशा दिलहारी और चामुडी ने एक-एक विकेट लिया. 216 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत बेहद खराब रही. भारतीय गेंदबाजों ने शुरूआत से ही बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा. श्रीलंका की ओर से सबसे ज्यादा रन चमारी अट्टापट्टू ने बनाए. वह 29 रन की पारी खेलकर आउट हुईं. उनके अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सकी. पूरी श्रीलंकाई टीम 69 रन पर ऑलआउट हो गई. भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट चटकाए, जबकि शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी को 2-2 विकेट मिले.

## संताली फिल्म 'आंगेन' के लिए रवि राज मुर्मू को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**जमशेदपुर।** संताली सिनेमा और झारखंड के लिए मंगलवार का दिन महत्वपूर्ण रहा. संताली लघु फिल्म आंगेन के निर्देशक रवि राज मुर्मू को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में बेस्ट डेब्यू फिल्म ऑफ ए डायरेक्टर (नॉन-फीचर) का पुरस्कार प्रदान किया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान किया. रवि राज मुर्मू की फिल्म आंगेनने संताली भाषा और झारखंड की लोककथा आधारित सिनेमा को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई.

### पहली बार किसी संताली फिल्म को नॉन-फीचर फिल्म श्रेणी में सम्मान

72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में पहली बार किसी संताली फिल्म को नॉन-फीचर फिल्म श्रेणी में सम्मान मिला. आंगेन के लिए रवि राज मुर्मू को बेस्ट डेब्यू फिल्म ऑफ ए





डायरेक्टर का पुरस्कार दिया गया. आंगेन को संताली भाषा में बनी ऐसी फिल्म के रूप में देखा गया, जिसने स्थानीय संस्कृति, लोककथाओं और आदिवासी समाज की कहानी को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का काम किया. फिल्म की सफलता ने संताली भाषा में फिल्म निर्माण को लेकर नई चर्चा भी शुरू की है.

### झारखंड के जमशेदपुर से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचे रवि राज

रवि राज मुर्मू झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा क्षेत्र से जुड़े फिल्म निर्देशक हैं. उनकी फिल्म आंगेन को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए सम्मानित किए जाने की घोषणा जुलाई 2026 में हुई थी. इसके बाद से ही झारखंड और संताली समाज में इस उपलब्धि को लेकर चर्चा रही. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भारतीय सिनेमा के प्रमुख राष्ट्रीय सम्मानों में शामिल हैं. 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में वर्ष 2024 की फिल्मों और फिल्म निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों को सम्मानित किया गया. पुरस्कारों की घोषणा 18 जुलाई 2026 को की गई थी.

### आंगेन ने दिखाई संताली कहानी कहने की ताकत

आंगेन की उपलब्धि केवल एक फिल्म या एक निर्देशक के पुरस्कार तक सीमित नहीं रही. इसने संताली भाषा में बनने वाली फिल्मों और स्थानीय कहानियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की संभावनाओं को भी सामने रखा. फिल्म के माध्यम से लोककथा, गांव की मिट्टी, परंपरा और अपनी जड़ों से जुड़े रहने जैसे विषयों को सामने लाया गया है.राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद संताली सिनेमा से जुड़े कलाकारों, लेखकों और युवाओं के बीच भी नई उम्मीद जगी है. इससे संताली भाषा में फिल्म निर्माण को आगे बढ़ाने और स्थानीय कथाओं को बड़े मंच तक पहुंचाने के लिए प्रेरणा मिलने की संभावना है. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त करने के बाद रवि राज मुर्मू के झारखंड लौटने पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है.

## यूपी, उत्तराखंड और बंगाल की 12 सीटों पर राज्यसभा चुनाव का शेड्यूल जारी; 16 अक्टूबर को होगी वोटिंग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के तीन राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव और उपचुनाव के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की 1 सीट पर नियमित द्विवार्षिक चुनाव तथा पश्चिम बंगाल की 1 सीट पर उपचुनाव शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले होने जा रहे इन चुनावों को राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इनसे राज्य के सियासी समीकरणों में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

### तीन राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की घोषणा

भारत निर्वाचन आयोग के जारी शेड्यूल के अनुसार, चुनावी प्रक्रिया की





आधिकारिक शुरूआत 29 सितंबर को अधिसूचना जारी होने के साथ होगी। उम्मीदवार 6 अक्टूबर तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकनों की जांच के बाद 9 अक्टूबर तक नाम वापस लेने की समयसीमा तय की गई है। यदि आवश्यक हुआ, तो सभी सीटों पर 16 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना पूरी कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### यूपी से हरदीप पुरी समेत इन दिग्गज सांसदों का कार्यकाल हो रहा खत्म

उत्तर प्रदेश से उच्च सदन के 10 सदस्यों का कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त होने जा रहा है। सेवानिवृत्त होने वाले प्रमुख सांसदों में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर, पूर्व डीजीपी बृजलाल, बीएल वर्मा, गीता उर्फ चंद्रप्रभा और सीमा शामिल हैं। वहीं विपक्षी खेमे से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. रामगोपाल यादव और बहुजन समाज पार्टी के सांसद रामजी गौतम का कार्यकाल भी पूरा हो रहा है।

### यूपी का सियासी गणित और सीटों का समीकरण

403 सदस्यों वाली उत्तर प्रदेश विधानसभा में वर्तमान में 397 विधायक मौजूद हैं, जिसके आधार पर एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए किसी भी उम्मीदवार को लगभग 37 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता होगी। राज्य विधानसभा में करीब 300 विधायकों के मजबूत बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी के खाते में आसानी से 7 से 8 सीटें जाने की संभावना है।

### आज का विचार

झारखण्ड उजाला



श्री अनिल कुमार,
अधिवक्ता, पलामू जिला बार संघ, झारखण्ड

**अधिवक्ता समाज और न्याय व्यवस्था के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। न्यायालय में पीड़ितों को न्याय दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और कानून के प्रति लोगों में विश्वास कायम रखने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ईमानदारी, निष्पक्षता और विधि के प्रति प्रतिबद्धता ही अधिवक्ता की वास्तविक पहचान है।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,33,700**

चांदी (प्रति किलो) : **2,36,000**

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **74,529.08**

निफ्टी :- **23,329.00**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **25**

न्यूनतम तापमान : **22**

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:38**

संध्या :- **17:44**

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन सन 1803 को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने असाये की लड़ाई में मराठा सेना को पराजित किया था।**

### संक्षिप्त समाचार

#### रांची में ऑटो चालक की हत्या, शराब पीने के दौरान विवाद में हुई थी मारपीट, दो गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात खाने-पीने के दौरान हुए विवाद के बाद मारपीट में गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक शोभन राय की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक चुटिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था. घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात धुर्वा इलाके में दो पक्षों के बीच शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई. जिसमें शोभन राय गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना मिलने पर धुर्वा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने घायल शोभन राय को इलाज के लिए अस्पताल भेजा. अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने जांच में उसके सिर में गंभीर चोट होने की बात बताई. मंगलवार को इलाज के दौरान शोभन राय की मौत हो गई.

#### पैसे देने से किया इनकार, तो बेटे ने पिता पर खुकुरी से किया वार

**रांची।** रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के पावर हाउस इलाके में पैसे मांगने को लेकर पिता और बेटे के बीच विवाद हो गया. पिता के द्वारा पैसे नहीं देने पर बेटे ने अपने 55 वर्षीय पिता नगेंद्र सिंह के साथ मारपीट की और नेपाली छुरे से उनके सिर पर हमला कर दिया. घटना में नगेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना सोमवार की बताई जा रही है सुबह लगभग 7 से 7:30 बजे के बीच की बतायी जा रही है. नगेंद्र सिंह अपनी पत्नी बीणा देवी के साथ घर पर मौजूद थे. इसी दौरान उनका 26 वर्षीय बेटा सोनू सिंह वहां पहुंचा और माता-पिता से पैसे की मांग करने लगा. पैसे देने से मना करने पर विवाद बढ़ गया. पिता का दिया गया बयान के अनुसार विवाद के दौरान सोनू ने अपने माता-पिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट की.









# दसलक्षण महापर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की विधिवत पूजा

## मुनिसंघ के सान्निध्य में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रामगढ़।।** दसलक्षण महापर्व के सातवें दिन मंगलवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर, रामगढ़ में उत्तम तप धर्म की पूजा बड़े ही भक्तिभाव एवं धार्मिक उल्लास के साथ विधिवत संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।पंडित संदीप जी शास्त्री के तत्वाधान में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन की समस्त धार्मिक क्रियाएं विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराई गईं। मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी महाराज के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई।श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में पाण्डुशिला पर विराजमान मुनिसुव्रतनाथ भगवान की अष्टधातु प्रतिमा पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यलाभ श्री राजेंद्र जी, राजेश जी एवं प्रतीक जी चूड़ीवाल परिवार ने प्राप्त किया। शांतिधारा का पुण्यार्जन श्रीमती इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार, समस्त चूड़ीवाल परिवार तथा श्री कमल जी, निखिल, अखिल, सी., चैत्न्य जी काला परिवार, रायपुर निवासी, ने किया।इसी क्रम में चंद्रप्रभ भगवान की प्राचीन प्रतिमा पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यलाभ श्री महिपाल जी, अशोक जी, सुनील जी एवं संजय जी सेठी परिवार ने प्राप्त किया।वहीं महावीर भगवान की प्राचीन प्रतिमा पर स्वर्ण द्वारा अभिषेक का पुण्यलाभ श्री जीवन मल जी, जंबू कुमार जी, अभिजीत, अमित जी पाटनी परिवार ने प्राप्त किया।तीनों बेदियों पर विराजमान बड़ी प्रतिमाओं पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यलाभ श्री नागर मल जी, नरेंद्र जी, वीरेंद्र जी, अरिहंत, अभिनंदन जी, अतिशय एवं अक्षत गंगवाल परिवार ने समस्त गंगवाल परिवार की ओर से प्राप्त किया। साथ ही श्री रमेश जी, विकास जी, अमित जी, केतन, मानविक, युगम एवं अनिका सेठी परिवार तथा श्रीमती इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार ने भी धार्मिक अनुष्ठानों में पुण्यार्जन किया।महावीर भगवान की बड़ी प्रतिमा पर शांतिधारा का पुण्यलाभ श्री नागर मल जी, नरेंद्र जी, वीरेंद्र जी, अरिहंत, अभिनंदन जी, अतिशय एवं अक्षत गंगवाल परिवार ने समस्त गंगवाल परिवार की ओर से प्राप्त किया।वहीं 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय, रांची रोड में भी अभिषेक एवं शांतिधारा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुए। यहां प्रथम अभिषेक का पुण्यलाभ श्री अशोक जी जैन, सुपुत्र स्वर्गीय प्रेमचंद जी जैन, रांची रोड ने प्राप्त किया। शांतिधारा का पुण्यलाभ श्री विनोद जी एवं अतुल जी गंगवाल, धूलियान ने प्राप्त किया। संध्या आरती का पुण्यलाभ श्री विमल जी एवं संदीप सेठी परिवार, रांची रोड ने प्राप्त किया।इस अवसर पर मुनिश्री 108 शुभानंद जी महाराज ने उत्तम तप धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तप केवल उपवास अथवा शारीरिक कष्ट सहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी इच्छाओं, आसक्तियों और विकारों पर संयम प्राप्त करना भी तप का महत्वपूर्ण स्वरूप है। उन्होंने श्रद्धालुओं को उत्तम तप को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने तथा आत्मशुद्धि एवं संयम के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।दसलक्षण महापर्व के सभी धार्मिक कार्यक्रम मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी महाराज, मुनिश्री 108 शुभानंद जी महाराज एवं क्षुल्लकश्री 105 दिव्यानंद जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में संपन्न हो रहे हैं। मुनिसंघ के मंगल सान्निध्य में दसलक्षण महापर्व पूरे रामगढ़ जैन समाज द्वारा अत्यंत भव्य, धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

# दुर्घटना के बाद बैसाखी के सहारे जिंदगी, सरोज के परिवार की बढ़ी चिंता

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**आठ वर्षों से कनवर कंपनी में कार्यरत श्रमिक के परिवार से मिले जय प्रकाश सिंह ननकी, उचित व्यवस्था की मांग**



**पतरातू:** पतरातू प्रखंड के ग्राम पंचायत पंचमंदिर निवासी सरोज कुमार प्रसाद के घर पहुंचकर रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ननकी ने उनकी स्थिति की जानकारी ली। सरोज कुमार प्रसाद पीवीयूएनएल में कनवर कंपनी के अधीन करीब आठ वर्षों से कार्यरत थे। 10 जनवरी 2026 को बैचिंग प्लांट में कार्य के दौरान दुर्घटना में उनके पैर में गंभीर चोट लग गई। इसके बाद से वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं और बैसाखी के सहारे अपना दैनिक कार्य कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार दुर्घटना के बाद कनवर कंपनी की ओर से सरोज को बिना परिवार को सूचना दिए रामगढ़ के एक नर्सिंग होम ले जाया गया। बाद में परिजनों के आग्रह पर बेहतर इलाज के लिए उन्हें राम प्यारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें घर लाया गया। वर्तमान में सरोज की स्थिति ऐसी है कि उन्हें शौचालय जाने समेत अन्य जरूरी कार्यों के लिए भी बैसाखी का सहारा लेना पड़ता है। सरोज के परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं, जो शादी योग्य हैं। ऐसे में परिवार के सामने भविष्य की आर्थिक चिंता भी बनी हुई है। फिलहाल कनवर कंपनी की ओर से सरोज को जीविका चलाने के लिए मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। परिवार का कहना है कि यदि भविष्य में यह भुगतान बंद हो गया तो परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है। जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि करीब आठ वर्षों तक कंपनी में काम करने वाले श्रमिक के साथ दुर्घटना होने के बाद भी कंपनी अथवा पीवीयूएनएल प्रबंधन की ओर से अब तक परिवार को कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया गया है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन और पीवीयूएनएल से सरोज कुमार प्रसाद की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए परिवार की आजीविका सुरक्षित करने, उचित सहायता उपलब्ध कराने और भविष्य के लिए ठोस व्यवस्था करने की मांग की।

# रेलवे स्टेशन के सामने गिरने से अज्ञात वृद्ध की मौत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रामगढ़/गोला।** बरकाकाना मूरी रेलखंड के हरुबेड़ा रेलवे स्टेशन के सामने अचानक गिरने से घायल हुए एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की इलाज के दौरान रामगढ़ में मौत हो गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। घटना के बाद पुलिस उसकी पहचान कराने में जुटी है।बताया जाता है कि वृद्ध व्यक्ति हरुबेड़ा रेलवे स्टेशन के सामने बैठा हुआ था और ट्रेन पकड़कर कहीं जाने की तैयारी में था। इसी दौरान अचानक उसे चक्कर आ गया और वह नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल वृद्ध को गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, रामगढ़ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक के पास से ऐसी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे उसकी पहचान हो सके। इस कारण वह कहां का रहने वाला था और किस स्थान पर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने वाला था, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आ पाई है।घटना की सूचना मिलने के बाद बरलंगा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए उसकी तस्वीर विभिन्न व्हाट्सऐप समूहों में साझा की है, ताकि उसके परिजनों अथवा परिचितों तक सूचना पहुंच सके। पुलिस मृतक की पहचान और उसके संबंध में अन्य जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

# रेलवे स्टीम कॉलोनी में गूंजेगा मां दुर्गा का जयकारा, पूजा की तैयारियां शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**बैठक में भव्य आयोजन का निर्णय, पंडाल, प्रतिमा व आकर्षक सजावट को लेकर बनी रूपरेखा**



**पतरातू :** रेलवे स्टीम कॉलोनी दुगार्पूजा समिति की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को स्थानीय दुर्गा मंडप में समिति के पुजारी कंचन घटक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आगामी दुगार्पूजा महोत्सव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने पंडाल निर्माण, विद्युत सजावट, ध्वनि व्यवस्था, फूलों की सजावट, मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण तथा नई कमेटी के गठन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस वर्ष भी दुगार्पूजा महोत्सव को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया। समिति की अगली बैठक 4 अक्टूबर 2026 को दुर्गा मंडप में आयोजित होगी, जिसमें पंडाल और प्रतिमा के स्वरूप को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में रवि सिंह, धनंजय सिंह, प्रदीप जायसवाल, संदीप सिंह, बिट्टू सिंह, बबलू चौधरी, किशोर राम, सुनील पाठक, संतोष नेता, शिवकुमार गिरी, टूलू रंजन, सोनू कुमार, अजय कुमार राम, गोविंद तिवारी, चंदन कुमार, अशोक कुमार सिंह, राहुल राजक, सरोज प्रसाद, सुमित कुमार सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# खबरें प्रकाशित होने के बाद भी न्यू मार्केट में निर्माण जारी, विभाग की चुप्पी पर सवाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई के बीच बड़े निर्माण को लेकर अब तक कदम नहीं उठने से लोगों में नाराजगी, जांच और कार्रवाई की मांग**




**पतरातू :** पतरातू न्यू मार्केट में कथित रूप से बिना अनुमति पक्के निर्माण और छत ढलाई को लेकर लगातार सवाल उठने के बावजूद शेष परिसंपत्ति विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। पूर्व में भी इस मामले को लेकर खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगने से लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है कि आखिर विभाग कार्रवाई से क्यों पीछे हट रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि न्यू मार्केट में पिलर खड़ा करने से लेकर पक्के निर्माण और छत ढलाई तक का कार्य खुले तौर पर होने की बात सामने आ रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से न तो निर्माण की वैधता को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है और न ही किसी कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की गई है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त है तो विभाग को इसे स्पष्ट करना चाहिए और यदि अनुमति नहीं है तो नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।खबरों के बाद भी कार्रवाई का इंतजारलोगों के अनुसार मामले को लेकर खबरें सामने आने के बाद उम्मीद थी कि विभाग स्थल का निरीक्षण कर निर्माण की जांच करेगा और स्थिति स्पष्ट करेगा। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने वरीय अधिकारियों से पूरे न्यू मार्केट में चल रहे निर्माण कार्यों की जांच कराने तथा नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अब सवाल सिर्फ निर्माण का नहीं, बल्कि शिकायत और खबरें सामने आने के बाद भी विभाग की खामोशी का है- आखिर कार्रवाई कब होगी?

**छोटे दुकानदारों पर सख्ती, बड़े निर्माण पर खामोशी क्यों?**

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि अस्थायी झोपड़ी, टेंट या छोटी दुकान लगाने वाले गरीब दुकानदारों के खिलाफ विभाग तेजी से कार्रवाई करता है, तो फिर पक्के निर्माण के मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया इतनी धीमी क्यों है। लोगों का कहना है कि नियम सभी के लिए समान होने चाहिए।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर सड़क की मरम्मत की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**लोहरदगा:** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र की डांडू पंचायत के एकगुड़ी गांव में लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को अनोखी पहल की। बार-बार शिकायत के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने आपात बैठक कर श्रमदान एवं आर्थिक सहयोग से सड़क की मरम्मत शुरू करा दी। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से राशि जुटाकर जेसीबी मशीन लगाई और सड़क को आवागमन योग्य बनाने का काम शुरू किया।

ग्रामीणों का कहना है कि एकगुड़ी से बक्सीडीपा को जोड़ने वाली करीब 800 मीटर लंबी ग्रामीण सड़क वर्षों से जर्जर है। बरसात के दिनों में सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और जलजमाव के कारण स्थिति और खराब हो जाती है। सड़क की बदहाली से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। चार दिन पूर्व इसी सड़क पर गड्ढे के कारण एक टोटो वाहन का संतुलन बिगड़ गया था, जिसकी चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई और उसका हाथ टूट गया। ग्रामीणों के अनुसार ऐसी घटनाएं लगातार होती रहती हैं। पंचायत मुखिया दिलीप कुमार उरांव ने बताया कि जर्जर एवं अर्धनिर्मित सड़कों की समस्या को जिला स्तरीय दिशा की बैठक में उपायुक्त के समक्ष रखा गया था। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि बरसात में सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर लंबे समय से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई जा रही है। इसके बावजूद पहल नहीं होने से उन्हें स्वयं मरम्मत कार्य के लिए आगे आना पड़ा। ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य जर्जर सड़कों की स्थिति को लेकर भी नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक के लगातार चुनाव जीतने के बावजूद सड़क, नाली और गली जैसी बुनियादी समस्याओं के बने रहने पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए पहल करनी चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि तत्काल राहत के लिए श्रमदान और आर्थिक सहयोग से मरम्मत कार्य शुरू किया गया है, लेकिन सड़क की स्थायी समस्या का समाधान पक्के निर्माण से ही संभव है। उन्होंने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण की दिशा में शीघ्र पहल करने की मांग की। मरम्मत कार्य के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद, पंचायत मुखिया दिलीप कुमार उरांव, उपमुखिया सधनु लोहरा, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी सहित बुद्धिजीवी वर्ग एवं पंचायत के विभिन्न गांवों के ग्रामीण मौजूद थे।

## ›››: संक्षिप्त खबर :‹‹‹

### हेसला शिव मंदिर में दुर्गापूजा को लेकर समिति गठित

**पतरातू :**हेसला स्थित शिव मंदिर परिसर में दुर्गापूजा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गापूजा महोत्सव धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। पूजा के सफल आयोजन को लेकर नई समिति का गठन किया गया। बैठक में पिछले वर्ष के पूजा आयोजन का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का कार्य शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया गया। समिति में मुख्य संरक्षक अतुल राय, संरक्षक अरविंद सिंह, अध्यक्ष बैजनाथ राय, उपाध्यक्ष प्रमोद यादव व विपुल कुमार, सचिव अजय कुशवाहा, सहसचिव कुंदन कुमार व सिकंदर साव, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष महेंद्र प्रताप जिज्ञासु, व्यवस्थापक सतीश प्रसाद तथा पूजा प्रभारी सूरज प्रसाद, सूरज कुमार व पंकज हिंदू को जिम्मेदारी दी गई। वहीं समिति में संजय प्रसाद, अमर कुमार, आनंद कुमार एवं देवेंद्र सिंह को भी शामिल किया गया। बैठक में सदस्यों ने दुगार्पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आपसी सहयोग से कार्य करने का निर्णय लिया।

### चितरपुर कॉलेज एवं टर्टल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम शुरू


रामगढ़/रजरप्पा। चितरपुर कॉलेज, चितरपुर एवं टर्टल फाउंडेशन फॉर रिसर्च एंड एजुकेशन ट्रस्ट, रामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 21 से 27 सितंबर 2026 तक एक सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का विषय उच्च शिक्षा में प्रभावी शिक्षण, अधिगम एवं व्यावसायिक विकास है। यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में प्रभावी एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देना, विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण को प्रोत्साहित करना, शिक्षकों की शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षमता को विकसित करना तथा निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना है।इस संकाय विकास कार्यक्रम में चार राज्यों से प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े हुए हैं। विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों एवं शैक्षणिक संस्थानों से प्रतिभागियों की भागीदारी कार्यक्रम को एक व्यापक अकादमिक मंच प्रदान कर रही है, जहाँ शिक्षण, अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा से जुड़े विषयों पर ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान किया जा रहा है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) पीयूष रंजन, झारखंड राय विश्वविद्यालय, रांची रहे। उन्होंने उच्च शिक्षा में बदलती शिक्षण आवश्यकताओं, नवीन शिक्षण पद्धतियों तथा शिक्षकों की बदलती भूमिका पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम को सफल बनाने एवं इसे व्यापक रूप से आगे बढ़ाने में मुख्य संरक्षक श्री शफीक अनवर, सचिव, चितरपुर कॉलेज; संरक्षक डॉ. सुनील कुमार अग्रवाल, डीन, वाणिज्य संकाय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग एवं अध्यक्ष, टीएफआरई, रामगढ़; सह-संरक्षक डॉ. संज्ञा, प्राचार्य, चितरपुर कॉलेज; तथा अध्यक्ष डॉ. अशेष आनंद, सचिव, टीएफआरई ट्रस्ट, रामगढ़ एवं सहायक प्राध्यापक, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का महत्वपूर्ण योगदान है।कार्यक्रम के आयोजन सचिव ज्योति कुमारी, सहायक प्राध्यापक, चितरपुर कॉलेज, तथा कार्यक्रम समन्वयक अंजली सिंह, न्यासी, टीएफआरई ट्रस्ट, रामगढ़ हैं। दोनों संस्थाओं के समन्वित प्रयास से कार्यक्रम का सुचारु संचालन किया जा रहा है।कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े विशेषज्ञ संसाधन व्यक्ति के रूप में सहभागिता कर रहे हैं। इनमें डॉ. मृणालिनी पांडेय, आईआईटी (आईएसएम), धनबाद; डॉ. रजनीश, शिक्षा विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग; डॉ. मिता रानी सिंह, प्रबंधन विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग; डॉ. निशिकांत, बीआईटी मेसरा, रांची; डॉ. आनंद, बीआईटी मेसरा, रांची; तथा डॉ. आशीष मोहन, आदित्य विश्वविद्यालय, झारखंड शामिल हैं।कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में उच्च शिक्षा में प्रभावी शिक्षण रणनीतियाँ, विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण एवं नवाचारी शिक्षण पद्धति, प्रभावी मूल्यांकन एवं आकलन तकनीक, व्यावसायिक विकास एवं शैक्षणिक नेतृत्व, उच्च शिक्षा का भविष्य एवं व्यावसायिक विकास तथा अनुसंधान कौशल एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान एवं विचार-विमर्श किया जा रहा है।इस संयुक्त पहल के माध्यम से चितरपुर कॉलेज एवं टर्टल फाउंडेशन का उद्देश्य उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को नवीन ज्ञान, शिक्षण कौशल, अनुसंधान क्षमता एवं व्यावसायिक दक्षताओं से समृद्ध करना तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना है।

### टायनी टास्क में करमा पर्व पर नृत्य और फैंसी ड्रेस का हुआ आयोजन



**लोहरदगाः** टायनी टास्क विद्यालय में करमा पर्व के अवसर पर नृत्य एवं फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से कक्षा पांच तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक नृत्य के साथ झूमर की प्रस्तुति दी। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। फैंसी ड्रेस के माध्यम से भी विद्यार्थियों ने विभिन्न रूपों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर एडमिनिस्ट्रेटर रघुवीर शर्मा ने विद्यार्थियों को करमा पर्व की परंपरा एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करमा पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस पर्व में बहनें अपने भाइयों के सुख, समृद्धि एवं दीघार्यु की कामना करती हैं। उन्होंने बताया कि धान की रोपाई के बाद प्रकृति की पूजा कर अच्छी फसल की कामना करने की परंपरा भी इस पर्व से जुड़ी हुई है।उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति और जीवन प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। करमा एक प्राकृतिक एवं पारंपरिक पर्व है, जिसे झारखंड के अलावा ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के विभिन्न क्षेत्रों में भी उत्साह के साथ मनाया जाता है। आदिवासी एवं मूलवासी समाज में इस पर्व का विशेष सांस्कृतिक महत्व है।रघुवीर शर्मा ने बच्चों को बताया कि करमा पर्व के दौरान ढोल-मांदर की थाप पर लोग गीत और नृत्य करते हैं। करमा नृत्य इस पर्व की प्रमुख सांस्कृतिक पहचान है। पारंपरिक रूप से कर्म वृक्ष की शाखा को आंगन में स्थापित कर पूजा- अर्चना की जाती है तथा कर्मा-धर्मा की कथा सुनी जाती है। इसके बाद धार्मिक रीति-रिवाज के साथ कर्म डाली को नदी, तालाब या पोखर में विसर्जित किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### चलती बाइक में साड़ी फंसने से सड़क पर गिरी महिला, गंभीर घायल



**लोहरदगाः** लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के लोहरदगा-चंदवा मुख्य मार्ग पर कुजरा स्थित उमेश होटल के समीप में मंगलवार शाम में चलती पल्सर बाइक में साड़ी फंसने से एक महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायल महिला की पहचान भरनो थाना क्षेत्र के लोंगा निवासी मनतोरणी देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि वह अपने पुत्र दीपक लोहरा के साथ चंदवा की ओर जा रही थी। इसी दौरान बाइक के पीछे के चक्के में साड़ी फंस गई, जिससे महिला सड़क पर गिर गई। हादसे में महिला के सिर, चेहरे और पैर में चोट लगी। बताया गया कि पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने समय रहते वाहन को दूसरी ओर मोड़ लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद चौकीदार समसुल अंसारी, समाजसेवी प्रकाश साहू, उमेश होटल की मालती देवी, पार्वती देवी और अमित साहू समेत अन्य लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

**भाजपा का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर डॉ. प्रदीप वर्मा का वुशू संघ एवं जिला पदाधिकारियों ने किया सम्मान**

# कर्तव्य और अधिकार में समन्वय आवश्यक : डॉ. प्रदीप वर्मा

**झारखंड वुशू एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा सम्पन्न**

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**रांची।** सरला बिरला स्कूल स्थित जी.डी. बिरला सभागार में आज झारखंड वुशू एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप वर्मा ने की। बैठक में आगामी सत्र के लिए राज्य स्तरीय विभिन्न वुशू प्रतियोगिताओं के आयोजन की तिथियों एवं स्थानों का निर्धारण किया गया। निर्णय के अनुसार झारखंड राज्य जूनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 अक्टूबर 2026 को सिल्ली, झारखंड राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर 2026 को देवघर तथा झारखंड राज्य सब-जूनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 नवंबर 2026 को धनबाद में किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी एवं टीमें आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनमें 23वीं जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता, चेन्नई (28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026), 36वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता, ईटानगर (9 से 14 नवंबर 2026) तथा 25वीं सब-जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता, भुवनेश्वर (18 से 23 दिसंबर 2026) शामिल हैं। इसके अलावा खिलाड़ी फेडरेशन कप वुशू प्रतियोगिता, हैदराबाद में भी भाग लेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के उद्देश्य से खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिताओं से पूर्व विशेष प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। आम सभा में पिछले सत्र की बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, ऑडिट रिपोर्ट, आगामी सत्र के बजट तथा संगठन की आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राज्य के 16 जिलों में से अब तक 7 जिलों में आयोजित हो चुकी अस्मिता वुमन लीग की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य के अन्य जिलों में भी अस्मिता वुमन लीग का विस्तार कर अधिक से अधिक महिला खिलाड़ियों को प्रतियोगिता का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

**बायलॉज को मिली स्वीकृति**

बैठक में नेशनल गवर्नेंस एक्ट के अनुरूप तथा वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुरूप तैयार किए गए झारखंड वुशू एसोसिएशन के बायलॉज को अनुमोदित किया गया। साथ ही जिला स्तर पर इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया गया।

**डॉ. प्रदीप वर्मा का सम्मान**

वार्षिक आम सभा के दौरान झारखंड वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप वर्मा जी को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर झारखंड वुशू एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं विभिन्न जिलों से आए जिला पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं सम्मान के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने डॉ. प्रदीप वर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से झारखंड में वुशू खेल के विकास को भी नई ऊर्जा मिलेगी। अपने संबोधन में डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता के लिए कर्तव्य और अधिकार में समन्वय आवश्यक है। सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए खिलाड़ियों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने झारखंड में वुशू को और अधिक मजबूत बनाने तथा राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं झारखंड वुशू एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**आज की बैठक मे प्रमुखता से निम्न पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें :**

डॉ. अंशु साहू, मनोज कुमार महतो, उदय साहू, मनोज कुमार साहू, शैलेन्द्र दुबे, गोकुलनंद मिश्रा, अभिषेक कुमार, दीपक दुबे, एम कादिर, अमरदीप कुमार, संजय जैन, प्रतिमा कुमारी, मृत्युंजय कुमार राय, शशि कुमार, संजय राजभर, प्रदीप महतो, अमूल्य मिश्रा, दिनेश यादव, राजी अहमद, विवेकानंद, चंचल भट्टाचार्य, मिथिलेश साहू, विमला टोप्पो, राजकुमार जैन, रत्नेश कुमार,दीपक गोप,संजय साहू ,एल प्रदीप सिंह,सुमित घोषाल एवं शिवेन्द्र दुबे आदि मौजूद थे.

## खबर एक नजर

### श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में महाआरती व भोग-प्रसाद वितरण सह भव्य जागरण आज



**रांची।** राजधानी के सुखदेव नगर थानांतर्गत जयप्रकाश नगर (खादगढ़) स्थित श्रीगणेश-लक्ष्मी मंदिर में बुधवार को महाआरती व भोग-प्रसाद वितरण सह भव्य जागरण का आयोजन किया गया है। इस संबंध में समिति की अध्यक्ष सह संस्थापक रानी कुमारी ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन गणेशोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन मंगलाचरण के साथ कलश स्थापना एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ पूजा में भाग लिया। गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया गया। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर, (बुधवार) को शाम 6 बजे से महाआरती, के बाद महाभोग प्रसाद वितरण सह भव्य जागरण का कार्यक्रम है। संध्या सात बजे से भजन-कीर्तन एवं जागरण का आयोजन किया गया है। 24 सितंबर, गुरुवार को हवन-पूजन अनुष्ठान एवं कलश विसर्जन के साथ गणेशोत्सव का समापन होगा। समिति की ओर से सभी भक्तों से महाआरती व भोग-प्रसाद वितरण सह भव्य जागरण में शामिल होकर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है। गणेशोत्सव के सफल आयोजन में शिवनंदन पाठक, धर्मेन्द्र सिंह, प्रियंका कुमारी,पप्पू यादव, सुनील यादव (पार्षद), बंटी बाबू, अनुप उपाध्याय, विजय कुमार, विपुल तिवारी, ई.अरुण कुमार सिंह, गौरव स्वामी, मनोज कुमार, विवेक रजक, आयुष राज, प्रेरणा कुमारी, सहित अन्य भक्तों एवं समिति के सदस्यों का पूर्ण रूप से योगदान रहा।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की राहुल गांधी से गुहार- बिहार को भाजपा के अत्याचार से बचाइए



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने एक वीडियो क्लिप रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट किया है. इसमें मंत्री डॉ. इरफान अंसारी पड़ोसी राज्य बिहार के जमुई में 10वीं की छात्रा के साथ घटी घटना को बेहद शर्मनाक बताया है. साथ ही भाजपा और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को कटघरे में खड़ा किया है. स्वास्थ्य मंत्री वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि बिहार में हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं. सीएम सम्राट चौधरी के राज में बिहार की स्थिति जंगलराज से भी बदतर हो गयी है. उन्होंने अपने वीडियो में बिहार के मुख्यमंत्री के साथ साथ भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जमुई की घटना तो अंग्रेजों की गुलामी के दिन याद दिला देता है. इसके बाद मंत्री लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से आग्रह करते हैं कि राहुल गांधी आप आइए और बिहार को भाजपा से बचा लीजिए. बिहार में जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उससे हम झारखंड के लोग भी शर्मिंदा हैं, हमारी बहनें और बेटियां सुरक्षित रहें, उनकी इज्जत और सम्मान की रक्षा हो–यह हम सबकी जिम्मेदारी है. बिहार में भाजपा को डर नहीं, हमें न्याय चाहिए, बिहार को नफरत नहीं, सम्मान चाहिए, मां बेटियों की रक्षा के साथ हिफाजत कीजिये.

### खादगढ़ा बस टर्मिनल में निगम वसूलेगा टोल शुल्क




**रांची।** खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में अब 25 सितंबर से टोल शुल्क की वसूली नगर निगम अपने स्तर से करेगा. बस टर्मिनल की बंदोबस्ती की प्रक्रिया फिलहाल चल रही है. बंदोबस्ती पूरी होने और अंतिम निर्धारण होने तक निगम ही टोल शुल्क वसूलेगा. नगर निगम के अनुसार, पूर्व संवेदक से बस टर्मिनल से संबंधित जरूरी दस्तावेज, अभिलेख और अन्य विवरण प्राप्त किए जा रहे हैं. हैंडओवर की प्रक्रिया 24 सितंबर तक पूरी कर ली जाएगी. 25 सितंबर से निगम के अधिकृत कर्मी टोल शुल्क की वसूली करेंगे. नगर निगम ने बस संचालकों, वाहन मालिकों और बस परिचालन से जुड़े कर्मियों से अपील की है कि 25 सितंबर से टोल शुल्क का भुगतान केवल नगर निगम के अधिकृत कर्मियों को ही करें. किसी अनधिकृत व्यक्ति को टोल शुल्क नहीं दें. निगम की ओर से कहा गया है कि टोल शुल्क वसूली की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी. बस टर्मिनल की बंदोबस्ती की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की व्यवस्था की जाएगी. तब तक टोल शुल्क की वसूली और संबंधित व्यवस्था की जिम्मेदारी रांची नगर निगम के स्तर से ही रहेगी.

## कांके के खिजूरटोली उर्दू विद्यालय में सीसीएल का जागरूकता अभियान, पौधारोपण के साथ बच्चों को दिलाई गई शपथ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** राजकीयकृत उर्दू प्राथमिक विद्यालय, खिजूरटोली, कांके में 21 सितंबर को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), रांची के सौजन्य से सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों को ईमानदारी, सतर्कता और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. बच्चों को इन मूल्यों के पालन की शपथ भी दिलायी गयी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह विद्यालय के प्रधानाध्यापक नसीम अहमद ने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन के लिए बेहद जरूरी है. स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती. उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी के साथ निरंतर मेहनत करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया.

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत चित्रांकन और देशभक्ति कविता प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी. चित्रांकन प्रतियोगिता में कक्षा दो व तीन के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इसमें उरूज अकदस प्रथम, अनिता कुमारी द्वितीय, सनोज नायक तृतीय और हुसना आरा चतुर्थ स्थान पर रहीं. वहीं देशभक्ति कविता प्रतियोगिता में कक्षा एक, दो और पांच के विद्यार्थियों ने भाग लिया. इसमें अणु बारला प्रथम, जुसी कुमारी द्वितीय, आरजू परवीन तृतीय और सलमान अंसारी चतुर्थ स्थान पर रहे.

**विद्यार्थियों को बांटी गई स्टेशनरी किट**

सीसीएल की सतर्कता जागरूकता अभियान टीम की ओर से सभी विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट भी प्रदान की गयी. कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक नसीम अहमद, शिक्षक सुभाष उरांव, शमशाद बेगम तथा सीसीएल की ओर से खुशबू लता, ओमप्रकाश कुमार, अविनाश कुमार मालाकार, अफताब आलम सहित कई लोग उपस्थित थे.

## झारखंड में बढ़ेगी एसआईआर की समय सीमा! कांग्रेस शिष्टमंडल ने सौंपा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड में चल रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण की समय सीमा बढ़ाई जा सकती है. वर्तमान में दावा, आपत्ति के लिए 12 अक्टूबर तक का समय निर्धारित है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राजनीतिक दलों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा की जा रही मांग के बाद समय सीमा बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से अनुशंसा करने का निर्णय लिया है. उन्होंने कहा कि दावा-आपत्ति के आवेदन और उसकी सुनवाई को लेकर यह निर्णय लिया जा सकता है. जाहिर तौर पर 19 अक्टूबर को होने वाले फाइनल रोल प्रकाशन की तारीख में भी बदलाव होगा. वहीं, दावा एवं आपत्ति ( ) प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की गई है.

राज्य में जारी एसआईआर के दौरान दावा-आपत्ति से जुड़े आवेदनों की संख्या को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस का एक शिष्टमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर समय सीमा बढ़ाने की मांग की. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर पार्टी महासचिव सूर्यकांत शुक्ला एवं लाल किशोर नाथ शाहदेव ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर रक्फ से जुड़ी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और आम लोगों की समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया. कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिन लोगों को नोटिस मिले हैं, उनकी सुनवाई आसानी से और जल्दी हो सके, इसके लिए अतिरिक्त केंद्र बनाए जाएं और ज्यादा अधिकारियों को तैनात किया जाए. पार्टी नेताओं ने कहा कि हर हफ्ते फॉर्म 6, 7 और 8 की विधानसभा-वार जानकारी (फॉर्मेट 9, 10, 11ए और 11बी के अनुसार) जिला स्तर पर बीएलए-1 और बीएलए-2 को और राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त दलों को दी जाए.

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चतरा विधानसभा में फॉर्म-7 की अचानक बढ़ोतरी की जांच होनी चाहिए. चतरा सीट पर एक ही दिन में 1,113 फॉर्म-7 जमा होने की बात सामने आई है, जो कि संदेहास्पद है. इस मामले की जांच कर फॉर्मेट-10 में पूरा ब्योरा साझा किया जाए.

## 17-18 साल से जर्जर सड़क, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**तमाड़।** रायडीह गांव से होते हुए सीधे एनएच-33 से जुड़ने वाली सड़क आज जर्जर स्थिति में है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चे गांव और आसपास के क्षेत्रों से आवागमन करते हैं। इसके बावजूद सड़क की हालत लंबे समय से दयनीय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब 17-18 वर्षों से इस सड़क की स्थिति ऐसी ही बनी हुई है। बारिश के दिनों में परेशानी और बढ़ जाती है। सड़क पर बने गड्ढों और खराब रास्ते के कारण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर कब बनेगी यह सड़क पक्की? जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण सड़क की ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सांसद और विधायक का ध्यान कब जाएगा? ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि इस सड़क की स्थिति का जायजा लेकर जल्द से जल्द निर्माण/मरम्मत की पहल करें, ताकि ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## ग्रामीण खिलाड़ियों को स्कूली हॉकी से मिल रहा बड़ा मंच, दूसरे दिन भी मैदान पर दिखा उत्साह

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को भी रांची के मैदानों पर खिलाड़ियों का उत्साह देखने को मिला. अलग-अलग जिलों से पहुंची स्कूली टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ मुकाबलों में भाग लिया. खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच बनी है.

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की टीमें तीन अलग-अलग आयु वर्गों में हिस्सा ले रही हैं. प्रतियोगिता के मुकाबले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू में खेले जा रहे हैं. दूसरे दिन मैदान में पहुंचे कई ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बताया कि सीधे खेल विभाग से जुड़कर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं तक पहुंच बना पाना उनके लिए आसान नहीं होता. ऐसे में स्कूली स्तर पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं उन्हें आगे बढ़ने का मौका दे रही हैं.

खिलाड़ियों का कहना है कि इस तरह के मंच से, वे अपनी प्रतिभा को पहचान देने के साथ आगे राज्य, राष्ट्रीय और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचने का सपना देख सकते हैं. प्रतियोगिता में मौजूद कोच, रेफरी और आयोजन से जुड़े प्रबंधकों ने भी स्कूली शिक्षा और खेल से जुड़े तंत्र के बीच समन्वय को महत्वपूर्ण बताया. उनका कहना है कि ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं, लेकिन उन्हें उचित मंच नहीं मिल पाता. स्कूल स्तर से ही प्रतियोगिताओं के जरिए ऐसे खिलाड़ियों की पहचान होने पर उन्हें आगे बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के अवसर दिए जा सकते हैं.

कोचों के अनुसार, इस तरह के आयोजन केवल मुकाबले तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ियों में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा का अनुभव भी विकसित करते हैं. ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय मंच मिलने से भविष्य में बेहतर प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद मिल सकती है. तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालिका और अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले हो रहे हैं. प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं और 21 सितंबर तक मुकाबले जारी रहेंगे. इस प्रतियोगिता के विजेता टीम राष्ट्रीय स्तर के नेहरू कप प्रतियोगिता में दिल्ली में हिस्सा लेंगे.

## करमा पर्व पर बारिश का साया! झारखंड में आज गरज-चमक के साथ बरसेंगे बादल, 24 सितंबर को भारी बारिश का अलर्ट

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड में आज 22 सितंबर को करमा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है, लेकिन मौसम इस जश्न के बीच थोड़ी परेशानी बढ़ा सकता है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य के कई हिस्सों में आज बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है. कुछ इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं. मौसम विभाग ने 22 सितंबर को झारखंड में भारी बारिश के साथ आंधी-तूफान, बिजली चमकने और तेज हवा की चेतावनी दी है.

मौसम विभाग के मुताबिक 22 सितंबर को राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में मौसम ज्यादा सक्रिय रह सकता है. खासकर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है. इसके साथ ही राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है. करमा पर्व के दौरान खुले मैदान या पेड़ के नीचे कार्यक्रम कर रहे लोगों को आकाशीय बिजली और तेज हवा को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत होगी. 23 सितंबर को भी झारखंड में मौसम सक्रिय रहेगा. राज्य के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है. इस दिन दक्षिणी और मध्य झारखंड में बारिश का असर ज्यादा दिखाई दे सकता है. मौसम विभाग के मुताबिक रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो और धनबाद में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है. वहीं पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में भी भारी बारिश की संभावना बनी रहेगी.

24 सितंबर को मौसम और ज्यादा सक्रिय रहने का अनुमान है. मौसम विभाग ने इस दिन झारखंड के लिए बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. सबसे ज्यादा असर दक्षिणी झारखंड के सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम तथा इनसे सटे मध्य झारखंड के रांची, गुमला और खूंटी में पड़ सकता है. इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो और धनबाद में भी कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है. उत्तर-पूर्वी हिस्से में गिरिडीह और उत्तर-पश्चिमी हिस्से में लातेहार भी प्रभावित हो सकते हैं.

लगातार बारिश और बादलों की वजह से तापमान में भी गिरावट आने की संभावना है. मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक अगले कुछ दिनों के दौरान राज्य में अधिकतम तापमान में करीब 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है. रांची में 21 सितंबर को अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि जमशेदपुर में 32.2 और डालटनगंज में 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा. बारिश का दौर बढ़ने के साथ दिन के तापमान में कमी आने की संभावना है.

## झारखंड तंजीम के शिष्टमंडल ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन, कहा- विदेशी नागरिक के नाम पर मुसलमानों को न किया जाए परेशान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीवीजन यानी रक्फ़ के तहत मतदाताओं का चिन्हितीकरण जारी है. इस दौरान बड़ी संख्या में आ रहे दावे-आपत्ति आवेदनों पर सुनवाई हो रही है. दावे-आपत्ति के लिए निर्धारित प्रक्रिया में टाइटल, जाति और जन्म अंतर को लेकर भारी परेशानी आम नागरिकों को हो रही है. राज्यभर में ऐसी विसंगतियों वाले मतदाताओं की संख्या 63 लाख है, जिसकी सुनवाई 12 सितंबर तक होना संभव नहीं दिख रहा है. ऐसे में झारखंड तंजीम का एक शिष्टमंडल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मंगलवार को मिला. झारखंड तंजीम के अध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एसआईआर की तारीख बढ़ाने के साथ-साथ इसे सरल बनाने की मांग की है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलने के बाद झारखंड तंजीम के अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि झारखंड के पड़ोसी राज्य में हुए एसआईआर का अनुभव बताता है कि विदेशी नागरिक के नाम पर राज्य के मुसलमानों को टारगेट कर बड़ी साजिश रची जा रही, जो नहीं होना चाहिए. एसआईआर में वोटर लिस्ट का आधार 2003-04 को बनाया गया है. इसमें कई तरह की विसंगतियां हैं. नाम के साथ-साथ उस वोटर लिस्ट में फोटो की गड़बड़ी साफ तौर रही है, जिसे चुनाव आयोग भी मानता है. इतना ही नहीं उस समय आधार से वह लिंक या सत्यापित भी नहीं था. ऐसे में लोगों को हो रही परेशानी को दूर करना उचित होगा. ऐसे में झारखंड तंजीम मांग करती है कि चुनाव आयोग इसे सरल बनाए. साथ ही मुसलमानों को हो रही परेशानी को दूर किया जाए, नहीं तो हम भी चुप नहीं बैठेंगे.

# कोटालपोखर-बंगाल सीमा सड़क पर पुलिया में धंसी जमीन, खतरे में यातायात

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पुलिया में बना गहरा सिंकहोल, पथ निर्माण विभाग ने जल्द मरम्मत का दिया आश्वासन**



**बरहरवा/साहिबगंज।** कोटालपोखर रेल फाटक से पश्चिम बंगाल सीमा तक जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क पर पुलिया में अचानक बने बड़े सिंकहोल ने वाहन चालकों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्टेट बैंक से कुछ दूरी पर संतोष साह के घर के समीप स्थित पुलिया में बड़ा गड्ढा बन गया है। पुलिया में बनी दरार भी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पुलिया में बना गड्ढा दिनोंदिन बड़ा होता जा रहा है। इस सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में पुलिया की मौजूदा स्थिति वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

**स्कूल बस और यात्री वाहनों का भी होता है आवागमन**

कोटालपोखर रेल फाटक से पश्चिम बंगाल सीमा तक जाने वाली सड़क झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल है। इस मार्ग से स्कूल बस, यात्री वाहन और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों की भी आवाजाही होती है। पुलिया में बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों को काफी सावधानी से गुजरना पड़ रहा है। दिन के समय तो चालक किसी तरह गड्ढे को देखकर वाहन निकाल लेते हैं, लेकिन रात में स्थिति और खतरनाक हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिया में बढ़ती दरार को देखते हुए तत्काल मरम्मत की जरूरत है।

**सड़क की बदहाली से भी लोग परेशान**

पुलिया के अलावा सड़क के कई हिस्से भी जर्जर हालत में हैं। जगह-जगह सड़क खराब होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने पथ निर्माण विभाग से पुलिया की मरम्मत के साथ सड़क के जर्जर हिस्सों को भी दुरुस्त कराने की मांग की है।

**कनीय अभियंता करेंगे स्थल निरीक्षण**

मामले को लेकर पथ निर्माण विभाग, साहिबगंज के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने कहा कि कनीय अभियंता को मौके पर भेजकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिया को अविलंब ठीक कराया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। स्थानीय लोगों ने विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पुलिया की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। इसलिए मरम्मत कार्य में देरी होने से खतरा और बढ़ सकता है।

## जलझूलनी एकादशी पर निकली भव्य पालकी झांकी, गाजे-बाजे के साथ गंगा तट पहुंचे कान्हा



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

साहिबगंज। भाद्रपद एकादशी जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को शहर के चौक बाजार महाजन पट्टी स्थित सत्यनारायण मंदिर, हनुमान मंदिर, श्री रामनाथ मंदिर व श्री राधाकृष्ण मंदिर से दोपहर बाद जल झूलनी एकादशी को लेकर पालकी झांकी निकाली गई। पुरोहित महेंद्र शर्मा ने बताया कि भाद्रपद कृष्णा अष्टमी को भगवान श्री कृष्णा का जन्म हुआ। जिसे हमलोग जन्माष्टमी के रूप में मनाते है। जब भगवान श्रीकृष्ण कान्हा के रूप में कुछ बड़ा हुआ तो माता यशोदा एक खूबसूरत पालकी में सजाकर कान्हा को गंगा पूजन करने लेकर जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन को भाद्रपद शुक्ल एकादशी या जल झूलनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। वही शहर के चौक बाजार महाजन पट्टी स्थित सत्यनारायण मंदिर, हनुमान मंदिर, श्री रामनाथ मंदिर व श्री राधाकृष्ण मंदिर से दोपहर बाद एक साथ पालकी के साथ झांकी निकाली जाती है, जिसमें कान्हा को पालकी में बिठाकर गंगा तट लेकर ढोल नगाड़ा गाजे बाजे बैंड बाजा के साथ लेकर जाया जाता है। वही चौक बाजार सतसंग भवन समीप कुछ देर के लिए झांकियां रोकी जाती है, जहां महिलाए बुजुर्ग बच्चे पूरे परिवार के साथ पूजन करके प्रसाद लेते है और डोली के नीचे से निकलने से सुख शांति वैभव आपसी प्रेम दीघार्यु की प्राप्ति होती है। मौके पर दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

## पीर मजार गली में जलजमाव और गंदगी की शिकायत पर रेलवे हरकत में, डस्ट बिछाकर बनाया रास्ता चलने लायक

**साहिबगंज।** शहर के चौक बाजार निवासी युवा शिवम शर्मा ने रेलवे नॉर्थ कॉलोनी रेलवे स्कूल के पीछे पीर मजार गली में बीते कई माह से नाली का पानी रोड में रहने ओर गंदगी को देखकर मालदा डीआरएम को सोशल मीडिया फेसबुक के जरिय ट्वीट करके जानकारी देते हुए साफ सफाई कराने की अपील की। वही सोशल मीडिया ट्वीट फेसबुक के माध्यम से मालदा डीआरएम ने बताया कि यह रास्ता अनॉथराइज है, यहां नाला का पानी नगरपालिका के नाला में जाकर जमा होता है। वही डीआरएम के बयान पर शिवम शर्मा ने पुनः रेल मंत्री, जीएम, डीसी, पूर्व विधायक को टैग करते हुए लिखा कि यह रास्ता अनॉथराइज है या अन ऑथराइज, यह मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों रेलवे कर्मी हजारों लोग आना जाना करते है। नाली का पानी और कूड़ा कचरा जमा रहने से बीमारी फैल रही है, आवागमन में परेशानी हो रही है। इसके बाद रेल अधिकारी हरकत में आकर नाली का साफ सफाई करवाकर डस्त बिछाकर चलने लायक बनाया ओर कहा कि जल्द ही इंटर डिपार्टमेंटल बैठक करके इस मामले का परमानेंट सोल्यूशन किया जाएगा।

## जलझूलनी एकादशी पर निकली भव्य पालकी झांकी, गाजे-बाजे के साथ गंगा तट पहुंचे श्रद्धालु

**साहिबगंज।** भाद्रपद एकादशी जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को शहर के चौक बाजार महाजन पट्टी स्थित सत्यनारायण मंदिर, हनुमान मंदिर, श्री रामनाथ मंदिर व श्री राधाकृष्ण मंदिर से दोपहर बाद जल झूलनी एकादशी को लेकर पालकी झांकी निकाली गई। पुरोहित महेंद्र शर्मा ने बताया कि भाद्रपद कृष्णा अष्टमी को भगवान श्री कृष्णा का जन्म हुआ। जिसे हमलोग जन्माष्टमी के रूप में मनाते है। जब भगवान श्रीकृष्ण कान्हा के रूप में कुछ बड़ा हुआ तो माता यशोदा एक खूबसूरत पालकी में सजाकर कान्हा को गंगा पूजन करने लेकर जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन को भाद्रपद शुक्ल एकादशी या जल झूलनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। वही शहर के चौक बाजार महाजन पट्टी स्थित सत्यनारायण मंदिर, हनुमान मंदिर, श्री रामनाथ मंदिर व श्री राधाकृष्ण मंदिर से दोपहर बाद एक साथ पालकी के साथ झांकी निकाली जाती है, जिसमें कान्हा को पालकी में बिठाकर गंगा तट लेकर ढोल नगाड़ा गाजे बाजे बैंड बाजा के साथ लेकर जाया जाता है। वही चौक बाजार सतसंग भवन समीप कुछ देर के लिए झांकियां रोकी जाती है, जहां महिलाए बुजुर्ग बच्चे पूरे परिवार के साथ पूजन करके प्रसाद लेते है और डोली के नीचे से निकलने से सुख शांति वैभव आपसी प्रेम दीघार्यु की प्राप्ति होती है। मौके पर दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

## जलझूलनी एकादशी पर निकली भव्य निशान शोभायात्रा, श्याम भक्तों ने लगाए जयकारे

**साहिबगंज।** जल झूलनी एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार सुबह को पुरोहित सोनू पांडे के नेतृत्व में शहर के डाकीनाथ मंदिर ठाकुरबाड़ी से भव्य निशान शोभा यात्रा निकला। निशान शोभा यात्रा में महिलाए पुरुष निशान लेकर मुख्य चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए श्याम जी का जयकारा लगाते हुए पुरुषोत्तम गली स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। मौके पर रवि भगत, अंकित केजरीवाल, मानव खुडानिया, शुभम डोकानिया सहित दर्जनों श्याम भक्त उपस्थित थे।

## बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, ग्रामीणों से सुनी समस्याएं

**साहिबगंज।** नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान का बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर प्रभावितों से मिलने, उनका दुख दर्द सुनने व उनके बीच राहत सामाग्री का वितरण करने का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को उन्होंने सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिम, पासवान टोला व हाजीपुर पूरब में बाढ़ प्रभावित महिलाओं, पुरुषों, बच्चों व युवाओं से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी। उन्हें कम होते जलस्तर में एहतियात बरतने की सलाह भी दी। सर्पदंश की स्थिति में झाड़फूंक ना कराने एवं किसी भी बीमारी की हालत में सीधे अस्पताल पहुंचने के लिए कहा। वहीं बासी भोजन नहीं करने व पानी उबाल कर ठंडा कर पीने की सालह भी दी। वहीं किसी भी समस्या से उन्हें अवगत कराने की बात कही।

## धूमधाम से मनाया गया करमा धरमा पर्व

**मंडरो/साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र में प्रकृति भाई-बहन के प्रेम और सुख-समृद्धि का प्रतीक करमा-धरमा पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। इस करमा धरमा पर्व में कर्म और धर्म की बहुत ही सुंदर कथा को सुनाया जाता है और सभी बालिका इस कथा को सुनती है और सुनने के बाद भाई के द्वारा पोखर पर करवाया जाता है फिर सभी ग्रामीणों में प्रसादी का वितरण किया जाता है वहीं पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं युवतियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।
करमा-धरमा पर्व के अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने घर-आंगन की साफ-सफाई कर करम डाली एवं विभिन्न प्रकार के फूलों से पूजा स्थल को सजाया। रंग-बिरंगे प्राकृतिक रंगों से सुंदर पारंपरिक अल्पना एवं रंगोली भी बनाई गई। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और भाई-बहन के मंगलमय जीवन की कामना की गई।पर्व के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और करमा-धरमा से जुड़ी लोक परंपराओं का पालन किया। ग्रामीण इलाकों में पर्व को लेकर पूरे दिन उत्सवी माहौल बना रहा। बच्चों और युवाओं में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया।ग्रामीणों ने बताया कि करमा-धरमा झारखंड की लोक संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है, जो आपसी प्रेम, भाई-बहन के स्नेह तथा सामुदायिक एकता का संदेश देता है। पर्व के दौरान गांवों में पारंपरिक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कॉएस टोला में प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन

उधवा/साहिबगंज। प्रखंड के पश्चिमी प्राणपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कॉएस टोला में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी रतन मंडल उपस्थित रहें। इस दौरान सर्वसम्मति से सद्दाम हुसैन को निर्विरोध प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सदस्य के रूप में सौकत अली, ऐनुल हक,अली हक एवं आनेस अली सहित अन्य को सदस्य चयन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं नवनियुक्त प्रबंधन समिति अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने कहा कि विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है,उसे निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक कार्य का निर्वहन करेंगे। मौके पर वर्ड सदस्य साफेदा खातून सहित अन्य मौजूद थे।

## उधवा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया करमा पूजा

**उधवा/साहिबगंज।** उधवा प्रखंड के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में मंगलवार को करमा पूजा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने करम डाली की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि,खुशहाली और भाई-बहन के प्रेम की कामना की।प्रखंड के उधवा,कटहल बाड़ी,बेगमगंज,राधानगर,मोहनपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ करमा पूजा मनाई गई.पूजा को लेकर सुबह से ही गांवों में उत्साह का माहौल रहा।महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार करम देव की पूजा की और पूरे दिन उपवास रखा।शाम को पूजा स्थल पर करम डाली स्थापित कर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की गई।इसके बाद महिलाओं और युवाओं ने पारंपरिक करमा गीत गाते हुए नृत्य किया।विभिन्न गांवों में करमा पूजा को लेकर आकर्षक सजावट की गई थी. पूजा स्थलों पर देर रात तक गीत-संगीत और नृत्य चलता रहा.लोगो ने एक-दूसरे को करमा पर्व की शुभकामनाएं दीं।पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

# अंडरग्राउंड बाईपास के साथ सर्विस रोड की मांग, सांसद विजय हांसदा से मिले ग्रामीण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता



**बरहरवा/साहिबगंज।** प्रखंड अंतर्गत बरारी पंचायत के राजस्व ग्राम अबरा टोला सहित आसपास के 30 से अधिक गांवों के ग्रामीणों की आवागमन संबंधी समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रस्तावित अंडरग्राउंड बाईपास के साथ समुचित एवं सुगम सर्विस रोड उपलब्ध कराने की मांग को प्रमुखता से सांसद के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि प्रस्तावित परियोजना से बरारी पंचायत के अबरा टोला समेत 30 से अधिक गांव प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होंगे। इन गांवों के हजारों लोग वर्तमान संपर्क मार्ग तथा प्रस्तावित सर्विस रोड पर अपने दैनिक आवागमन के लिए निर्भर हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस संबंध में परियोजना निदेशक, एनएचएआई तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के समक्ष भी अपनी समस्याओं और मांगों को रखा जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अंडरग्राउंड बाईपास के निर्माण के साथ पर्याप्त और सुविधाजनक सर्विस रोड की व्यवस्था नहीं की गई, तो क्षेत्र के लोगों के आवागमन में गंभीर परेशानी उत्पन्न हो सकती है। इसका असर स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने वाले ग्रामीणों पर पड़ने की आशंका है। मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ सकती है, वहीं आपातकालीन स्थिति में अस्पताल या अन्य जरूरी स्थानों तक पहुंचने में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि वे विकास परियोजना के विरोध में नहीं हैं, बल्कि चाहते हैं कि चार लेन सड़क निर्माण के साथ स्थानीय लोगों के निर्बाध आवागमन का भी स्थायी समाधान किया जाए। अंडरग्राउंड बाईपास के दोनों ओर आवश्यकतानुसार सर्विस रोड, संपर्क मार्ग और आवागमन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास कार्य से ग्रामीणों की दैनिक जिंदगी प्रभावित न हो। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद विजय कुमार हांसदा से आग्रह किया कि वे इस जनहित के मुद्दे को संबंधित विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाएं तथा अंडरग्राउंड बाईपास के साथ समुचित सर्विस रोड की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक पहल करें। सांसद से सकारात्मक पहल की उम्मीद जताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि परियोजना का लाभ क्षेत्र के लोगों को तभी पूरी तरह मिल सकेगा, जब उनके आवागमन की सुविधा भी सुरक्षित और सुगम रहे।

## साहिबगंज में धूमधाम से मना करमा पर्व, बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र के लिए की पूजा-अर्चना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** शहर सहित जिला में मंगलवार को धूमधाम से प्रकृति के प्रति आस्था, अच्छी फसल और भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में करमा पर्व मनाया गया। शहर के बड़ा पंचगढ़, छोटा पंचगढ़, तुरी टोला, लोहड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहन करम वृक्ष के नीचे या करम वृक्ष के डाल को लाकर आंगन में स्थापित किया और कर्म देवता की विशेष पूजा की। बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए उपवास रखी और करम देवता का पारंपरिक तरीके से विशेष रूप से पूजा अर्चना करके प्रार्थना की ओर करमा गीत गाई। वही अच्छी पैदावार और प्रकृति की रक्षा की भी कामना की। नई फसल के स्वागत और खेतों में हरियाली की उम्मीद के साथ मनाया। वही वार्ड पार्षद चमरू उरांव ने बताया कि शहर के झंडा मेला प्रांगण में तीन अक्टूबर को करमा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर जूही कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, परी कुमारी, राधिका कुमारी, नैना कुमारी, लक्ष्मी राय, सरस्वती कुमारी, बिंदिया कुमारी, आरूषी कुमारी, संध्या कुमारी, करिश्मा कुमारी, राहुल कुमार, हंस कुमार, प्रिया कुमारी, मिस जोशना, अनिता कुमारी, बिंदिया कुमारी, साक्षी कुमारी, सुशीला कुमारी, पूनम कुमारी सहित अन्य थे।

## दहला दुर्गा पूजा समिति की बैठक में फैसला, पूजा के बाद होगा भव्य मां दुर्गा मंदिर का निर्माण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** शहर के 14 दुर्गा पूजा पंडालों में से एक दहला दुर्गा पूजा समिति का बैठक सोमवार देर रात्रि को दुर्गा मंदिर प्रांगण में सुनील सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं धूमधाम से दुर्गा पूजा मानने को लेकर चर्चा की गई। वही पूजा के बाद भव्य मंदिर का निर्माण कराने का भी चर्चा किया गया। अध्यक्ष सुनील सिन्हा ने कहा कि पहली प्राथमिकता इस बार हम लोग मां दुर्गा की पूजा करने के बाद एक भव्य मां दुर्गा की मंदिर का नवनिर्माण करना है। इस बार मां दुर्गा की पूजा भव्य रूप से किया जाएगा। पूजा का बजट लगभग 7 लाख रुपए का है। जिसमे मां की प्रतिमा, भव्य पंडाल, विद्युत साज सज्जा, आकर्षक भव्य विसर्जन जुलूस, भोग, झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। वही दुर्गा पूजा को लेकर सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुनील सिन्हा, महासचिव आनंद कुमार चौधरी उर्फ घोकू, सचिव लक्ष्मण कुमार यादव, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार पांडे, उपाध्यक्ष मनीष कुमार खुडानिया, रविंद्र कुमार यादव, प्रवीण यादव, सागर शर्मा, अभिषेक सिन्हा, गौरव सिंह, संरक्षक बजरंगी प्रसाद यादव, चेतन भरतीया, नवीन भगत, पंकज कुमार सिन्हा, अखाड़ा प्रभारी रवि कुमार शर्मा, आदिल मोदी, देव कुमार पारीक, मोहित कुमार शर्मा सहित अन्य का चयन किया गया। मौके पर स्थानीय मुहल्ले वासी व भक्त उपस्थित थे।

# एमएमआरडीए बिल के खिलाफ 26 सितंबर को लोक भवन घेराव, साहिबगंज कांग्रेस ने तय की आंदोलन की रणनीति

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी, साहिबगंज की बैठक जिला अध्यक्ष बरकत खान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में साहिबगंज जिला प्रभारी सह प्रदेश महासचिव मुन्नम संजय ने शिरकत की।आगामी 26 सितंबर को एमएमआरडीए बिल के खिलाफ कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित लोक भवन घेराव और मार्च को लेकर रणनीति तय की गई।बैठक में मौजूद प्रदेश कांग्रेस के नेता ने कहा कि घेराव में साहिबगंज जिले की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों और जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता रांची पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह लड़ाई लड़ी जा रही है।उन्होंने एमएमआरडीए बिल को काला कानून बताते हुए कहा कि यह सरकार द्वारा झारखंड पर जबरन थोपा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के खनिज, बालू पर लगने वाले टैक्स से राज्य को वंचित किया जा रहा है, जो संविधान के विपरीत है। वर्षों से यह परंपरा रही है कि जिस पंचायत, जिस राज्य का खनिज होगा, उसका टैक्स वहीं मिलेगा। इस बिल से सरकार की मंशा स्पष्ट होती है।
वहीं उन्होंने भाजपा सरकार पर चंदा चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए लोगों की आस्था से जुड़े चंदे के साथ खिलवाड़ किया गया है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर संसद से सड़क तक आंदोलन करेगी। यह देश संविधान और कानून से चलता है। बताया कि रांची में लोकभवन घेराव के बाद 5 से 12 अक्टूबर के बीच सभी प्रखंड मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर अनुकूल मिश्रा, मो कलीमुद्दीन, बास्कीनाथ यादव, सरफराज आलम, मो रिजवान, नूरजहां बीबी, अली कुरैशी सहित जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी और प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

# रेलवे कॉलोनी के पीर दरगाह रोड पर जलजमाव से राहत, शिकायत के बाद रेलवे ने बिछाई डस्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** साहिबगंज रेलवे कॉलोनी स्थित पीर दरगाह रोड पर महीनों से जमा नाले के गंदे पानी से राहगीरों और स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी का मामला सामने आने के बाद रेलवे अधिकारियों ने फिलहाल राहत की व्यवस्था की है। रेलवे की ओर से सड़क पर डस्ट की मोटी परत बिछाकर रास्ते को आवागमन के योग्य बनाया गया है।बताया गया कि पीर दरगाह रोड पर लंबे समय से नाले का पानी सड़क पर जमा था। विश्वकर्मा पूजा जैसे त्योहार के दौरान भी लोगों को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। प्रतिदिन रेलवे कॉलोनी के निवासियों के अलावा सैकड़ों आम नागरिक, महिलाएं और बच्चे इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण बदबू के साथ-साथ संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बना हुआ था।समस्या को देखते हुए शहर के युवा शिवम शर्मा ने मालदा डीआरएम और ईस्टर्न रेलवे हेडक्वार्टर को सोशल मीडिया के माध्यम से मामले की जानकारी दी और जनहित में समस्या का समाधान कराने की मांग की। इस पर मालदा डीआरएम की ओर से जवाब दिया गया कि उक्त रास्ता अनधिकृत है तथा वहां जलजमाव नगरपालिका के नाले के जाम होने के कारण हुआ है।डीआरएम के जवाब पर शिवम शर्मा ने असंतोष जताते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, जीएम गीतिका पांडेय, साहिबगंज उपायुक्त और पूर्व विधायक अनंत ओझा को टैग करते हुए कहा कि मुद्दा रास्ते के अधिकृत या अनधिकृत होने का नहीं, बल्कि आम लोगों की परेशानी का है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों लोग इस मार्ग से आवागमन करते हैं और उन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।
शर्मा ने मांग की कि रेलवे, नगरपालिका, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के बीच समन्वय स्थापित कर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्थायी समाधान होने तक रास्ते को आवागमन योग्य बनाए रखने के लिए अस्थायी व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि क्षेत्राधिकार के विवाद के कारण आम लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने मामले में पहल करते हुए फिलहाल सड़क पर डस्ट की मोटी परत बिछाकर रास्ते को चलने योग्य बनाया। शिवम शर्मा के अनुसार, मालदा डीआरएम की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही संबंधित विभागों के साथ इंटर-डिपार्टमेंटल बैठक कर जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

## 80 वर्षीय सेवानिवृत्त टैक्स दारोगा ने पेंशन के लिए झामुमो नेता से लगाई गुहार, ग्लूकोमा के इलाज में आर्थिक संकट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** नगर परिषद के सेवानिवृत्त टैक्स दारोगा 80 वर्षीय संग्राम सिंह ने थक हार कर अब अपनी मांगों की पूर्ति के लिए झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता से गुहार लगाई है। ग्लूकोमा पीड़ित संग्राम सिंह ने बताया कि 18 सितंबर को झामुमो सचिव सह प्रवक्ता से मिलने उनके आवास पर गए थे। लेकिन संयोगवश उनसे मुलाकात नहीं हुई तो उन्होंने 19 सितंबर को आवेदन रजिस्ट्री के माध्यम से झामुमो सचिव सह प्रवक्ता को भेज कर उन्हें अपनी व्यथा सुनाते हुए नेत्रदान दिलाने की गुहार लगाई है। लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि पैसों के अभाव में ग्लूकोमा का इलाज नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे में दोषी पदाधिकारी से उन्हें नेत्रदान कराया जाए। संग्राम सिंह ने कहा कि वर्षों तक नगर परिषद में सेवा देने के बावजूद उन्हें मानक के अनुरूप नगर परिषद उन्हें पेंशन तक नहीं दे रहा। उन्होंने बताया कि 30 जून 2009 को सेवानिवृति के बाद से नगर पालिका उन्हें 5वें वेतनमान के आधार पर पेंशन दे रही है। जबकि 6वें वेतनमान का लाभ 1 जनवरी 2006 के बाद की तिथि से झारखंड के सभी जिलों व नगर परिषद में प्रभावी है। उन्हें बहुत ही कम 8 हजार रुपये पेंशन मिल रहा है। जबकि अन्य जिलों में उक्त पद पर सेवा देकर रिटायर हुए कर्मियों को 23-24 हजार रुपये पेंशन है। उन्होंने मामले में संज्ञान लेते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# पलामू पुलिस को अवैध अफीम, मोटरसाइकिल व मोबाईल बरामद,दो तस्कर गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई में कुल 09.660 किलोग्राम अवैध आफिस जप्त**



**पलामूः** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार ऑपरेशन प्रहार के तहत बीते दिन संध्या गुप्त एवं विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि बिहार राज्य का एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से छतरपुर थाना क्षेत्र के करमा चराई में आकर अवैध रूप से अफीम की खरीद-बिक्री करने वाला है।सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, पलामू द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर को तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। निर्देश के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर के नेतृत्व में छतरपुर थाना पुलिस एवं सशस्त्र बल की विशेष छापामारी टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा सूचना के सत्यापन एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की गिरफ्तारी हेतु करमा चराई रोड, पथलगढ़ा के समीप छतरपुर-जपला मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मध्य रात्रि में एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती हुई दिखाई दी। पुलिस बल को देखकर चालक द्वारा भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया।पूछताछ के क्रम में चालक ने अपना नाम रंजन रजक (उम्र करीब 36 वर्ष), पिताझ शिवनंदन रजक, ग्राम डुमरिया, थाना डुमरिया, जिला गया (बिहार) बताया। उसकी मोटरसाइकिल संख्या BR02BG-8511 की डिक्की की विधिवत तलाशी लेने पर दो काले प्लास्टिक में कुल 02.660 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त रंजन रजक से प्रारंभिक पूछताछ एवं उसकी निशानदेही के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम मंझौली निवासी दयानंद प्रसाद के घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मिट्टी के घर के एक कमरे से 07.000 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। इस प्रकार दोनों स्थानों से कुल 09.660 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद कर विधिवत जब्त एवं सील किया गया तथा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में छतरपुर थाना कांड संख्या-156/2026, धारा 18(b)/25/29 NDPS Act के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बरामद अफीम के स्रोत, गंतव्य तथा इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के संबंध में अनुसंधान एवं संभावित ठिकानों पर छापामारी जारी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1. रंजन रजक, उम्र करीब 36 वर्ष, पिताझ शिवनंदन रजक, ग्राम डुमरिया, थाना डुमरिया, जिला गया, बिहार।
2. दयानंद प्रसाद, उम्र करीब 60 वर्ष, पिताझ स्व० देवकी साव, ग्राम चराई, थाना छतरपुर, जिला पलामू।

**जब्त सामान**

अवैध मादक पदार्थ अफीम झ कुल 09.660 किलोग्राम

* मोटरसाइकिल संख्या BR02BG-8511
मोबाइल फोन - 01
इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन - 01

**छापामारी दल**

1. श्री प्रशांत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर
2. श्री सौरभ चौबे, थाना प्रभारी, छतरपुर थाना
3. संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं छतरपुर थाना के सशस्त्र बल।

**पलामू पुलिस की अपील**

पलामू पुलिस आम जनता से अपील करती है कि मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## आदिवासी माता-बहनों को भेंट की सांस्कृतिक साड़ियां



**लोहरदगाः** प्रकृति पर्व करम के पावन अवसर पर आदिवासी समाज की परंपरा, संस्कृति और भाई-बहन के अटूट प्रेम के सम्मान में जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष एवं चाला इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सुखैर भगत के सौजन्य से किस्को प्रखंड अंतर्गत हिसरी गांव में आदिवासी माता-बहनों के बीच सांस्कृतिक साड़ियों का वितरण किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माता-बहनों के सम्मान के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया। साड़ी वितरण को सामाजिक सहयोग और अपनत्व की भावना से जोड़ते हुए सुखैर भगत ने कहा कि करम पर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति आस्था, संस्कृति और भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है।उन्होंने अपने बचपन के संघर्षपूर्ण दिनों को याद करते हुए कहा कि उनके माता-पिता त्योहारों के अवसर पर बच्चों के लिए कपड़े खरीदने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करते थे। कई बार घर में पर्याप्त अनाज नहीं होने के बावजूद माता-पिता धान-चावल बेचकर बच्चों के लिए कपड़े या आवश्यक वस्तुएं खरीदने का प्रयास करते थे। उन दिनों की याद आज भी मन में जीवंत है। उन्होंने कहा कि आज ईश्वर की कृपा से कुछ कमाने योग्य हुए हैं, तो समाज की खुशियों में सहभागी बनना अपना दायित्व समझते हैं।सुखैर भगत ने कहा कि समाज ने उन्हें जो दिया है, उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपनी सामर्थ्य के अनुसार छोटे-छोटे उपहार और सहयोग समाज को समर्पित करते रहेंगे। उनका प्रयास है कि किसी माता-बहन के चेहरे पर मुस्कान आए, किसी परिवार को अपनेपन का एहसास हो तथा आदिवासी संस्कृति और परंपराएं आने वाली पीढ़ियों तक सम्मान के साथ जीवित रहें। उन्होंने करम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आपसी प्रेम लेकर आए तथा समाज में सहयोग, सम्मान और एकजुटता की भावना और मजबूत हो।कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उरांव, ओबीसी स्टेट कोऑर्डिनेटर संतोष महतो, ग्राम प्रधान संदीप उरांव, शेख सादिक, रिजवान मीर, मो. आजम, विश्राम उरांव सहित बड़ी संख्या में आदिवासी माता-बहनें एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

तेली महाअधिवेशन की तैयारी दुगार्पूजा के बाद

## जिला समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**लोहरदगाः** छोटा नागपुरिया तेली समाज लोहरदगा जिला समिति के पदाधिकारियों की बैठक तेली धर्मशाला, लोहरदगा में जिला अध्यक्ष प्रो. शिवदयाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से 13 सितंबर 2026 को आयोजित तेली कार्यकर्ता सम्मेलन की समीक्षा की गई। सम्मेलन के सफल आयोजन पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।जिला अध्यक्ष प्रो. शिवदयाल साहू ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन सक्रिय पदाधिकारियों के तन, मन और धन से किए गए सहयोग तथा विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे तेली समाज के सदस्यों, युवाओं, महिलाओं एवं अभिभावकों की सहभागिता से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक सदस्य तेली समाज का कार्यकर्ता है और समाज की मजबूती के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन के आयोजन से संबंधित आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित किया।बैठक में आगामी 18 फरवरी 2027 को आयोजित होने वाले तेली महाधिवेशन को ऐतिहासिक रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए दुगार्पूजा के बाद तैयारी शुरू की जाएगी। विभिन्न प्रखंडों में समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। साथ ही दुगार्पूजा के बाद जिला समिति का पुनर्गठन करने तथा कोष संग्रह के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा युवा एवं महिला जिला अध्यक्ष का चुनाव दुगार्पूजा के बाद कराने पर सहमति बनी। लोहरदगा जिला तेली उत्थान समाज ट्रस्ट का नवीनीकरण कर उसे विधिवत पंजीकृत कराने की दिशा में भी पहल करने का निर्णय लिया गया।कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने में प्रो. शिवदयाल साहू, कैलाश साहू, हीरा साहू, मुन्ना साहू, सोहन साहू, कृष्णा साहू, विदेशी साहू, रामबिलास साहू एवं तेजू साहू के योगदान की सराहना की गई।बैठक में प्रो. शिवदयाल साहू, मुन्ना साहू, मुकेश साहू, रामबिलास साहू, बजरंग साहू, विदेशी साहू, कृष्णा साहू, तेजू साहू, दर्शन साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## परंपरा, संस्कृति और प्रकृति से जोड़ता है कर्म पर्व



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगाः** करमा पूजा के पावन अवसर पर सीएसआर टोरी साइडिंग, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से बोरसीदाग, खुटखट्टी एवं हुटाप गांवों में करमा पर्व के आयोजन हेतु सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का नेतृत्व सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेलवे साइडिंग सेक्शन हेड अभिषेक कुमार ने भी उपस्थित ग्रामीणों को करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सीएसआर टीम की ओर से अनन्या डे, सुप्रिया गराबाडु एवं लाल उमाशंकर उपस्थित रहे। मौके पर संजय कुमार, भीखू उरांव, सुनीता देवी, बिरासमुनी देवी, जोगेश मुंडा, मुकेश मुंडा, मनोज उरांव, रविंद्र सिंह, सूरज सिंह, कैला लोहरा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## हिसरी तुरी टोला में ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगाः** नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के आदेश के आलोक में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष राज कमल मिश्रा एवं डालसा सचिव मनोरंजन कुमार के निदेर्शानुसार जिले में चल रहे 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान का मंगलवार को 27वां दिन पूरा हुआ।अभियान के तहत किस्को प्रखंड अंतर्गत हिसरी पंचायत के हिसरी तुरी टोला में पीएलवी निशा कुमारी, शाहिद हुसैन एवं कलिंदर उरांव ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गयापीएलवी निशा कुमारी ने ग्रामीणों को नालसा द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निःशुल्क कानूनी सहायता योजना, ज्ञान एवं शिक्षा योजना, एसिड हमलों से पीड़ितों के लिए कानूनी सेवा योजना तथा नालसा डॉन योजना के संबंध में बताया। वहीं, पीएलवी शाहिद हुसैन ने मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच योजना, मानव तस्करी, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं नालसा जागृति योजना के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।पीएलवी कलिंदर उरांव ने गरीब उन्मूलन योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को इनके लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 समेत अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

अभियान के दौरान ग्रामीणों को साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, भूमि साक्षरता, नशा मुक्ति तथा सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति भी जागरूक किया गया। पीएलवी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर है।

## तेली समाज द्वारा नवनिर्मित दानवीर भामाशाह चौक का बोर्ड लगाकर भव्य उद्घाटन किया गया

**अरविंद अग्रवाल@ झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू**



**छत्तरपुरः** प्रखंड में तेली समाज के प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक कार्यकताओं की उपस्थिति में मंगलवार को करमा पर्व एकादशी को तेली साहू समाज प्रखंड स्तरीय बैठक कर नगर पंचायत छतरपुर बैरियाडीह में दानवीर भामाशाह चौक का बोर्ड लगाकर भामाशाह चौक का हर्ष और उल्लास का माहौल में समाज के वरिष्ठ जनों द्वारापूजा पाठ कर नवनिर्मित भामाशाह चौक का उद्घाटन बड़े ही हर्ष के साथ समाज के आराध्य देवों का स्मरण कर की गई।कार्यक्रम का उद्घाटन साहू समाज को प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर फिता काटकर किया गया। संचालक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। इन्होंने दानवीर भामाशाह त्यागी राष्ट्रभक्ति थे उनके बताए गए राहों पर चलने की आवश्यकता है यह समाजसेवी के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इस चौक का निर्माण और नामकरण आने वाली पीढ़ी को हमारे गौरवशाली इतिहास और सामाजिक मूल्यों की याद दिलाएगा। कार्यक्रम के दौरान चौक परिसर में बोर्ड लगाया गया और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। मौके पर कमलेश कुमार गुप्ता ने किया। पत्रकार एवं समाज से मनोज कुमार गुप्ता, सतनारायण प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, ब्लॉगर कुंदन जायसवाल, भोला प्रसाद, सुनील कुमार, उमेश साहू, कृष्णा साहू, अमलेश गुप्ता, सुदामा प्रसाद, अनिल प्रसाद, बेचन प्रसाद गुप्ता, गोलू कुमार गुप्ता, धनंजय गुप्ता, दिलीप कुमार, बिट्टू गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, कृष्ण प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, अनिल साहू, कमलेश कुमार, बिंदु साहू, रघुराज प्रसाद गुप्ता, डॉ राजाराम गुप्ता, सुभाष कुमार, बसंत सिंह, रामचंद्र राम, सीता राम साहू, वीरेंद्र रजक इस भव्य उद्घाटन समारोह में समाज के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य भारी संख्या में युवा और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## केंदुआडीह बस्ती में धूमधाम से मनाया गया करम पूजा महोत्सव, अनुपमा सिंह ने की सुख-समृद्धि की कामना



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**धनबाद।** केंदुआडीह बस्ती में आयोजित पावन करम पूजा महोत्सव में कांग्रेस नेत्री श्रीमती अनुपमा सिंह शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।अपने संबोधन में अनुपमा सिंह ने कहा कि करम पर्व हमारी समृद्ध आदिवासी संस्कृति, प्रकृति के प्रति आस्था और सामाजिक भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अपनी लोक परंपराओं और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम के साफ-सफाई एवं आयोजन की व्यवस्था में प्रेम कुमार, माहतो रवि माहतो आकाश माहतो विवेक माहतो पप्पू महतो, सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में करम पूजा को लेकर उत्साह एवं उल्लास का माहौल रहा।

## ईरगांव स्टेशन के समीप आरएल 01 की चपेट में आकर अधेड़ की हुई मौत

**लोहरदगाः** रांची से लोहरदगा आ रही आरएल 01 ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना ईरगांव रेलवे स्टेशन के समीप की बताई जा रही है। मृतक की पहचान मुंदो पिपरा टोली निवासी डहरू उरांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रांची से लोहरदगा जाने के दौरान डहरू उरांव ईरगांव स्टेशन के समीप ट्रेन के आगे खड़े हो गए, जिसके कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सिद्धि विनायक मंदिर निर्माण को ले संचालन समिति गठित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**11 सदस्यों का हुआ चयन, आय–व्यय का रखा जाएगा पूरा लेखा–जोखा**



**लोहरदगाः** प्रथम पूज्य एवं विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के श्री सिद्धि विनायक मंदिर निर्माण को लेकर मंदिर समिति लोहरदगा की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को गणपति नगर स्थित प्रस्तावित मंदिर स्थल के समीप श्री लालमोहन प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मंदिर निर्माण कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से पूरा कराने के लिए श्री सिद्धि विनायक मंदिर संचालन समिति के गठन का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार संचालन समिति में न्यूनतम 11 और अधिकतम 21 सदस्यों को शामिल किया जाना है। मंगलवार को 11 सदस्यों का चयन किया गया। इनमें लालमोहन प्रसाद केशरी, दीपक साहू, मुरारी चौरसिया, चांदमल पोद्दार, लालू साहू, वार्ड पार्षद दिनेश पांडेय, संदीप पोद्दार, कन्हैया राजगढ़िया, डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, मनीष राजगढ़िया एवं आशीष सिंह पिंटू शामिल हैं। शेष 10 सदस्यों को आगामी बैठक में समिति में शामिल किया जाएगा।

बैठक में मंदिर निर्माण के लिए प्राप्त होने वाले दान की पारदर्शी व्यवस्था के उद्देश्य से रसीद बुक छपवाने का निर्णय लिया गया। मंदिर निर्माण से संबंधित आय-व्यय का पूरा लेखा-जोखा रखने की जिम्मेदारी श्री लालू साहू एवं श्री मुरारी चौरसिया को सौंपी गई। वहीं मंदिर निर्माण कार्य की देखरेख के लिए दीपक साहू एवं संदीप पोद्दार को निर्माण सहायक के रूप में चयनित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण एवं उससे जुड़े कार्यों की प्रगति, आवश्यकताओं तथा अन्य विषयों पर विचार-विमर्श के लिए संचालन समिति की बैठक प्रत्येक 15 से 21 दिनों के अंतराल में सुविधा के अनुसार आयोजित की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि मंदिर के भूमि पूजन से लेकर जमीन दान के बाद पीलिंथ निर्माण तथा 22 सितंबर 2026 तक हुए निर्माण कार्यों में जो खर्च हुआ है और मंदिर स्थल पर वर्तमान में जो निर्माण सामग्री उपलब्ध है, उसमें जमीन दाता परिवार के सदस्यों ने अपनी इच्छा एवं सहयोग से योगदान दिया है। इस संबंध में आगे कोई बकाया अथवा लेन-देन नहीं रहेगा। जमीनदाता परिवार की ओर से बताया गया कि मंदिर निर्माण के लिए बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया पूर्व में ही पूरी की जा चुकी है। जल्द ही आवश्यक पंजीकरण एवं पैन कार्ड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंदिर निर्माण कार्य से संबंधित विधिवत बैंक खाता संचालित किया जाएगा। 23 सितंबर से आगे मंदिर निर्माण से संबंधित सभी कार्य संचालन समिति के माध्यम से किए जाएंगे, जिसमें आवश्यकता के अनुसार जमीन दाता परिवार की ओर से भी पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। इसके अलावा मंदिर परिसर में निमार्णाधीन निकाली गई दुकान को मंदिर संचालन समिति लोहरदगा के अंतर्गत रखने का निर्णय लिया गया। दुकान से प्राप्त होने वाले किराये का उपयोग मंदिर के रखरखाव, पूजा-पाठ एवं अन्य धार्मिक गतिविधियों में किया जाएगा। बैठक के अंत में चांदमल पोद्दार ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की।

## एआइओएस का राष्ट्रीय सम्मेलन 25 को, रांची में जुटेंगे देशभर के एक हजार से अधिक आई स्पेशलिस्ट

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची देशभर के नेत्र विशेषज्ञों के बड़े जमावड़े की गवाह बनने जा रही है। ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी (एआइओएस ) की मिडटर्म राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस पहली बार झारखंड में आयोजित होगी।25 से 27 सितंबर तक होटल चाणक्य बीएनआर में होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग एक हजार से अधिक नेत्र विशेषज्ञ, शोधकर्ता, शिक्षक और युवा डॉक्टर शामिल होंगे।सम्मेलन में आंखों की बीमारियों के इलाज में हो रहे नए बदलावों से लेकर आधुनिक तकनीक और चिकित्सा क्षेत्र में चल रहे शोध पर मंथन होगा। अलग-अलग राज्यों से पहुंचने वाले विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे और नई उपचार पद्धतियों और तकनीकों पर चर्चा करेंगे।आयोजन की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने मंगलवार को बताया कि एआईओएस का राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन पहली बार झारखंड में होना राज्य के लिए अहम अवसर है। रांची में एक ही मंच पर देशभर के 1,000 से ज्यादा नेत्र विशेषज्ञों का जुटना भी सम्मेलन की व्यापकता को दशार्ता है।कांफ्रेंस आयोजन समिति के प्रेसिडेंट और कश्यम मेमोरियल आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ बीपी कश्यप ने बताया कि इस आयोजन से झारखंड के नेत्र रोगियों को काफी फायदा होगा। साथ ही नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन देश भर से रांची पहुंचने वाले नेत्र विशेषज्ञों और चिकित्सकों के लिए भी यादगार अनुभव होगा।

# पाकुड़ पुलिस द्वारा महज 08 घंटे में अज्ञात हत्याकांड का किया गया उद्भेदन

रूपामुनी सोरेन@ झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़:**(अमड़ापाड़ा )जिलान्तर्गत दिनांक-21.09.2026 को अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-छोटा कुस्कुट्टा में एक मृतक का शव पडे. होने की सूचना प्राप्त हुई। इस घटना के संबंध में मृतक की पत्नी चाँदी पहाड़िन के फर्दबयान के आधार पर अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या-72/2026, दिनांक-21.09.2026, धारा-103(1) बी0एन0एस0 दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये काण्ड के उद्भेदन हेतु श्री अनुदीप सिंह भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ के द्वारा पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, अमड़ापाड़ा के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल(SIT) का गठन किया गया। उक्त गठित विशेष अनुसंधान दल(SIT)द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी टीम, फिंगरप्रिंट टीम एवं स्वान दस्ता टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि ग्राम-छोटा कुस्कुट्टा के ग्राम प्रधान छोटा बामना पहाड़िया को उसके घर में घुसकर रात्रि में सुप्त अवस्था में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी गला काट कर हत्या कर दी गयी है। तत्पश्चात गठित टीम द्वारा मानवीय/तकनीकी आसूचना संकलन कर हत्या के अपराधकर्मी के गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित टीम द्वारा मानवीय, तकनीकी एवं आधुनिक वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर छापेमारी कर महज 08 घंटे के अंदर हत्या की घटना में संलिप्त अभियुक्त धर्मा पहाड़िया, उम्र-करीब 23 वर्ष, पिता-स्व0 देवा पहाड़िया, ग्राम-छोटा कुस्कुट्टा, थाना-अमड़ापाड़ा, जिला-पाकुड़ को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त द्वारा इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया एवं गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी को विधिवत जप्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय में भेजने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार व्यक्ति की विवरणी–**

1.धर्मा पहाड़िया, उम्र-करीब 23 वर्ष, पिता-स्व0 देवा पहाड़िया, ग्राम-छोटा कुस्कुट्टा, थाना-अमड़ापाड़ा, जिला-पाकुड़।

**जप्त सामान की विवरणी–**

1.एक लकड़ी का बेंत लगा हुआ टांगी जिसपर खून जैसा पदार्थ लगा हुआ।
2.एक नारंगी रंग का प्रिंटेड गमछा जिसपर खून लगा हुआ ।

**छापामारी एवं सहयोगी दल के सदस्य:–**

1.पु0नि0 अनुप रोशन भेंगरा, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, अमड़ापाड़ा।
2.पु0अ0नि0 चन्दन कुमार सिंह, अमड़ापाड़ा थाना।
3.पु0अ0नि0 बुदीलाल मुर्मू, अमड़ापाड़ा थाना।
4.पु0अ0नि0 पप्पु कुमार, विशेष छापामारी दल पाकुड़।
5.पु0अ0नि0 विवेक कुमार, थाना प्रभारी, लिट्टीपाड़ा।
6.पु0अ0नि0 रवि कुमार शर्मा, थाना प्रभारी, महेशपुर।
7.पु0अ0नि0 मनोज कुमार महतो, थाना प्रभारी, पाकुड़िया।
8.पु0अ0नि0 अनिल कुमार पंडित, लिट्टीपाड़ा थाना ।
9.आ0-361 सुरज मुर्मू, तकनीकी शाखा, पाकुड़।
10.चालक आ0 प्रेम मुर्मू, तकनीकी शाखा, पाकुड़।
11.अमड़ापाड़ा थाना सशस्त्र बल।

## जनता की समस्याओं से रूबरू हुई उपासना मरांडी



**पाकुड़िया :** मोंगलाबाँध स्थित अपने निजी आवास पर केंद्रीय समिति सदस्य सह युवा नेत्री उपासना मरांडी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी, पेंशन सहित विभिन्न जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया।उपासना मरांडी ने विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी जी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव पहल करने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी जी की प्राथमिकता रही है और इसी भावना के साथ जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास जारी रहेगा।

## टाटानगर की चार मेमू ट्रेनों का टर्मिनल अब 09 अक्टूबर तक आदित्यपुर से होगा संचालित



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे यार्ड में ट्रेनों के परिचालन को सुचारु बनाए रखने और यार्ड में भीड़भाड़ कम करने के उद्देश्य से टाटानगर से चलने वाली चार मेमू यात्री ट्रेनों के टर्मिनल परिवर्तन की अवधि बढ़ा दी गई है। मंगलवार को रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार अब इन ट्रेनों का संचालन टाटानगर के बजाय आदित्यपुर स्टेशन से 09 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा।टर्मिनल परिवर्तन के दायरे में 68004 (गुआ-टाटानगर), 68019 (टाटानगर-गुआ), 68020 (गुआ-टाटानगर) और 68009 (टाटानगर-चक्रधरपुर) मेमू ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों के टर्मिनल को पहले भी टाटानगर से आदित्यपुर स्थानांतरित किया गया था। रेलवे ने अब इस व्यवस्था को अगले 15 दिनों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है।रेलवे के अनुसार टाटानगर यार्ड में परिचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए गए इस बदलाव से यार्ड में ट्रेनों के खड़े रहने और परिचालन संबंधी दबाव को कम करने में मदद मिली है। इसके साथ ही ट्रेनों के आवागमन को अधिक सुचारु बनाए रखने में भी सुविधा हुई है।टर्मिनल परिवर्तन के दौरान संबंधित मेमू ट्रेनों के यात्रियों को आदित्यपुर स्टेशन से यात्रा शुरू करने और वहीं यात्रा समाप्त करने की व्यवस्था का पालन करना होगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन के निर्धारित टर्मिनल और परिचालन संबंधी जानकारी की पुष्टि कर लें, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। यह व्यवस्था 09 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी।

## पाथुरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय में नए भवन का शिलान्यास



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**गोविंदपुर।** 22 सितंबर गोविंदपुर प्रखंड के पाथुरिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय में कमरों की कमी और जर्जर भवन की समस्या दूर करने की दिशा में मंगलवार को पहल शुरू हुई। भवन निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत नए क्लासरूम निर्माण एवं विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने किया। विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण कर वैदिक मंत्र कर के बीच नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि निर्माण पूरा होने के बाद विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक ,शिक्षक ,एसएमसी सदस्य ,अभियंता, स्थानीय जनप्रतिनिधि ,ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एफसीआईएल के तीन क्वार्टरों में चोरी का खुलासा,2 गिरफ्तार, लगभग 3 लाख का सामान बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सिंदरी /धनबाद।** सिंदरी थाना क्षेत्र के एफसीआईएल आवासीय कॉलोनी में 27 और 28 अगस्त की रात 3 क्वार्टरों में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर करीब ?300000 मूल्य के चोरी के सामान बरामद किए हैं। मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी पहले से ही चाकू बाजी के एक मामले में जेल में बंद है। मंगलवार, 22 सितंबर को सिंदरी थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रकाश चंद्र महतो ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के आवेदन पर 31 अगस्त ,1 सितंबर और 2 सितंबर को सिंदरी थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड के अनुसंधान के दौरान पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। पुलिस ने बलियापुर थाना क्षेत्र के मस्जिद टोला निवासी मोहम्मद फैजान (25 वर्ष) और शेख साहीद (27 वर्ष) को गिरफ्तार किया। सीडीपीओ के अनुसार पूछताछ के दौरान दोनों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया गया। बरामद सामानों में एक बजाज मोटरसाइकिल, एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, एक एलइडी टीवी, पीतल के बर्तन ,जेवर रखने वाला एक बैग में 2162 रुपए के सिक्के तथा 68,320 रुपए का नगद शामिल है। बरामद सामानों की कुल अनुमानित कीमत करीब ?300000 बताई गई। पुलिस के अनुसार, इस कांड में संलिप्त एक अन्य आरोपी राहुल पाल, निवासी मस्जिद टोला ,बलियापुर ,वर्तमान में बलियापुर थाना क्षेत्र के चाकू बाजी के एक मामले में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। चोरी की घटनाओं के उद्भेदन और बरामदगी में सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार, पी कुमार, सुमित एक्का और विनोद टोप्पो सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छात्रा से बदसलूकी के खिलाफ आइसा और ऐपवा ने की कार्रवाई की मांग



**रांची।** बिहार के जमुई जिले में नाबालिग के साथ कथित बदसलूकी की घटना के विरोध में मंगलवार को आइसा रांची इकाई और ऐपवा की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रतिवाद सभा आयोजित की गई। सभा में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्रता के अधिकार को लेकर आवाज उठाई गई।मौके पर आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि जमुई सहित देश के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार और यौन हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं।उन्होंने बिहार सरकार से महिला सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की। मौके पर ऐपवा की जिला सचिव नंदिता भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जाता है, लेकिन स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं की सुरक्षा भी गंभीर सवाल बनी हुई है।उन्होंने महिलाओं की आवाजाही और स्वतंत्रता को लेकर दिए जाने वाले कथित पितृसत्तात्मक बयानों पर भी आपत्ति जताई और ऐसे मामलों में कार्रवाई की मांग की। आइसा रांची जिला सचिव संजना मेहता ने कहा कि महिला विरोधी बयान, धमकी या आपत्तिजनक संदेश सामने आने पर प्रशासन को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए।प्रतिवाद सभा में आइसा के त्रिलोकी नाथ, विजय कुमार, संजना मेहता, राकेश बड़ाइक, अनमोल, सत्य प्रकाश, सृष्टि भट्टाचार्य सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## ग्रामीण समस्याओं को लेकर गांव-गांव पहुंचे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, विकास कार्यों को लेकर दिया पहल का भरोसा

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़।** सदर प्रखंड अंतर्गत नवादा एवं गोध्यईपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में मंगलवार, 22 सितंबर 2026 को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की स्थिति और लोगों की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के समक्ष अपने-अपने गांवों से जुड़ी समस्याओं को रखा।

ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली व्यवस्था, पेयजल के लिए चापाकल, चबूतरा निर्माण, नाला निर्माण, पीसीसी सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से पूर्व मंत्री को अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर आलमगीर आलम ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों पर आवश्यक पहल करने का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि क्षेत्र का समुचित विकास और ग्रामीणों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, बिजली, पानी, नाला समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं का सीधा संबंध आम लोगों के जीवन से है। ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं को संबंधित स्तर पर रखने तथा उनके समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने का उन्होंने आश्वासन दिया।जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों से क्षेत्र की अन्य समस्याओं और आवश्यकताओं की भी जानकारी ली। उन्होंने लोगों से लगातार संवाद बनाए रखने तथा स्थानीय स्तर की समस्याओं को सामने लाने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने भी क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी।कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद उर्फ बकुल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, देबू विश्वास, अब्दुल बासिर, जिला महासचिव सेलिम हुसैन, मुखिया हारून शेख सहित स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## देर रात बारिश होते हुए भी बारियातु में करमा पर्व पर छाया उल्लास, भावी जनप्रतिनिधि जागेशवर कुमार ने सभी अखाड़ों में बांटे उपहार



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**केरेडारी।** ग्राम पंचायत बारियातु में करमा पूजा के अवसर पर लगभग 24 अखाड़ों में उल्लास का माहौल रहा। देर रात बारिश होते हुए भी पंचायत के भावी जनप्रतिनिधि सह विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार ने सभी अखाड़ों में पहुंचकर ग्रामीणों को उपहार भेंट किए। इस दौरान गरीखुर्द , पांडेयपुरा खुर्द, बारियातु, देवरिया खुर्द, पांडेयपुरा कला सभी गांव में लगभग पांच अखाड़े उपहार स्वरूप जाने ग्रामीणों की हाल-चाल सभी अखाड़ों में सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष, माता-बहनें उपस्थित रहीं।मौके पर जागेशवर कुमार ने सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि करमा भाई-बहन के प्रेम और प्रकृति से जुड़ा पर्व है, जिसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए।

### वरिष्ठ नागरिकों को मिला सहायक उपकरणों का सहारा

# राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत डभातु में वितरण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**कार्यक्रम मुख्य अतिथि ममता देवी ने किया उपकरणों का वितरण**



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड अंतर्गत किसान उच्च विद्यालय, डभातु में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी के हाथों क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के बीच छड़ी, चलने की गाड़ी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, चश्मा, शौचालययुक्त व्हीलचेयर सहित विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। उपकरण प्राप्त कर वरिष्ठ नागरिकों के चेहरे पर खुशी और संतोष नजर आया।

इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी जरूरतों को समझना और उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाने में सहयोग करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ महिला-पुरुषों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों के माध्यम से बुजुर्गों को रोजमर्रा के कार्यों में सुविधा मिलेगी और वे अधिक आत्मनिर्भर होकर जीवन जी सकेंगे।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम की टीम तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

## प्रकृति पर्व करम हर्षोल्लास के साथ संपन्न, भगवान सिङबोंगा की पूजा कर मांगी खुशहाली

**खूंटी** । प्रकृति पर्व करम सरना धर्म सोतो समिति केंद्र डौगड़ा में मंगलवार को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया।धर्मगुरु बगरय ओड़ेया और धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में सरना स्थल पर भगवान सिङबोंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज और क्षेत्र की सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई।इससे पूर्व नौ प्रकार के बीजों से तैयार जावा फूल और करम डाली को अखड़ा में स्थापित किया गया। करम पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना की। जावा फूल को सौहार्द और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। पुरुषों ने कान में और महिलाओं ने कोपों में जावा फूल लगाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटीं। इसके बाद पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य के साथ लोग देर रात तक अखड़ा में थिरकते रहे।इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने करम कहानी के माध्यम से सरना धर्मावलंबियों को पर्व के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि करम केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन को समृद्ध बनाने का अवसर है। यह अपने कर्मों के प्रति आत्मचिंतन और मंथन करने का दिन है। करम पर्व लोगों को अपनी गलतियों को सुधारकर बेहतर जीवन की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।उन्होंने कहा कि करम पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देता है। इससे ऊंच-नीच, लोभ, लालच और अहंकार जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने की प्रेरणा मिलती है और समाज में सुख, शांति एवं खुशहाली का वातावरण बनता है।कार्यक्रम में बिरसा कंडीर, मंगा ओड़ेया, सुखराम पुर्ती, सुगना पहान, टुटी ओड़ेया, नरनसिंह तोपनो, मधियाना धान, जीतनाथ पहान, बुधराम मुंडा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बुधवार को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद करम डाली का विसर्जन किया जाएगा।

# संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता पर उठते सवाल



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

सौ टके का सवाल यह है कि आज यूएन दुनिया के देशों के बीच संघर्ष या तनाव कम करने में निर्णायक भूमिका नहीं निभा पा रहा है। अमेरिका-ईरान या रुस-यूक्रेन युद्ध सबके सामने है। यह कोई दो देशों के बीच युद्ध नहीं है अपितु इन युद्धों की आंच दुनिया के अधिकांश देशों पर किसी ना किसी रुप में पहुंच रही है। अमेरिका-ईरान युद्ध हो या फिर रुस यूक्रेन युद्ध और इसी तरह दुनिया के देशों के सामने आ रही गंभीर समस्याओं के चलते संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता पर सवाल उठने लगे हैं। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते आज दुनिया के देश ईंधन की समस्या से दो चार हो रहे हैं। शक्तिशाली देशों के दादागिरी चरम पर पहुंचती जा रही है। आज हार्मुज का रास्ता बंद है तो अन्य वैकल्पिक रास्तों पर भी अवरोध आ रहे हैं। दुनिया के अन्य देशों की समस्याओं के प्रति कोई गंभीर नहीं है। पेट्रोल पदार्थों और एलपीजी की आवाजाही प्रभावित होने से ईंधन के भावों में बेतहासा बढ़ोतरी हो रही है। ऊर्जा संकट हो रहा है। आवागमन के साधनों का प्रमुख माध्यम पेट्रोल-डीजल आदि है और उनकी उपलब्धता पर पड़ रहे असर के कारण सभी देशों में सीधे आमजन प्रभावित हो रहे हैं। आखिर ऐसे समय में ही संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। पर जो तस्वीर सामने आ रही हैं वह साफ है कि युद्ध करने वाले देशों पर दबाव ड़ालने की स्थिति में ना तो कोई वैश्विक संस्था रह गई है और ना ही कोई सर्वमान्य वैश्विक नेता। आखिर यह कोई एक दिन का पराभव तो नहीं हैं बल्कि देखा जाएं तो संयुक्त राष्ट्र को तो योजनाबद्ध तरीके से शक्तिहीन किया गया है। अमेरिका जैसे देशों द्वारा बिना बजह फण्डिंग बाधित या कम की जाती है तो वीटो पॉवर स्वयं में नकारात्मक भूमिका में है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नए सदस्यों के प्रवेश को टाला जा रहा है तो इसे पंगु बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि कोविड के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ ने सकारात्मक भूमिका निभाई। देशों के बीच परस्पर सहयोग व समन्वय का परिणाम यह रहा कि दुनिया के देश कोविड वैश्विक संकट से मुकाबला करने में सफल रहे। खैर पर दुनिया के देशों के बीच युद्ध, युद्ध के हालात और तनाव की स्थिति को कम करने में संयुक्त राष्ट्र संघ पूरी तरह विफल रहा है। इस विफलता के कारणों का अलग से विश्लेषण किया जा सकता है। पर एक बात साफ है कि आज संयुक्त राष्ट्र संघ पर समग्र रुप से देखा जाएं तो भरोसा 57 प्रतिशत ही रह गया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रति नकारात्मक विचार रखने वालों का प्रतिशत 37 प्रतिशत ही है। भरोसे के यह आंकड़ें अगस्त 26 के ही हैं और यह प्यू रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में सामने आये हैं। दुनिया के देशों में संयुक्त राष्ट्र संघ पर सबसे कम भरोसा करने वाला देश इजरायल है। इजरायल के 79 प्रतिशत लोग संयुक्त राष्ट्र संघ पर भरोसा नहीं रखते। इजरायल ही क्या जापान, तुर्की, पाकिस्तान, ग्रीस, फिलिस्तीनी क्षेत्र के देश आदि ऐसे देष है जो यूएन पर भरोसे के मामले में लकारात्मक सोच रखते हैं। हांलाकि कनाड़ा, अमेरिका, नाइजीरिया, अधिकांश योरोपीय देश, घाना, केन्या व अधिकांश एशिया प्रशांत के देशों का भरोसा अधिक है। यह देश संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रति सोच सकारात्मक रखते हैं। नाइजीरिया, फ्रांस यहां तक कि अमेरिका आदि में संयुक्त राष्ट् के प्रति सकारात्मकता में अच्छी खासी गिरावट देखने को मिली है। दुनिया के देशों में एकमात्र श्रीलका ऐसा देश है जहां संयुक्त राष्ट् संघ के प्रति भरोसे में बढ़ोतरी देखी गई है।



सौ टके का सवाल यह है कि आज यूएन दुनिया के देशों के बीच संघर्ष या तनाव कम करने में निर्णायक भूमिका नहीं निभा पा रहा है। अमेरिका-ईरान या रुस-यूक्रेन युद्ध सबके सामने है। यह कोई दो देशों के बीच युद्ध नहीं है अपितु इन युद्धों की आंच दुनिया के अधिकांश देशों पर किसी ना किसी रुप में पहुंच रही है। आज वर्चस्व सिद्ध करने या दादागिरी ही एक मात्र ध्येय रह गया है। पर रुस और अमेरिका अभी भी यह नहीं समझ पा रहे कि युद्धारंभ से पहले चंद घंटों या चंद दिनों का युद्ध समझ कर जोश में आ गए थे आज हालात उनके लिए ना निगलते बन रही हैं और ना ही निगलते बन रही है। इन युद्धों ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि सामने वाला देश कितना भी छोटा क्यों ना हो पर युद्ध को लंबा किसनी की क्षमता उसमें हैं। अमेरिका इजरायल ने जब ईरान पर आक्रमण किया तब उन्होंने बहुत गाल बजाएं थे पर आज जो हालात है वह सबके सामने हैं। यही रुस यूक्रेन की बात है चंद दिनों का युद्ध कब सालों लंबा युद्ध होता जा रहा है यह सबके सामने हैं। आज संयुक्त राष्ट्र संघ प्रभावी या कारगर होता तो हालात इतने खराब नहीं होते। आज संयुक्त राष्ट्र संघ नख-दंत विहीन संस्था रह गया है।

अमेरिका सहित विकसित देश फण्डिंग में कमी कर देते हैं या रोक देते हें तो यूएन अपने आप में इतना सक्षम नहीं है कि देशों पर दबाव बना सके। सुरक्षा परिषद का वीटो का अधिकार भी एक प्रमुख बाधा ही है। सुरक्षा परिषद में भारत के प्रवेश को लंबे समय से रोका जा रहा है। नए सदस्य किसी को स्वीकार ही नहीं हो रहे। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन एक सकारात्मक संदेश के साथ हुआ था। समय आ गया है जब दुनिया के देशों को संयुक्त राष्ट् संघ की भूमिका नए सीरे से तय करनी होगी। यूएन को दिखावटी संस्था के स्थान पर अधिकारपूर्ण और निर्णय क्षमता युक्त संस्था बनानी होगी। लोगों में विश्वास बनाना होगा कि यूएन केवल संस्था नहीं अपितु वह अपने दायित्वों को पूरा करने और दादागिरी करने वाले देशों पर लगाम लगाने की स्थिति में हो या ना हो पर एक ऐसा भ्रम तो पैदा करने की स्थिति में हो ताकि शक्तिशाली देशों की मोनोपोली को सीमित किया जा सके।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। धन लाभ होने के योग बने हुये हैं। नए कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं। दोस्तों से लाभ मिल सकता है। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। वाद-विवाद से दूर रहें। वाणी पर संयम रखें। परिवारजनों के साथ किसी समारोह में जाने की संभावना बन रही है। खरीददारी में अधिक खर्च हो सकता है। कार्य क्षेत्र मे सफलता मिलेगी। परिवार के साथ भी तालमेल अच्छा बना रहेगा।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को आज रोजगार मिलने की संभावना है। पति-पत्नी के बीच तालमेल बना रहेगा। मित्रों के पीछे धन खर्च हो सकता है। अपने गुस्से पर काबू रखें। खुद पर विश्वास रखना बेहद जरूरी है। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का योग बन सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय व्यातीत होगा। मन में नकारात्मक विचार न आने दें।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होने की संभावनाएं हैं। मन में नए विचार आएंगे। किसी अच्छी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है। परिवार में भी मतभेद रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ? से चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। कुछ नये लोगों से संबंध बनेंगे।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। मित्रों से मुलाकात हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च से तनाव बढ़ेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। अधिकतर समय गरीब और कम सुविधा प्राप्त बच्चों को शिक्षा में लगाने से खुशी मिलेगी। कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में मददगार होंगे।

**सिंह राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। धन लाभ के योग बनेंगे और भाग्य प्रबल रहेगा। आय में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में तरक्की मिल सकती है। छोटे प्रवास पर जा सकते हैं। विदेश से अच्छी खबर मिल सकती है। संतानों की ओर से भी लाभ मिलेगा। परिवारजनों तथा मित्रों के साथ आनंदपूर्वक पलों को मनाएंगे। अपनी पसंद के कार्य कर सकेंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय में बढ़ोतरी की संभावनाएं हैं। ऑफिस या व्यावसायिक स्थल पर कार्य भार अधिक रहेगा। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी। विदेश जाने के अवसर मिलेंगे। किसी बड़ी कंपनी से डील हो सकती है। खेल-कूद में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी परिचित व्यक्ति से लम्बे समय बाद मिलने की सम्भावना रहेगी। अपनी योग्यता से अपनी हर मुश्किल को आसान कर लेंगे।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। माता-पिता और बुजुर्गों के आशीर्वाद से सारे काम आसानी से हो जाएंगे। शारीरिक रूप से नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे। कारोबार में आर्थिक लाभ होगा। आज आप नए काम शुरू कर सकते हैं। रहन-सहन में असहज महसूस करेंगे। विदेश से अच्छी खबर मिल सकती है। खुद पर संयम रखें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वस्त्र-आभूषणों के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य क्षेत्र में बाधाएं आ सकती हैं। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। दांपत्य जीवन के सुख अनुभव कर सकेंगे। घर के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। घूमने जा सकते हैं। योग और ध्यान से मानसिक शांति प्राप्त कर सकेंगे। नए लोगों से परिचय हो सकता है। दफ्तर में बचा हुआ कार्य पूरा होने की वजह से मन का बोझ हल्का होगा। किसी नए प्रोजेक्ट की शुरूआत कर सकते है।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कठिन परिश्रम से अपने कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलने के योग रहेंगे। कारोबारी व्यापार में वृद्धि कर सकेंगे। ऑफिस में सहयोग मिलेगा। परिवारजनों और मित्रों से लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक रूप से सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन आनंददायी रहेगा। परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। विद्यार्थियों का भी शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा मन लगेगा।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। ऑफिस में काम की अधिकता रहेगी। मन में अशांति रहेगी। वाणी में मधुरता से नए संबंध बनेंगे। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। किसी पुरानी बात को लेकर तनाव में रहेंगे। कार्यों में किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। अपनों का साथ सही दिशा में ले जाएगा। विद्यार्थियों का पढ़ाई लिखाई में मन नहीं लगेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति के योग हैं। कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में भी खुशियों का माहौल बना रहेगा। प्रिय मित्र से मिलने का योग बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। नए स्रोतों से धन की प्राप्ति हो सकती है। वाणी पर संयम और गुस्से पर नियंत्रण रखें। बुजुर्गों की सेवा करना शुभ फल देगा।

**मीन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे और धनलाभ की स्थिति रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में परेशानियां होंगी। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। पिता से लाभ मिल सकता है। गुस्से पर काबू रखें। यात्रा पर जाने के योग हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता रहेगी। ऑफिस या व्यावसायिक स्थल पर कार्य भार अधिक रहेगा। धन अधिक खर्च होगा। संतान सुख में वृद्धि होगी।

# चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के कूटनीतिक मायने



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अमेरिका यात्रा वैश्विक भू-राजनीति और दोनों देशों के रिश्तों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शी जिनपिंग का स्वागत करने और स्टेट डिनर देने के फैसले से साफ है कि दोनों महाशक्तियां तनाव को कम कर नए तालमेल की ओर बढ़ना चाहती हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर 23 से 25 सितंबर 2026 तक अमेरिका की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। शी जिनपिंग 23 सितंबर को वाशिंगटन पहुंचेंगे। उनका यह दौरा 25 सितंबर को समाप्त होगा, जिसके बाद उनकी वापसी होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच शिखर वार्ता होगी, जिसमें व्यापार, टैरिफ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अमेरिका यात्रा वैश्विक भू-राजनीति और दोनों देशों के रिश्तों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शी जिनपिंग का स्वागत करने और स्टेट डिनर देने के फैसले से साफ है कि दोनों महाशक्तियां तनाव को कम कर नए तालमेल की ओर बढ़ना चाहती हैं। लिहाजा इस यात्रा पर पूरी दुनिया के कूटनीतिज्ञों की नजर होगी। इस पर रूस और भारत की खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि अमेरिका चाहेगा कि रूस और भारत से प्रगाढ़ हो रहे चीन के रिश्तों में कुछ खलल पैदा किया जाए। चूंकि अमेरिका ने सोवियत संघ और भारत के खिलाफ चीन को रणनीतिक मजबूती दी थी, लेकिन बाद में भी उसकी भूल साबित हुई। चीन को काबू में रखने के लिए अमेरिका ने भारत को शह दिया, लेकिन यहां भी उसका दांव उल्टा पड़ गया। इतिहास

इसलिए अमेरिका अब रूस और चीन से वन टू वन, और फिर जी-3 के माध्यम से बातचीत करने को उतावला है ताकि भारत, जापान, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और ईरान जैसे महत्वाकांक्षी देशों को काबू में रखा जा सके। लेकिन यदि चीन व्यवहारिक कूटनीति को छोड़कर अमेरिकी मायाजाल में फंसता है तो फिर कहीं का नहीं रहेगा, क्योंकि भारत और रूस की समझदारी इतनी परिपक्व व मजबूत है कि उन्हें आंख दिखाने वाले उसी अंतर्राष्ट्रीय फजीहत को प्राप्त करेंगे, जैसा कि अभी अमेरिका भुगत रहा है।

# इस यात्रा के प्रमुख कूटनीतिक मायनेः

एक, व्यापार युद्ध और टैरिफ में संतुलनः अमेरिका द्वारा चीनी सामानों पर अत्यधिक टैरिफ और निर्यात प्रतिबंध लगाने के बावजूद चीन ने रेयर अर्थ खनिजों और महत्वपूर्ण तकनीकों की सप्लाई रोककर कड़ा रुख अपनाया। इस यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य नए व्यापारिक समझौते की रूपरेखा तैयार करना और दोनों देशों के बीच जारी आर्थिक/व्यापारिक तनाव को कम करना है। दो, रेयर अर्थ और अककी होड़ः स्मार्टफोन, रक्षा सामग्री, इलेक्ट्रिक वाहनों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) के लिए आवश्यक रेयर अर्थ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति पर चीन का नियंत्रण है। अमेरिका अपनी सप्लाई चेन को सुरक्षित रखना चाहता है, जबकि चीन अमेरिका द्वारा सेमीकंडक्टर/चिप तकनीक पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील चाहता है। तीन, वैश्विक स्थिरता और मध्य-पूर्व संकटः दुनिया के दो बड़े नेताओं का मिलना वैश्विक बाजारों और अर्थव्यवस्था में स्थिरता का संदेश देता है। वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव और रणनीतिक समुद्री रास्तों को सुचारू रखने जैसे मुद्दों पर दोनों देश कूटनीतिक सहयोग की गुंजाइश तलाश रहे हैं। चार, ताइवान और क्षेत्रीय सुरक्षाः चीन हमेशा से ताइवान पर अपने संप्रभु अधिकारों का दावा करता आया है। इस बैठक में अमेरिकी हथियारों की ताइवान को बिक्री पर चर्चा हो सकती है। बीजिंग इस मंच का इस्तेमाल अमेरिका को ताइवान के मामले में हस्तक्षेप कम करने का कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए करेगा।

# कूटनीतिक संदर्भ के क्षेत्र, अमेरिकी हित और चीनी हित

व्यापार में अमेरिकी सोयाबीन व कृषि उत्पादों की बिक्री व बाजार पहुंच पर डील करेगा, जबकि चीन टैरिफ दरों में कमी और आर्थिक स्थिरता पर जोर देगा। तकनीक में अमेरिका अकऔर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी बढ़त बनाए रखना चाहेगा, जबकि चीन अमेरिकी टेक एक्सपोर्ट बैन और प्रतिबंधों से राहत चाहेगा। सप्लाई चेन में अमेरिका रेयर अर्थ मिनरल्स की बिना बाधा आपूर्ति चाहेगा, जबकि चीन वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग में केंद्रीय भूमिका बनाए रखना चाहेगा। अमेरिका और चीन की डील से भारत और रूस पर क्या- क्या असर पड़ सकते हैं?

अमेरिका और चीन की यह द्विपक्षीय बातचीत और 'प्रबंधित प्रतिस्पर्धा' की दिशा में कदम भारत और रूस के रणनीतिक और आर्थिक हितों पर गहरा प्रभाव डालते हैं,

# अमेरिका और चीन की डील से भारत पर असर

एक, सामरिक दबाव : भारत के लिए अमेरिका-चीन का संबंध एक दोधारी तलवार है। यदि अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक या रणनीतिक सहमति बनती है, तो भारत को डर रहता है कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक रीजन में चीन के खिलाफ उतनी सख्ती नहीं दिखाएगा, जितनी भारत अपनी सुरक्षा (जैसे छअउ विवाद) के लिए चाहता है।

# मुफ्तखोरी का बोझ

मुफ्तखोरी की संस्कृति एक प्रतिकूल परंपरा है, जो न केवल राजनीति, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचाती है। 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अर्थशास्त्री एन के सिंह ने मुफ्त उपहार योजनाओं को लेकर कुछ वाजिब सवाल उठाए हैं। साथ ही, यह भी कहा है कि अभी मुफ्त योजनाओं के अर्थ में बहुत अस्पष्टता है। वाकई हमें यह देखना चाहिए कि कौन-सी वस्तु मुफ्त देने लायक है और कौन-सी वस्तु देने लायक नहीं है। मिसाल के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत और व्यापक करना, रोजगार गारंटी योजनाएं, शिक्षा के लिए सहायता और स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से महामारी के दौरान परिव्यय बढ़ाना सही है। पूरी दुनिया में ऐसे व्यय को न्यायपूर्ण माना जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि दुनिया में गरीबों या अभावग्रस्त लोगों की संख्या कम से कम एक चौथाई है, उनकी आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा के प्रबंध करना हर सरकार की जिम्मेदारी है। कोरोना के समय भारत में ही 80 करोड़ लोगों तक मुफ्त अनाज पहुंचाने की कोशिश हुई, उसकी निंदा भला कौन कर सकता है? कई बार लोगों को मुफ्त सेवाएं या वस्तुएं देना जरूरी हो जाता है। ऐसे में, एन के सिंह का इशारा बिल्कुल सही है कि जरूरी और गैर-जरूरी के बीच हमें फर्क करना चाहिए।

सरकारों को यह सोचना ही चाहिए कि मुफ्त योजनाएं लंबे समय में अर्थव्यवस्था, जीवन की गुणवत्ता और सामाजिक सामंजस्य के लिए कितनी महंगी पड़ेंगी। एन के सिंह ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के वार्षिक दिवस के अवसर पर साफ कहा है कि मुफ्त योजनाओं की प्रतिस्पर्द्धी राजनीति से हमें डरना चाहिए। हमें आर्थिक विकास की उच्च दर हासिल करने की राह पर चलना चाहिए। आज दक्षता की दौड़ ही संपन्नता की दौड़ है। ऐसी योजनाएं अगर बढ़ती गईं, तो उन राज्यों का क्या होगा, जिनकी अर्थव्यवस्था पहले से ही बहुत दबाव में है। सरकारों पर जो कर्ज है, उसे भी देखना चाहिए। वस्तुतः कर्ज लेकर मुफ्त योजनाओं के दम पर राजनीति करना एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय भी है। अनुमान के अनुसार, पंजाब में मुफ्त योजनाओं या उपहारों के वादे को लागू करने में लगभग 17,000 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं। इससे जीएसडीपी के तीन प्रतिशत के बराबर का अतिरिक्त भार पडेगा। पंजाब के सकल घरेलू उत्पाद में पचास प्रतिशत से ज्यादा तो ऋण है, मतलब मुफ्त योजनाओं से पंजाब पर भार बढ़ना तय है।

उन्होंने एक और उपयोगी मिसाल दी है। राजस्थान की सरकार ने घोषणा की है कि वह पुरानी पेंशन योजना को लागू करेगी। यह निर्णय प्रतिगामी है, क्योंकि पुरानी पेंशन योजना से पीछा छुड़ाना इस तथ्य पर आधारित था कि वह योजना समानता पर आधारित नहीं थी। राजस्थान का पेंशन एवं वेतन व्यय उसके कर और गैर-कर राजस्व का करीब 56 प्रतिशत है, यानी उसकी छह प्रतिशत सिविल सेवक आबादी को राज्य के 56 प्रतिशत राजस्व का लाभ मिलता है। यह समानता और नैतिकता के सिद्धांत के भी विपरीत है। यह सही है कि सरकारों की व्यय प्राथमिकताओं की वजह से विकास व विकास की योजनाओं पर असर पड़ रहा है। मुफ्त सुविधाओं से कुशलता और प्रतिस्पर्द्धा, दोनों पर नकारात्मक असर पड़ता है। वह मुफ्तखोरी के अर्थशास्त्र को निरपवाद रूप से गलत बताते हुए सुधार की पैरोकारी करते हैं। मुफ्त उपहार की राजनीति व उसके अर्थशास्त्र, दोनों में गहरी खामियां हैं।

# धरती पर जीवन बचाने के लिए गंभीर प्रयास करने की क्यों है आवश्यकता

कितनी भी बड़ी घटना पृथ्वी पर हो जाए और एक बार सारे जीवन खत्म भी हो जाएं फिर भी जीवन पनपेगा क्योंकि समुद्र जीवन का सबसे बड़ा कारक है परंतु मनुष्य अपनी जीवन की बेहतरी के लिए इतना लालायित है कि वह विकास के दंश को नहीं देख रहा है एक बार फिर आज हम पृथ्वी दिवस मना रहे हैं, ताकि पृथ्वी के प्रति कुछ गंभीरता दिखा सकें। पर सच तो यह है कि आज तक हम पृथ्वी को समझ ही नहीं पाए हैं। उसकी समझ साथ में होती तो आज परिस्थितियां बदतर नहीं हो पातीं, जिसे अब गंभीरता का दर्जा दिया जा रहा है। असल में हमने कभी भी पृथ्वी के बनने और बनाने व इसकी तमाम तरह की प्रक्रियाओं और प्रतिक्रियाओं को कभी भी अपनी शिक्षा व समझ का हिस्सा बनाया ही नहीं। इतना ही नहीं, पृथ्वी को मां का दर्जा क्यों दिया गया, यह कभी हमने अपनी शिक्षा में परोसा ही नहीं। 'माता भूमिः, पुत्रो अहं पृथिव्याःइ जो कि भारत की संस्कृति और शास्त्रों द्वारा पृथ्वी के विश्लेषण का सूत्र है, उसे बांटा ही नहीं। खुद हम नहीं समझ पाए तो शायद हम अन्य देश और दुनिया को कैसे बांट पाते।

लगभग 4.6 अरब वर्ष पहले जब एक ब्रह्मांड की घटना जिसे सुपरनोवा का दर्जा दिया जाता है, उसमें सूर्य और पृथ्वी का जन्म हुआ। साथ में लगभग 20 और ग्रह भी अस्तित्व में आए। लेकिन इन सबमें जीवन अगर कहीं संभव था तो वह पृथ्वी में ही था। उसके बहुत से कारणों में यह था कि यहां पानी था, गुरुत्वाकर्षण की दृष्टि में यह बेहतर और सही ग्रह के बीच में था। तीसरी बात सूरज से अधिक दूरी होने के कारण यहां तापक्रम सहनीय होने के साथ सहज जीवन में लाने के लिए सक्षम था और इन्हीं कारणों से पृथ्वी में जीवन पनपा। लेकिन आज हम जिस तरह से पृथ्वी का शोषण कर रहे हैं या तथाकथित विकास के नाम पर अपनी सुविधाओं के रास्ते तैयार कर रहे हैं, यह पृथ्वी को समाप्ति की ओर ले जा सकता है। पृथ्वी पर पहला जीवन लगभग 3.9 अरब वर्ष पहले अस्तित्व में आया। इस बात के लिए हमें आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए कि पृथ्वी पर मनुष्य का जन्म महज एक लाख साल पुरानी घटना है और इस प्रजाति को पनपने में भी करीब 20 लाख साल लगे। दरअसल पहले मनुष्य से जुड़ी प्रजाति 20 लाख साल पहले होमियो हिबलिस और फिर रैक्टश के नाम से आई थी, लेकिन करीब 90 साल पहले होमोसेपियन जो वर्तमान मनुष्य है, उसने जन्म लिया और इसी कहानी में करीब 12 हजार साल पहले नई सभ्यता ने जन्म लिया, जहां मनुष्य ने अपने लिए तमाम तरह की सुविधाएं जुटाने की शुरूआत की, जिसे हमने सभ्यता का दर्जा दियाइस सभ्यता में तब शायद संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान भी जुड़ा था, लेकिन इन 12 हजार वर्षों में हमने बहुत कुछ बदल दिया है और पांच हजार साल से हम जीवन की एक नई शैली की बढ़ चले हैं। पृथ्वी की बबार्दी की यात्रा यहीं से आरंभ हुई मानी जाती है।

यह भी वैज्ञानिक तथ्य है कि कितनी भी बड़ी घटना पृथ्वी पर हो जाए और एक बार सारे जीवन खत्म भी हो जाएं, फिर भी जीवन पनपेगा, क्योंकि समुद्र जीवन का सबसे बड़ा कारक है, परंतु वर्तमान मनुष्य जो अपनी जीवन की बेहतरी के लिए इतना लालायित है कि वह विकास के दंश को नहीं देख पा रहा है, उसे ही सोचना होगा कि जिस तरीके से उसकी जीवन शैली विकसित हो रही है, वह उसके अस्तित्व को ही नष्ट कर सकती है। एक सरल सा आंकड़ा है कि अगर हम 4.6 अरब को 46 वर्षों में बदल दें तो मनुष्य का जन्म मात्र तीन से चार घंटे पहले हुआ और इसी समय करीब 40 से 45 मिनट पहले औद्योगिक क्रांति आई। यही वह समय था जब प्रदूषण और प्रकृति से बड़ी छेड़छाड़ हुई और मात्र इस 40 मिनट में हमने 46 साल की पृथ्वी मां को बर्बाद करना शुरू कर दिया, लेकिन हम भूल गए कि हम पृथ्वी को समाप्त नहीं कर पाएंगे, बल्कि जिस तरीके से हम अपनी जीवन शैली तय कर रहे हैं।



# पटना जीपीओ मल्टी मॉडल हब में अब फ्री में नहीं पार्क कर सकेंगे गाड़ियां, अक्टूबर से देना पड़ेगा चार्ज

**पटना (एजेंसी)** पटना के मल्टी मॉडल हब में अक्टूबर से वाहनों के लिए पार्किंग शुल्क लागू होगा. स्मार्ट पार्किंग सिस्टम, मंथली पास और रोटरी पार्किंग की सुविधा जल्द शुरू होगी. जानें पूरा प्लान. पटना के जीपीओ गोलंबर के पास स्थित मल्टी मॉडल हब में अक्टूबर से वाहनों की पार्किंग के लिए शुल्क देना होगा. पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने हब के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. पार्किंग के लिए शुल्क की दरें अभी तय नहीं हुई हैं. पार्किंग दर तय करने के लिए अन्य जगहों का अध्ययन पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ मो. शमशाद के अनुसार, पार्किंग शुल्क तय करने के लिए पटना जंक्शन, एयरपोर्ट और अन्य प्रमुख स्थानों पर लागू पार्किंग दरों का अध्ययन किया जा रहा है. इसके आधार पर मल्टी मॉडल हब के लिए दर निर्धारित की




जाएगी. एक साथ 225 कारें हो सकेंगी पार्क मल्टी मॉडल हब में कई स्तरों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है. ग्राउंड फ्लोर पर 6 कार और 32 बस खड़ी हो सकेंगी. पहली मंजिल पर 67, दूसरी मंजिल पर 76 और तीसरी मंजिल पर 76 कारों की पार्किंग क्षमता है. इस तरह परिसर में एक साथ 225 कारें खड़ी की जा सकेंगी. प्रवेश पर टिकट काउंटर से देना होगा यूजर चार्ज वाहनों के हब में प्रवेश करने पर टिकट काउंटर के माध्यम से यूजर चार्ज लिया जाएगा. पार्किंग व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए स्मार्ट पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जा रहा है. नंबर प्लेट स्कैन होते ही बनेगा टिकट वाहन के बूम बैरियर के पास पहुंचते ही सेंसर उसे डिटेक्ट करेगा. इसके बाद एएनपीआर कैमरे से वाहन की नंबर प्लेट स्कैन होगी और ऑटोमेटिक तरीके से टिकट जनरेट हो जाएगा. टिकट बनने के बाद बूम बैरियर खुल जाएगा. इससे पार्किंग में प्रवेश की प्रक्रिया को स्वचालित बनाने की तैयारी है. रोज आने-जाने वालों को मिलेगा मंथली पास मल्टी मॉडल हब में नियमित रूप से वाहन पार्क करने वालों के लिए मंथली पास की सुविधा भी उपलब्ध होगी. इससे रोज आने-जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है. पार्किंग व्यवस्था शुरू होने के बाद सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े होने से होने वाले ट्रैफिक दबाव को कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है. दोपहिया के लिए बनेगी रोटरी पार्किंग मल्टी मॉडल हब परिसर में दोपहिया वाहनों के लिए रोटरी तकनीक आधारित पार्किंग तैयार की जाएगी. इसमें एक साथ 96 बाइक खड़ी की जा सकेंगी. पटना स्मार्ट सिटी की ओर से शहर में तीन स्थानों पर इस तरह की रोटरी पार्किंग बनाने की योजना है. संचालन के लिए चार एजेंसियां दौड़ में मल्टी मॉडल हब और 440 मीटर लंबे सब-वे के संचालन के लिए निजी एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है. 19 सितंबर को हुई टेंडर कमेटी की बैठक में चार एजेंसियों को योग्य पाया गया है. इन एजेंसियों को लेकर 22 सितंबर तक आपत्तियां मांगी गई हैं. इसके बाद फाइनेंशियल बिड खोली जाएगी और एजेंसी का चयन किया जाएगा. 440 मीटर लंबे सब-वे का भी संचालन होगा निजी एजेंसी को केवल मल्टी मॉडल हब की पार्किंग और परिसर के संचालन की जिम्मेदारी नहीं मिलेगी, बल्कि 440 मीटर लंबे सब-वे का संचालन और रखरखाव भी एजेंसी के जिम्मे होगा. दुकान, रेस्तरां और एटीएम की भी सुविधा मल्टी मॉडल हब परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी जगह तैयार की गई है. यहां 4763 वर्ग फुट का रेस्तरां, हब में पांच दुकानें और सब-वे में छह दुकानें बनाई गई हैं.

# जमुई में छात्रा से बदसलूकी मामले में एनकाउंटर, पुलिस ने नंदन यादव को मारी गोली

**पटना (एजेंसी)** बिहार के जमुई जिले में छात्रा के साथ बदसलूकी मामले में एक्शन लिया गया. मंगलवार को जमुई में मुठभेड़ हुई, जहां पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए नंदन यादव के पैर में गोली मारी. मंगलवार को जमुई जिले में मुठभेड़ हुई. पुलिस ने नंदन यादव के पैर में गोली मारी. जिले में छात्रा से बदसलूकी मामले में आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी. लेकिन इस दौरान पुलिस पर फायरिंग कर दी गई, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई. गोली नंदन यादव के पैर में लगी. 19 सितंबर को हुई थी घटना जमुई के मड़वा पहाड़ी इलाके में 19 सितंबर की शाम 10वीं की छात्रा और उसके साथी को कुछ युवकों ने घेर लिया. दोनों कोचिंग से लौट रहे थे. आरोप है कि छात्र के साथ मारपीट की गई. छात्रा को घसीटा गया और उसके साथ अश्लील हरकत की गई. पूरी घटना का वीडियो भी बनाया गया. 21 सितंबर को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल 21 सितंबर को घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने



मामले में कार्रवाई शुरू की. पीड़ितों का बयान लिया गया. इसके बाद केस दर्ज किया गया. मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा. तीनों नाबालिग बताए गए हैं. एसडीपीओ दीप्ति मोनाली के नेतृत्व में एसआईटी बनाई गई है. पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. अऊæ ने स्पीडी ट्रायल की कही थी बात मामले में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर केएस अनुपम ने स्पीडी ट्रायल की बात कही है. अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाले 120 से ज्यादा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के खिलाफ भी कार्रवाई की गई. इतना ही नहीं, मामले की जांच के लिए रश्ळ का गठन भी किया गया, जिसकी निगरानी जमुई के नेतृत्व में की जा रही थी. 22 सितंबर को आरोपी नंदन यादव का एनकाउंटर मामले में लगातार जांच-पड़ताल और कार्रवाई जारी थी. इस बीच मंगलवार को आरोपी नंदन यादव का एनकाउंटर किया गया. बताया जा रहा है कि नंदन यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पहुंची थी. लेकिन आरोपी की ओर से पुलिस पर पायरिंग कर दी गई. इसके बाद आरोपी ने भागने का प्रयास किया. इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई. इस दौरान आरोपी के पैर में गोली मारी गई. इसके बाद उसे इलाज के

# दानापुर से बिहटा जाने के लिए देना पड़ेगा टोल टैक्स, एलिवेटेड रोड पर इस दिन से शुरू होगा

**पटना (एजेंसी)** दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड का 66.82% निर्माण पूरा हो चुका है. अगस्त तक आवागमन शुरू होने की उम्मीद है. टोल प्लाजा, 600 मीटर लंबी टनल और 25 मिनट में यात्रा सुविधा मिलेगी. पटना के दानापुर-बिहटा के बीच बन रहे 21 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड का 66.82 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है. परियोजना पर काम जारी है और अगले साल अगस्त तक इस मार्ग पर आवागमन शुरू होने की संभावना जताई गई है. कन्हौली के पास बन रहा टोल प्लाजा एलिवेटेड रोड पर कन्हौली के पास टोल प्लाजा का निर्माण कराया जा रहा है. इसी टोल प्लाजा के माध्यम से इस मार्ग का इस्तेमाल करने वाले वाहनों से टोल टैक्स की वसूली की जाएगी. करीब 12 मीटर चौड़े टोल प्लाजा का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. टोल कर्मियों के लिए भी विकसित होंगी सुविधाएं टोल प्लाजा के निर्माण के साथ वहां तैनात होने वाले कर्मियों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं. परियोजना पूरी होने के बाद टोल प्लाजा एलिवेटेड रोड पर वाहनों के संचालन का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा. बिहटा एयरपोर्ट के लिए बनेगी 600 मीटर लंबी टनल बिहटा एयरपोर्ट और एयरफोर्स स्टेशन तक सुगम कनेक्टिविटी के लिए कन्हौली के पास 600 मीटर लंबी टनल का निर्माण भी किया जा रहा है. इससे एलिवेटेड रोड से एयरपोर्ट और एयरफोर्स स्टेशन की कनेक्टिविटी बेहतर करने की योजना है. दानापुर स्टेशन के पास बन रहे चार रैंप दानापुर-बिहटा फोर लेन एलिवेटेड रोड में कुल सात रैंप बनाए जा रहे हैं. इनमें चार रैंप दानापुर स्टेशन के पास, दो नेउरागंज के पास और एक रैंप बिहटा एयरपोर्ट के पास बनाया जा रहा है. इन रैंप के माध्यम से एलिवेटेड रोड को आसपास के प्रमुख इलाकों से जोड़ा जाएगा. चार स्थानों पर बाइपास का काम जारी शिवाला से बिहटा के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए नेउरा, पैनाल, कन्हौली और विशनपुरा में बाइपास का निर्माण भी जारी है. इन बाइपास के तैयार होने से एलिवेटेड रोड और आसपास के क्षेत्रों के बीच आवागमन को बेहतर करने की योजना है. दानापुर से बिहटा की दूरी 20 से 25 मिनट में पूरी होने की संभावना एलिवेटेड रोड पर आवागमन शुरू होने के बाद दानापुर से बिहटा के बीच यात्रा का समय कम होने की संभावना है. परियोजना के अनुसार, दोनों स्थानों के बीच की दूरी करीब 20 से 25 मिनट में पूरी की जा सकेगी. इससे इस मार्ग पर आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलने की उम्मीद है.

# जमुई घटना पर खेसारी लाल यादव का फूटा गुस्सा, बोले- 'बेटियों की सुरक्षा से समझौता नहीं', सरकार से की ये मांग

**पटना (एजेंसी)** बिहार के जमुई में कक्षा 10 के दो छात्रों से कथित बदसलूकी का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में है. इसी बीच भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने घटना पर नाराजगी जाहिर की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की.जमुई में एक बेटी के साथ हुई बदसलूकी ने पूरे बिहार का खून खौला कर रख दिया है. इस बार आक्रोश सिर्फ सड़कों या सोशल मीडिया तक सीमित नहीं है. भोजपुरी सिनेमा के 'ट्रेंडिंग स्टार' खेसारी लाल यादव का गुस्सा भी चरम पर पहुंच चुका है. जमुई घटना पर खेसारी लाल



यादव का फूटा गुस्सा खेसारी लाल यादव ने एक्स पर एक ट्वीट किया और अपना गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा, ₹जमुई की इस घटना ने इंसानियत को पूरी तरह से शर्मसार कर दिया है. एक बेटी के साथ हुई ऐसी दरिंदगी को देखकर मेरा खून खौल रहा है. दोषी चाहे कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कोई भी कानून से ऊपर नहीं हो सकता. सरकार और प्रशासन से मेरी बिल्कुल साफ मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिले. बेटियों के सम्मान और उनकी सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा." भोजपुरी स्टार ने एक नोट भी लास्ट में लिखा. जिसमें था- "नोटः बच्ची की प्राइवेसी (निजता) का सम्मान करते हुए हमने वो वीडियो डिलीट कर दिया है! लेकिन हम उस दरिंदे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं!₹ जमुई घटना पर पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा बिहार के जमुई में कक्षा 10 के दो छात्रों के साथ कथित तौर पर बदसलूकी और परेशान करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की. मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. वायरल वीडियो में एक छात्र और एक छात्रा के साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक व्यवहार करते हुए कुछ लोग नजर आ रहे हैं. वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने बिहार पुलिस को टैग कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए जमुई पुलिस ने जांच शुरू की

## संक्षिप्त डायरी

### मसौढ़ी मोड़-जीरो माइल मार्ग पर 45 दिनों तक नो-एंट्री, वैकल्पिक रूट से चलेंगी गाड़ियां




**पटना (एजेंसी)** पटना में मसौढ़ी मोड़ से जीरो माइल तक सड़क निर्माण के कारण 45 दिन मार्ग बंद रहेगा. यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों की घोषणा की है. पटना में मसौढ़ी मोड़ से जीरो माइल के बीच सड़क निर्माण कार्य के कारण मंगलवार से इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रभावित रहेगा. निर्माण कार्य करीब 45 दिनों तक चलने की संभावना है. इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं. पश्चिम की ओर जाने वाले वाहन ऐसे जाएंगे पश्चिम की ओर जाने वाले वाहन मसौढ़ी मोड़ से करीब एक किलोमीटर आगे विजयनगर के पास यू-टर्न लेकर गांधी सेतु की ओर जा सकेंगे. इस वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर वाहन चालक निर्माण स्थल से बचते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे. बाइपास से आने वाले वाहनों के लिए जीरो माइल फ्लाइओवर बाइपास की ओर से आने वाले वाहन जीरो माइल फ्लाइओवर का इस्तेमाल करेंगे. यातायात पुलिस के अनुसार, वैकल्पिक मार्गों के इस्तेमाल से निर्माण स्थल पर वाहनों का दबाव कम करने और जाम की स्थिति से बचने में मदद मिलेगी. निर्माण स्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने के लिए संबंधित मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी. यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि निर्माण अवधि में प्रतिबंधित या बाधित मार्ग पर जाने की कोशिश न करें और मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें. 45 दिनों में काम पूरा करने का लक्ष्य निर्माण एजेंसी ने करीब 45 दिनों में सड़क निर्माण कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया है. इस दौरान मार्ग पर यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी रहेगी. जीपीओ आरओबी पर मालवाहक वाहनों के समय में बदलाव इधर, पटना के जीपीओ आरओबी पर जाम की समस्या को कम करने के लिए मालवाहक वाहनों के परिचालन के समय में भी बदलाव किया गया है. यह व्यवस्था 21 सितंबर से लागू की गई है. व्यस्त समय में आरओबी पर मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी. सुबह और शाम दो समय लागू रहेगा प्रतिबंध बुद्ध मार्ग और मीठापुर की ओर से आने वाले मालवाहक वाहनों के लिए सुबह 9 बजे से 11 बजे तक और शाम 6 बजे से रात 8:30 बजे तक परिचालन बंद रहेगा. इस अवधि में मालवाहक वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से भेजा जाएगा. अनीसाबाद, बेऊर और न्यू बाइपास से जा सकेंगे मालवाहक वाहन निर्धारित प्रतिबंधित अवधि में मालवाहक वाहन अनीसाबाद, बेऊर और न्यू बाइपास के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे. जीपीओ आरओबी के दोनों छोर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर यातायात व्यवस्था की निगरानी की जाएगी. मीठापुर-महुली एलिवेटेड फ्लाइओवर के बाद बढ़ा दबाव मीठापुर-महुली एलिवेटेड फ्लाइओवर पर यातायात शुरू होने के बाद 28 अगस्त से जीपीओ आरओबी पर वाहनों का दबाव बढ़ने की बात सामने आई है. खासकर सुबह और शाम के व्यस्त समय में यहां जाम की स्थिति बन रही है. यातायात पुलिस के अनुसार, आरओबी पर मालवाहक वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण पीक आवर में जाम की समस्या बढ़ती है.

# चिराग पासवान को साथी बताते हुए बोले मांझी- ट्रांसजेंडर बताना गलत, सरकार से की ये मांग

**पटना (एजेंसी)** चिराग पासवान को ट्रांसजेंडर बताने वाली कथित टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आपत्ति जताई है. उन्होंने कहा कि किसी केंद्रीय मंत्री के बारे में इस तरह की टिप्पणी करना सही नहीं है. मांझी ने बिहार सरकार से संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को ट्रांसजेंडर बताने वाली कथित टिप्पणी का मामला अब सोशल मीडिया से निकलकर राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इस टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए बिहार सरकार से संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. मांझी ने अपने एक्स पोस्ट में किसी का नाम लिए बिना कहा कि किसी केंद्रीय मंत्री के बारे में इस तरह की टिप्पणी करना सही नहीं है. राजन सिंह की कथित टिप्पणी के बाद शुरू हुआ विवाद मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, यह विवाद डॉ. राजन सिंह की कथित टिप्पणी के बाद शुरू हुआ. रिपोर्टों में दावा किया गया कि उन्होंने चिराग



पासवान की पहचान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उन्हें ट्रांसजेंडर बताया. इसके बाद सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर बहस शुरू हो गई. मांझी ने इसी टिप्पणी का संदर्भ देते हुए कार्रवाई की मांग की और उन्होंने अपने पोस्ट में सीएम सम्राट चौधरी को भी टैग किया है. बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, ₹किसी केन्द्रीय मंत्री पर अभद्र टिप्पणी कर उन्हें ट्रांसजेंडर बताना कहीं से ठीक नहीं. मैं बिहार सरकार से केंद्रीय कैबिनेट में हमारे साथी चिराग पासवान जी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के उपर कार्रवाई करने की मांग करता हूं.₹ मांझी के पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा जीतन राम मांझी के पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आईं. कुछ यूजर्स ने सवाल उठाया कि किसी व्यक्ति को ट्रांसजेंडर कहना अपने आप में अभद्र टिप्पणी कैसे माना जा सकता है. वहीं एक अन्य यूजर ने मांझी के पोस्ट पर सवाल करते हुए लिखा कि क्या वह चिराग पासवान का समर्थन कर रहे हैं या टिप्पणी के जरिए उनका मजाक बनाया जा रहा है. इस तरह मांझी के पोस्ट के बाद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर भी चर्चा में आ गया.

# पुलिस को देखते ही गंगा में कूदा तस्कर, नाव पर लदी 624 कैन बीयर बरामद

**पटना (एजेंसी)** उत्पाद विभाग ने पटना के दानापुर में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 312 लीटर बीयर जब्त की. अंधेरे का फायदा उठाकर धंधेबाज नाव से गंगा में कूदकर फरार हो गया. पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के पनापुर दियारा में देर रात करीब दो बजे उत्पाद विभाग की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 312 लीटर बीयर बरामद की. पुलिस को देखते ही शराब का धंधेबाज नाव से गंगा में छलांग लगाकर तैरते हुए फरार हो गया. अंधेरे का फायदा उठाकर वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका. नाव पर लदी थी बीयर की खेप उत्पाद विभाग के अनुसार, छापेमारी के दौरान मौके से किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर की 500 मिलीलीटर वाली 624 कैन बरामद की गयीं. जब्त बीयर की अनुमानित कीमत करीब 1.12 लाख रुपये आंकी गयी है. पुलिस ने शराब की पूरी खेप जब्त कर ली है. गंगा में कूदकर भाग निकला धंधेबाज कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखते ही धंधेबाज नाव से गंगा में कूद गया. इसके बाद वह तैरते हुए अंधेरे में फरार हो गया. पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन अंधेरे और दियारा क्षेत्र का फायदा उठाकर वह पुलिस की नजर से बच निकला. दियारा इलाके में भी की गयी छापेमारी धंधेबाज के फरार होने के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने आसपास के दियारा इलाके में उसकी तलाश में छापेमारी की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला. पुलिस अब फरार आरोपित की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर कार्रवाई कर रही है. कहां से आयी इतनी बड़ी खेप, जांच शुरू पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बीयर की इतनी बड़ी खेप कहां से मंगायी गयी थी और दियारा इलाके में इसे कहां खपाने की तैयारी थी. फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

# बिहार के इन 19 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट

**पटना (एजेंसी)** बिहार में आज मौसम का मिजाज बदलने वाला है. 19 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. कई इलाकों में तेज हवा और वज्रपात की भी आशंका है. मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. बिहार में मंगलवार यानी 22 सितंबर को मौसम का मिजाज बदलने वाला है. पटना मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है. दक्षिण-पश्चिम बिहार में तेज हवा और वज्रपात का भी खतरा है. हालांकि, पूरे राज्य में बारिश का अलर्ट नहीं है. कई इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं. आज इन जिलों में



बारिश की संभावना 22 सितंबर को बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, पटना, गया, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, बांका, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और भागलपुर में बारिश की संभावना है. इन जिलों में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है. इसके साथ ही कई इलाकों में तेज हवा चलने की भी संभावना है. पूर्वानुमान के अनुसार बक्सर में करीब 12.65 मिमी, बांका में 7.59 मिमी, गोपालगंज में 5.55 मिमी, गया में 5.33 मिमी, जहानाबाद में 5.49 मिमी और भागलपुर में 5.46 मिमी बारिश हो सकती है. पटना में अधिकतम तापमान करीब 34 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. 23 और 24 सितंबर को भी वज्रपात की चेतावनी दी गई है. हालांकि, आज पटना में भारी बारिश की चेतावनी नहीं है. स्थानीय स्तर पर गरज-चमक की स्थिति बन सकती है. ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है. दक्षिण-पश्चिम बिहार में तेज हवा का खतरा दक्षिण-पश्चिम बिहार के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है. इसके साथ वज्रपात की भी संभावना है. मौसम खराब होने पर लोगों को खुले मैदान और पेड़ के नीचे जाने से बचने की सलाह दी जाती है. बारिश वाले इलाकों में सुहावना रहेगा मौसम जिन इलाकों में बादल और बारिश होगी, वहां दिन के तापमान में थोड़ी राहत मिल सकती है. मुजफ्फरपुर और उत्तर बिहार के कुछ जिलों में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रह सकता है. मुजफ्फरपुर में अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री रहने का अनुमान है. यहां बारिश के साथ गरज-चमक की भी संभावना है. वहीं, पटना समेत कम बारिश वाले इलाकों में उमस परेशान कर सकती है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें 1 सितंबर को कई जिलों में हुई बारिश सोमवार यानी 21 सितंबर को भी बिहार के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई. हाजीपुर में 21.4 मिमी बारिश हुई. भभुआ के अधवारा में 18.6 मिमी और बेगूसराय के मटियानी में 15.6 मिमी बारिश दर्ज की गई. जमुई के चकाई में 14.2 मिमी और गया में 13 मिमी बारिश हुई. वैशाली और पूर्वी चंपारण के सिकटा में 12.6-12.6 मिमी बारिश दर्ज की गई. इसके अलावा सारण, पटना, अरवल, जहानाबाद, पश्चिमी चंपारण, बिहारशरीफ, औरंगाबाद, शेखपुरा, दरभंगा और रोहतास के कुछ हिस्सों में भी बारिश हुई. 23 सितंबर से बढ़ेगी बारिश की गतिविधि 22 सितंबर को छिटपुट बारिश के बाद 23 और 24 सितंबर से बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं. 25 और 26 सितंबर को भी कई जगहों पर बारिश की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार 24 सितंबर को बांका, भागलपुर, जमुई, कटिहार, किशनगंज और पूर्णिया में भारी बारिश के साथ गरज-चमक हो सकती है. 25 सितंबर को इन जिलों में भारी बारिश का अनुमान 25 सितंबर को औरंगाबाद, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण, गया, मुंगेर, समस्तीपुर, सीवान, वैशाली और पश्चिमी चंपारण में भारी बारिश की संभावना जताई गई है. इसके बाद 27 सितंबर को भी कुछ इलाकों में बारिश जारी रह सकती है. 28 सितंबर के लिए स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है. मौसम विभाग के अगले अपडेट में तस्वीर साफ होगी

## ऊर्जा लागत, वित्तीय सख्ती से दूसरी छमाही में धीमी होगी भारत की वृद्धि- डीबीएस

**नई दिल्ली ।**

डीबीएस बैंक की एक अर्थशास्त्री ने आगाह किया है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर धीमी पड़ सकती है। उन्होंने सख्त वित्तीय स्थितियों, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और प्रतिकूल आधार प्रभाव को इसके मुख्य कारण बताया। उनके अनुसार बढ़ते महंगाई दबाव के चलते मौद्रिक नीति का केंद्रीय ध्यान मूल्य स्थिरता पर बना रहेगा। राव ने अपने वृहद आर्थिक आकलन में बताया कि मजबूत घरेलू मांग, उपभोग और सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के दम पर वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था ने 7.8 फीसदी की प्रभावशाली वार्षिक दर से वृद्धि दर्ज की। हालांकि, डीबीएस का अनुमान है कि पूरे वित्त वर्ष 2026-27 के लिए औसत आर्थिक वृद्धि 7.3 फीसदी रहेगी, जो पिछले वित्त वर्ष के 7.8 फीसदी के संशोधित आंकड़े से कम है। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी संग्रह, ई-वे बिल और डिजिटल भुगतान जैसे उच्च-आवृत्ति संकेतक फिलहाल मजबूत बने हुए हैं, जो घरेलू गतिविधियों की निरंतरता का संकेत देते हैं। बावजूद इसके, साल के उत्तरार्ध में उल्लिखित कारक वृद्धि की गति पर अंकुश लगा सकते हैं।

## एयर इंडिया 2027 की दूसरी छमाही में पेश करेगी नया डिजिटल मंच

**नई दिल्ली ।**

एयर इंडिया अपनी उड़ानों में यात्रियों के लिए एक अत्याधुनिक डिजिटल मंच पेश करने जा रही है। यह पहल यात्रियों के उड़ान अनुभव को नया आयाम देगी। यह नया इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट (आईएफई) मंच यात्रियों के लिए मनोरंजन, लॉयल्टी कार्यक्रम, वाणिज्यिक गतिविधियों और यात्रा सेवाओं को एक साथ एकीकृत करेगा। इसका दोहरा उद्देश्य यात्रियों के डिजिटल अनुभव को बेहतर बनाना और एयरलाइन के अतिरिक्त राजस्व को बढ़ाना है। एयर इंडिया के मुख्य डिजिटल एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी के अनुसार, एयरलाइन द्वारा विकसित इस मंच को 2027 की दूसरी छमाही से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इसकी शुरुआत अगले साल मिलने वाले नए बड़े आकार के विमानों से होगी। यह मंच वाणिज्य से जुड़ी कई तरह की गतिविधियों को भी सुगम बनाएगा।

## मुंबई में 711 करोड़ का रिकॉर्डतोड़ आवासीय सौदा

**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट कंपनी एंबेसी डेवलपमेंट्स ने मुंबई में एक लग्जरी आवासीय टावर को एंजल वन लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) दिनेश ठक्कर को 711 करोड़ रुपये में बेचने पर सहमति जताई है। यह देश के सबसे बड़े आवासीय सौदों में से एक है, जो एकल आवासीय इकाई के रूप में अब तक का सबसे बड़ा लेनदेन है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को सूचित किया कि उसने मुंबई के पॉश जुहू तारा रोड पर स्थित अपनी अत्यधिक लग्जरी परियोजना एंबेसी टेराजा में एक पूरे आवासीय टावर की बिक्री के लिए दिनेश ठक्कर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सात मंजिला टावर जुहू के सबसे प्रतिष्ठित आवासीय इलाकों में से एक में स्थित है। इसका कुल रेरा कारपेट एरिया 63,000 वर्ग फुट है। एंबेसी टेराजा दो एकड़ में फैली एक विशाल परियोजना है, जिसमें कुल पांच टावर शामिल हैं। कंपनी को इस परियोजना से कुल 3,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। यह सौदा मुंबई के लग्जरी रियल एस्टेट बाजार की मजबूती को दर्शाता है।

## ओरिएंट केबल्स का 552 करोड़ का आईपीओ 25 सितंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली ।**

नेटवर्किंग केबल और पैसिव नेटवर्किंग उपकरण बनाने वाली कंपनी ओरिएंट केबल्स (इंडिया) लिमिटेड ने 552 करोड़ रुपये जुटाने के लिए अपने आईपीओ का मूल्य दायरा 258 से 272 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बताया कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 सितंबर को बोली के लिए खुलेगा और 29 सितंबर को बंद होगा। इस आईपीओ के तहत 320 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 232 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जा रही है।कंपनी नए शेयरों की बिक्री से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल विस्तार योजनाओं, कर्ज चुकाने और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 330 , निफ्टी 85 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवर को गिरावट के साथ बंद हआ। सप्ताह के दूसरे ही करोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 329.91 अंक की गिरावट के साथ 74,529.08 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 85.33 अंक टूटकर 23,329.00 के स्तर पर बंद हुआ। इंडेक्स में आई इस सुस्ती से बाजार में थोड़ी सतर्कता देखी जा रही है।

आज सेक्टोरल परफॉर्मेंस पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा नुकसान आईटी सेक्टर को उठाना पड़ा। निफ्टी आईटी इंडेक्स गिरावट के साथ 28,582.10 के लेवल पर बंद हुआ। इसके साथ ही उपभोक्ता उत्पादों में भी बिकवाली हावी रही और निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स गिरकर 45,657.90 पर आ गया। बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर्स की बात करें तो निफ्टी पीएसयू बैंक में और निफ्टी प्राइवेट बैंक में गिरावट आई। इसके अलावा निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज भी गिरावट पर बंद हुआ।ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर्स में भी गिरावट रही। निफ्टी ऑटो इंडेक्स फिसलकर 27,085.45 पर बंद हुआ। वहीं हेल्थकेयर और दवा कंपनियों के प्रदर्शन को दर्शाने वाला निफ्टी फार्मा इंडेक्स गिरावट के साथ 26,910.40 के लेवल पर आ गया। इन प्रमुख सेक्टर्स में सुस्ती के कारण पूरे बाजार की रिकवरी पर ब्रेक लगा रहा और प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में आने में विफल रहे।बाजार की इस चौतरफा गिरावट के बीच ही कुछ सेक्टर्स ऐसे भी रहे जहां निवेशकों ने खरीदारी में उत्साह दिखाया। सबसे अच्छी बढ़त मीडिया सेक्टर में देखने को मिली। निफ्टी मीडिया इंडेक्स 1,574.95 के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा रियल एस्टेट सेक्टर में भी अच्छी खरीदारी दर्ज की गई, जिससे निफ्टी रियल्टी इंडेक्स बढ़कर 861.40 के लेवल पर क्लोज हुआ। मेटल सेक्टर में भी हल्की मजबूती रही और निफ्टी मेटल 0.15त्न की मामूली बढ़त लेकर 12,992.50 पर बंद हुआ। इन सेक्टर्स में आई तेजी ने बाजार की गिरावट को कुछ हद तक सीमित करने में मदद की।

पिछले कुछ दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट आई है। इससे भी बाजार की गिरावट पर अंकुश लगा है।वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार ने मजबूत शुरुआत की। सुबह के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 101.79 अंक की वृद्धि के साथ 74,960.78 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 37.46 अंक की बढ़त के साथ 23,451.75 के स्तर पर पहुंच गया।

## दिल्ली में पहली बार वैश्विक चावल संग्रह, 200 किस्में होंगी प्रदर्शित

**भारत मंडपम में अक्टूबर में होगा आयोजन**

नई दिल्ली ।

भारत अगले महीने अपनी तरह के पहले भारत अंतर्राष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) की मेजबानी करेगा, जहां दुनिया भर से व्यावसायिक महत्व वाली चावल की लगभग 200 किस्मों का एक अनूठा वैश्विक संग्रह प्रदर्शित किया जाएगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों को एक ही स्थान पर विभिन्न किस्मों की तुलना करने और संभावित आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगा। इस वैश्विक चावल संग्रह में इटली के आर्बोरियो, थाईलैंड के जैस्मीन व जापान के सुशी चावल से लेकर भारत के बासमती, सुगंधित पारंपरिक अनाज, काले तथा लाल चावल और क्षेत्रीय विशिष्ट किस्में शामिल होंगी। इस प्रदर्शनी का लक्ष्य चावल को सिर्फ एक व्यापारिक जिंस के बजाय, भूगोल, जैव विविधता और खान-पान की परंपराओं से जुड़े एक उत्पाद के रूप में प्रस्तुत करना है। भारत की पेशकशों में पूसा बासमती सहित विभिन्न बासमती किस्में और पीआर-11, सोना मसूरी जैसी गैर-बासमती किस्में शामिल होंगी। केरल से नवारा, तमिलनाडु से सीरागा सांबा, मणिपुर से चाक-हाओ काला चावल और महाराष्ट्र से आंबेमोहर जैसी क्षेत्रीय तथा पारंपरिक किस्में भी विशेष आकर्षण होंगी। भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) के देव गर्ग ने बताया कि यह संग्रह वैश्विक खरीदारों को नए उत्पादों की खोज का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगा।

## बैंकिंग प्रणाली में नकदी अधिशेष 6 लाख करोड़ के करीब

**ओएमओ और जीएसटी भुगतान ने निभाई अहम भूमिका**

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकिंग प्रणाली से अतिरिक्त तरलता (लिक्विडिटी) खींचने के उपाय अब रंग लाते दिख रहे हैं। बॉन्ड बिक्री के खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतान के कारण, बैंकिंग प्रणाली में शुद्ध नकदी अधिशेष में उल्लेखनीय कमी आई है, जिससे मौद्रिक नीति का परिचालन लक्ष्य मानी जाने वाली ओवरनाइट वेटेज एवरेज कॉल रेट (डब्ल्यूएसीआर) नीतिगत रीपो दर के करीब पहुंच गई है। बाजार प्रतिभागियों के अनुसार बैंकिंग प्रणाली में शुद्ध नकदी अधिशेष सितंबर की शुरुआत में 11.16 लाख करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर से घटकर अब लगभग 6 लाख करोड़ रुपये रह गया है। इसके परिणामस्वरूप, वेटेज एवरेज कॉल रेट आज 5.24 फीसदी पर बंद हुई, जो शुक्रवार को 4.92 फीसदी थी और अब नीतिगत रीपो दर के लगभग बराबर आ गई है। आरबीआई द्वारा ओएमओ के तहत बॉन्ड बिक्री की पहली नीलामी शुक्रवार को हुई थी, जबकि इसके बाद हुई दूसरी नीलामी में 25,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 84,942 करोड़ रुपये की मजबूत बोलियां मिलीं, जिससे बाजार में नकदी सोखने में मदद मिली। केंद्रीय बैंक ने सितंबर के लिए कुल 1 लाख करोड़ रुपये की ओएमओ बिक्री की घोषणा की है, जिसका मुख्य उद्देश्य डॉलर-रुपया स्वैप सुविधा के तहत विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) जमा से प्राप्त बड़े निवेश प्रवाह से बनी दीर्घकालिक नकदी अधिशेष को वापस लेना है।

# त्योहारी सीजन से पहले अरहर दाल 150 के पार, सरकार कसेगी नकेल

### कमजोर मॉनसून, मंडियों में कम आपूर्ति और स्टॉक बढ़ने से कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।**

त्योहारी सीजन से ठीक पहले उपभोक्ताओं को एक और झटका लगा है। अरहर दाल (तुअर दाल) के दाम आसमान छू रहे हैं, जो खुदरा बाजार में 150 रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच गए हैं। पिछले एक महीने में इसकी कीमतों में करीब 14 फीसदी का उछाल आया है। मंडियों में कमजोर आपूर्ति, दाल मिलर्स की मजबूत मांग और कमजोर मानसून के साथ-साथ कारोबारियों द्वारा स्टॉक बढ़ाने को इस तेजी का मुख्य कारण माना जा रहा है। सरकार अब दालों की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए जल्द ही सख्त कदम उठा सकती है। देश में अरहर दाल का औसत मंडी भाव फिलहाल 11,394 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है, जबकि खुदरा बाजार में यह 130 से 160 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले एक महीने में अरहर की कीमत में लगभग 14 फीसदी और तीन महीने में 12 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।




इस बढ़ोतरी के पीछे मानसून का कमजोर रहना, त्योहारों से पहले मिलों की ओर से बढ़ी हुई खरीद और स्टॉकिस्टों द्वारा ऊंचे भाव की उम्मीद में माल रोकना प्रमुख कारण हैं। कारोबारियों का अनुमान है कि त्योहारी सीजन के दौरान तुअर दाल के दाम 15,000 रुपये प्रति क्विंटल के पार जा सकते हैं। इस स्थिति को देखते हुए सरकार दाल की कीमतों पर लगाम लगाने और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की तैयारी में है। संभावित उपायों में स्टॉक लिमिट तय करना या आयात शुल्क में बदलाव शामिल हो सकते हैं, ताकि घरेलू बाजार में आपूर्ति बढ़ाई जा सके और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# गूगल पर 46.3 करोड़ डॉलर का जुर्माना

### उपयोगकर्ताओं के लोकेशन डेटा के गलत इस्तेमाल का आरोप

**डबलिन ।**

यूरोपीय संघ ने गूगल पर उपयोगकर्ताओं के लोकेशन डेटा के गलत इस्तेमाल के आरोप में 46.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भारी जुर्माना लगाया है। आयरलैंड के डेटा संरक्षण आयोग (डीपीसी) ने यह घोषणा की, जिसमें बताया गया कि गूगल ने डेटा गोपनीयता नियमों का उल्लंघन किया है। यह जुर्माना व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण में कानूनी, निष्पक्ष और पारदर्शी रहने में कंपनी की विफलता के लिए लगाया गया है। डीपीसी की जांच में सामने आया कि गूगल ने उपयोगकर्ताओं की ब्राउजिंग और सर्च हिस्ट्री की निगरानी करने वाली वेब एंड ऐप एक्टिविटी सेटिंग और मोबाइल फोन के जरिए उनके जाने वाले स्थानों की निगरानी करने वाली लोकेशन हिस्ट्री सेवा में लोकेशन डेटा का कानूनी या निष्पक्ष तरीके से प्रसंस्करण नहीं किया। इसके अलावा, नियामकों ने यह भी पाया कि एंड्रॉइड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम में लोकेशन एक्यूरेसी फीचर के तहत व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करते समय कंपनी कानूनी, निष्पक्ष और पारदर्शी रहने में विफल रही।




चूंकि गूगल का यूरोपीय मुख्यालय डबलिन में है, आयरलैंड यूरोपीय संघ में अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनी का मुख्य नियामक है।

गूगल ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह मामला पुरानी नीतियों से जुड़ा है, जिन्हें अब अपडेट किया जा चुका है। कंपनी ने 2019 के बाद से अपनी कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार और लोकेशन डेटा को प्रबंधित करने के लिए मजबूत उपकरण पेश करने का दावा किया है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 20 पैसे की बढ़त के साथ ही 95.58 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 13 पैसे की बढ़त के साथ 95.65 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट क्रूड के ऊंचे स्तरों से नीचे आने और तत्काल आपूर्ति की चिंताएं कम होने से रुपये की शुरुआत सकारात्मक रही। सऊदी अरब द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए निर्यात बढ़ाने और क्षतिग्रस्त ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन के आंशिक रूप से बहाल होने की उम्मीदों से बाजार को सहारा मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.75 पर खुला और फिर 95.65 के स्तर तक पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 13 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 18 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.78 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 100.35 पर था।

# नथिंग का सीएमएफ अब भारतीय! कार्ल पेई का देसी टेक पर बड़ा दांव

### कंपनी का वैश्विक मुख्यालय भारत में, 2015 की गलतियों से सीखकर नया अध्याय लिखने का लक्ष्य

नई दिल्ली ।

चर्चित टेक ब्रांड नथिंग के फाउंडर और सीईओ कार्ल पेई ने एक ऐतिहासिक ऐलान किया है। उनका लोकप्रिय सब-ब्रांड सीएमएफ अब नथिंग से पूरी तरह अलग होकर एक स्वतंत्र, पूर्णकालिक भारतीय कंपनी बनने जा रहा है। सितंबर 2023 में बजट-फ्रेंडली स्मार्टफोन, स्मार्टवॉच और ऑडियो प्रोडक्ट्स के साथ लॉन्च हुए सीएमएफ को भारत की दम पर वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार के समीकरण बदलने की एक सोची-समझी रणनीति के तहत यह नई पहचान मिलेगी। कार्ल पेई के इस कदम का सीधा मतलब भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन की अपार संभावनाओं को भुनाना है। नई कंपनी में मेजॉरिटी ओनरशिप भारतीयों के पास होगी, इसका ग्लोबल हेडक्वार्टर भारत में होगा और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसकी कोर रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) टीम भी भारतीय इंजीनियरों से सजी होगी। पेई ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) पोस्ट में कहा कि भारत इस वक्त ठीक उसी ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है, जहां कभी जापान, दक्षिण कोरिया और चीन खड़े थे, जिन्होंने अपनी स्थानीय कंपनियों के दम पर वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार पर राज किया। उन्होंने जोर देकर कहा, अब भारत की बारी है। पेई ने भारत की मौजूदा ताकत (दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्माता, सबसे बड़ी युवा आबादी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग टैलेंट) को स्वीकार करते हुए, 2015 के डार्क चैप्टर की याद दिलाई।

# जियो और टी-मोबाइल ने लॉन्च की दुनिया की पहली 5जी एसए रोमिंग सेवा

### भारत और अमेरिका के यात्रियों को मिलेगा निर्बाध 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क का अनुभव

**मुंबई ।**

रिलायंस जियो और अमेरिकी दूरसंचार कंपनी टी-मोबाइल ने एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की है। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियों के ग्राहक एक-दूसरे के नेटवर्क पर दुनिया की पहली 5जी स्टैंडअलोन (एसए) रोमिंग सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

सिनिवर्स के तकनीकी सहयोग से शुरू हुई यह सुविधा भारत और अमेरिका के बीच यात्रा करने वाले उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिना किसी रुकावट के सिर्फ 5जी नेटवर्क का अनुभव प्रदान करेगी।

दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में बताया कि यह सेवा इसलिए विशेष है क्योंकि रोमिंग के दौरान ग्राहकों को केवल 5जी स्टैंडअलोन सिग्नल ही मिलेंगे, जिससे डेटा स्पीड और कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व सुधार होगा।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि को सिनिवर्स के तकनीकी मंच ने संभव बनाया है, जिसने दोनों नेटवर्क को सुरक्षित रूप से एकीकृत किया।

टी-मोबाइल के मुख्य नेटवर्क अधिकारी ने बताया कि यह साझेदारी उनके 2020 में शुरू हुए 5जी एसए प्रयासों का विस्तार है, जो अब वैश्विक स्तर पर निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। जियो के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क प्रमुख मार्क यारकोस्की ने इस पहल को नई पीढ़ी की क्षमताओं की नींव बताया, जिसमें उपभोक्ताओं और उद्यमों के लिए विशिष्ट सेवाओं के साथ कृत्रिम मेधा आधारित सेवाएं भी शामिल होंगी।

उनका मानना है कि 5जी एसए का भविष्य निर्बाध अंतर-संचालनीयता में निहित है, जो नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

# प्याज ने फिर रुलाया- एक साल में दोगुनी हुई कीमतें, रसोई का बिगड़ा बजट

### खुदरा कीमतें 54.23 प्रति किलो के पार, दिल्ली से चेन्नई तक बढ़ा बोझ

**नई दिल्ली ।**

देशभर में प्याज की कीमतें एक बार फिर आम आदमी को रुला रही हैं। पिछले एक साल की तुलना में इसकी खुदरा कीमतें दोगुनी से अधिक हो गई हैं, जिससे रसोई का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उपभोक्ता मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 21 सितंबर को प्याज का औसत खुदरा भाव 54.23 रुपए प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया, जो महज एक महीने पहले 40.79 रुपए था।

थोक बाजार में भी प्याज के भाव आसमान छू रहे हैं, जहां 21 सितंबर को औसत थोक कीमत 4,615.98 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज की गई, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 135 फीसदी अधिक है।

इसका असर विभिन्न शहरों में साफ दिख रहा है। दिल्ली में प्याज 53 रुपए, मुंबई में 58 रुपए और चेन्नई में 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है, जबकि एक साल पहले ये कीमतें लगभग आधी थीं। इस बढ़ोतरी के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में मार्च में हुई बेमौसम बारिश से गर्मियों की प्याज की फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा था।

इसके अलावा, केंद्रीय एजेंसियों के पास रखे स्टॉक का एक हिस्सा भी खराब हो गया, जिससे बाजार में आपूर्ति प्रभावित हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी भारतीय प्याज की मांग कमजोर बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद घरेलू कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल कीमतों में बहुत बड़ी तेजी की संभावना नहीं है। पिछले एक हफ्ते से भाव लगभग स्थिर हैं।

बाजार से जुड़ी जानकारी के मुताबिक, बीज कंपनियों की खरीद पूरी होने के बाद प्याज के भाव में 5 से 10 रुपए प्रति किलो तक की गिरावट आ सकती है। लंबी अवधि में, रबी फसल के स्टॉक की खपत और खरीफ फसल की आवक के बीच अगस्त से जनवरी तक उपलब्धता और मांग का अंतर कीमतों पर दबाव डाल सकता है।

## स्मॉलकैप में म्युचुअल फंड का दबदबा, 64 फीसदी शेयरों में बढ़ाया दांव!

### टेनेको क्लीन एयर और केफिन टेक्नोलॉजीज शीर्ष पर




**नई दिल्ली ।**

अगस्त 2026 में म्युचुअल फंडों ने निफ्टी स्मॉलकैप 100 के अधिकांश शेयरों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की सितंबर 2026 की फंड फोलियो रिपोर्ट के मुताबिक, म्युचुअल फंड निफ्टी स्मॉलकैप 100 में शामिल 64 प्रतिशत शेयरों में खरीदार रहे, जो बाजार में उनके बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। सबसे ज्यादा खरीदारी टेनेको क्लीन एयर इंडिया और केफिन टेक्नोलॉजीज में देखी गई। रिपोर्ट बताती है कि टेनेको क्लीन एयर इंडिया में फंडों की होल्डिंग सबसे ज्यादा 129.5 प्रतिशत बढ़कर 5.82 करोड़ शेयर हो गई, जिसका मूल्य अगस्त के अंत तक लगभग 80.8 अरब रुपये था। इसके बाद केफिन टेक्नोलॉजीज में म्युचुअल फंड की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत बढ़कर 4.51 करोड़ शेयर हो गई। अर्बन कंपनी में 29.2 प्रतिशत, हिंदुस्तान कॉपर में 28.7 प्रतिशत और एस्टर डीएम क्वालिटी में 27.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, कुछ शेयरों में फंडों ने अपनी हिस्सेदारी घटाई भी है। हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल में होल्डिंग 56.8 प्रतिशत कम होकर करीब 26 लाख शेयर रह गई, जबकि जीएमडीसी में यह 46.7 प्रतिशत घटी। आईआईएफएल फाइनेंस, एमआरपीएल और सारदा एनर्जी में भी फंडों ने अपनी होल्डिंग कम की। कुल निवेश मूल्य के हिसाब से, खरीदे गए शेयरों में एस्टर डीएम क्वालिटी सबसे आगे रहा, जिसमें फंडों की होल्डिंग का मूल्य करीब 129.3 अरब रुपये रहा।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराया

# टीम इंडिया की लगातार दूसरी जीत दीपिका, रुतुजा, नवनीत की हैट्रिक

काकामिगाहारा

ड्रैग फ्लिकर दीपिका, फॉरवर्ड रुतुजा पिसाल और नवनीत कौर की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराकर एशियाई खेलों के पूल बी में सोमवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दीपिका ने आठवें, 28वें और 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। इससे पहले उजबेकिस्तान के खिलाफ 19-0 से मिली जीत में दीपिका ने 8 गोल दागे थे।

रुतुजा ने 15वें, 20वें और 38वें मिनट में गोल किए। नवनीत ने 35वें, 56वें और 57वें मिनट में गोल दागे। सुनेलिटा टोप्पो (11वां, 30वां), लालरेम्सियामी (12वां और 16वां) और साक्षी राणा ( 25वां और 57वां ) ने दो-दो गोल किए जबकि कप्तान सलीमा टेटे (35वां) और इशिका चौधरी (36वां ) ने एक-एक गोल किया। इंडोनेशिया के लिये एकमात्र गोल इनेस आदितिया ने 32वें मिनट में दागा ।




## भारत का सामना थाईलैंड से कल

भारत का सामना अब बुधवार को थाईलैंड से होगा। भारत को चौथे ही मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन नवनीत के प्रयास को इंडोनेशियाई गोलकीपर ने रोक दिया। दीपिका ने आठवें मिनट में भारत को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद नेहा के पास पर सुनेलिटा ने गोल दागा। दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका की फ्लिक इंडोनेशियाई गोलकीपर ने बचा ली, जिसके बाद रिबाउंड पर लालरेम्सियामी ने गोल किया। रुतुजा ने साक्षी राणा का प्रयास बचा लिए जाने के बाद डिफ्लैक्शन पर गोल दागा। एक मिनट बाद लालरेम्सियामी ने और फिर रुतुजा ने गोल किए। साक्षी ने 27वें मिनट में दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर गोल के बाद रिबाउंड पर गोल किया।




## 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी बनी सविता

काकामिगाहारा। भारतीय हॉकी की दीवार कही जाने वाली गोलकीपर सविता पूनिया सोमवार को भारत के लिए सबसे ज्यादा 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई, जिन्होंने वंदना कटारिया का रिकॉर्ड तोड़ा। सविता ने यह उपलब्धि एशियाई खेलों में पूल बी में इंडोनेशिया के खिलाफ दूसरे मैच में हासिल की। हॉकी इंडिया ने इस उपलब्धि पर उनके लिए 10 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। पूर्व कप्तान और तीन बार एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (2020, 2021, 2023) चुनी जा चुकी सविता ने 2009 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था और अब तक तीन ओलंपिक, तीन विश्व कप और दो एशियाई खेलों में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड के खिलाफ फरवरी 2025 में हुए मैच के दौरान 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए थे। वह वंदना के अलावा 300 से अधिक मैच खेलने वाली अकेली भारतीय महिला खिलाड़ी और पीआर श्रीजेश के बाद एकमात्र गोलकीपर हैं।

## निशानेबाजी : ढिल्लों और पाटिल ने जीते दो पदक



नागोया। युवा निशानेबाज हिमांशु ढिल्लों और रुद्रांक्ष पाटिल ने रोमांचक मुकाबले में दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता जबकि दोनों ने पार्थ माने के साथ मिलकर टीम स्पर्धा का रजत पदक भी अपने नाम किया। इन तीन पदक से निशानेबाजी में भारत की पदक संख्या पांच हो गई है, जिसमें 4 रजत और 1 कांस्य शामिल है। सोमवार को अपना 21वां जन्मदिन मना रहे हिमांशु ने 252.4 अंक के साथ रजत जीता। रुद्रांक्ष ने 230.9 अंक हासिल किए। मजबूत शुरुआत के बाद वह स्वर्ण पदक की चुनौती पेश करते दिख रहे थे लेकिन अंततः तीसरे स्थान पर रहे। व्यक्तिगत ढिल्लों, अपने पहले एशियाई खेल में हिस्सा ले रहे रुद्रांक्ष और 18 वर्षीय माने के टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने के महज एक घंटे बाद आए।

## बैडमिंटन पुरुषः क्वार्टर फाइनल में भारत, बांग्लादेश को हराया



इचिनोमिया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम बांग्लादेश को 3-0 से हराकर सोमवार को क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और श्रीकांत ने एक भी गेम गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना मंगलवार को मेजबान जापान से होगा। महिला टीम भी अंतिम आठ में जापान से खेलेगी। लक्ष्य ने इब्न ऐमान जमान को आधे घंटे से भी कम समय में 21-4, 21-12 से मात दी। इसके बाद आयुष ने गौरब सिंह को 25 मिनट में 21-4, 21-13 से हराया। श्रीकांत ने जुमार अल अमीन को 23 मिनट में 21-15, 21-9 से शिकस्त दी। मैच के बाद लक्ष्य ने कहा,' मेरे लिए हालात के अनुरुप ढलना अहम था। यह कठिन मैच नहीं लग रहा था लेकिन पहला मैच काफी पेचीदा हो सकता है। मैं अच्छी शुरुआत करके कोर्ट के अनुसार खुद को ढलने के इरादे से ही आया था।

## महिला टेबल टेनिस : पाकिस्तान को हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत



टोयोटा। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 3-0 से हराकर एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्काई हॉल में भारत ने ग्रुप एफ में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने रविवार को अपने शुरुआती मुकाबलों में इंडोनेशिया और सिंगापुर को हराया था और इसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भी अपना दबदबा कायम रखा। हांगझोउ एशियाई खेलों में महिला युगल का कांस्य पदक जीतने वाली सुतीर्था मुखर्जी ने अलीना खान को केवल 10 मिनट में 11-3, 11-3, 11-4 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई इसके बाद 17 वर्षीय सिंड्रेला दास ने कलसूम खान को 11-6, 11-7, 11-5 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी।

## मुक्केबाजी : प्री क्वार्टर फाइनल में सुमित कुंडू



निशियो। भारत के मुक्केबाजी अभियान की एशियाई खेलों में सोमवार को शानदार शुरुआत हुई जब सुमित कुंडू ने 70 किग्रा वर्ग के शुरुआती दौर में थाईलैंड के बुनजोंग सिनसिरी को सर्वसम्मत फैसले में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने से चूके दो भारतीय मुक्केबाजों में शामिल कुंडू ने अंतिम दौर में दबदबा बनाते हुए सिनसिरी को 5-0 से हराया। अब उनका सामना इराक के अली कासिम हमदान अल सर्रा से होगा। भारत ने एशियाई खेलों के लिए 11 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम उतारी है, जिसमें छह पुरुष और पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं। पिछले एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजों ने चार पदक जीते थे, जिनमें एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### वित्तीय मॉडल पर काम कर रही सुपर लीग केरला

नई दिल्ली। सुपर लीग केरला एक नए वित्तीय मॉडल पर काम कर रही है, जिसका मकसद अगले सत्र से अपनी ज्यादातर फ्रेंचाइजी को 'ब्रेक इवन प्वाइंट' (न लाभ न हानि) के करीब लाने के साथ ही जर्मन फुटबॉल संघ के साथ पांच साल का तकनीकी रोडमैप भी तैयार करना है। जर्मन फुटबॉल संघ के साथ तैयार रोडमैप में हर साल करीब 200 युवा प्रतिभाओं के लिए रिहायशी उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलैंस) स्थापित करना भी है। लीग के निदेशक और सीईओ मैथ्यू जोसेफ ने कहा,' हमने यह पाया कि काफी खर्च करने से टीमें टिक नहीं पाएंगी। यही एक वजह है कि लीग की शुरुआत से ही हमने मितव्ययिता की पैरवी की, चाहे वह वेन्यू का खर्च हो, लागत हो या खिलाड़ियों के लिए पर्स हो।'

### इंडियन सुपर लीग के सीईओ बने यादव



मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के मुख्य व्यावसायिक अधिकारी करण यादव को सीईओ नियुक्त किया, जो क्लबों की अगुवाई वाले नए मॉडल में लीग का नेतृत्व करेंगे। सीईओ के तौर पर यादव लीग ऑफिस और आईएसएल की रणनीतिक, व्यावसायिक और संगठनात्मक दिशा का नेतृत्व करेंगे और इसके क्लबों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के साथ मिलकर काम करेंगे। यादव ने कहा ,'आईएसएल नए अहम अध्याय की ओर बढ रहा है और मुझे खुशी है कि भविष्य को दिशा देने का मौका मिला है।

सुदर्शन करेंगे पारी का आगाज

## आज से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मुकाबला




पुडुचेरे

चोट से उबर कर साई सुदर्शन मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू होने वाले चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मुकाबले में भारत ए के लिए एक बार फिर पारी की आगाज करेंगे तो उनकी नजरें न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज की जगह पक्की करने पर होंगी।

ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में भी कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो टेस्ट टीम में जगह बनाने की दौड़ में हैं। इनमें सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और नाथन मैकस्वीनी, ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी तथा तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन प्रमुख हैं।

### टेस्ट टीम में पडिक्कल की जगह पक्की

भारत ए की कप्तानी कर रहे देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के पिछले दौरे में दो शतक लगाकर टेस्ट टीम में तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। ऐसे में पिछली 'ए' शृंखला से पारी की शुरुआत करने वाले सुदर्शन चाहेंगे कि ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी वह वहीं से शुरुआत करें, जहां उन्होंने श्रीलंका ए के खिलाफ अपना शानदार अभियान छोड़ा था। सलामी बल्लेबाजी में विकल्प के लिए सुदर्शन के अलावा अमन मोखाडे भी दावेदार हैं। श्रीलंका में उन्हें अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में सफलता नहीं मिली थी।

### सारांश जैन पर खास नजर

श्रीलंका में टेस्ट खेल चुके ऑफ स्पिनर सारांश जैन अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। ऐसे में अंतरिम मुख्य चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा और समिति के अन्य सदस्य अनुभवी मुंबई के गेंदबाज तनुष कोटियन के प्रदर्शन पर खास नजर रखेंगे। इस मुकाबले से चयनकर्ता उन खिलाड़ियों की पहचान करना चाहेंगे, जिन्हें भारत ए के न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुना जा सकता है। भारत ए को न्यूजीलैंड में तीन टेस्ट मैचों की शृंखला खेलनी है। पिछले 12 महीनों में यह दूसरी बार है जब ऑस्ट्रेलिया ए की टीम भारत दौरे पर आई है। यह दौरा बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

## भारत की शानदार शुरुआत, जापान को 49-24 से हराया

एजेंसी ▶▶ टोकाई सिटी

गत चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने मेजबान जापान को 49-24 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और टोकाई सिटीजन्स जिम्नेजियम में अयान लोचब और देवांक दलाल ने रेडिंग में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक टीम को 31-9 की बढ़त दिला दी। गत चैंपियन भारत ने दूसरे हाफ में 18 अंक और जोड़े। भारत ने 36 अंक आउट करके, आठ अंक ऑलआउट करके और दो अंक सुपर टैकल के जरिए हासिल किए।

## डेविस कप : ज्वेरेव ने प्रिज्मिक को महज 77 मिनट में हराया

एजेंसी ▶▶ हाले

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने डिनो प्रिज्मिक को आसानी से हराया, जिससे जर्मनी ने क्रोएशिया को 3-1 से शिकस्त देकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 8 में जगह बनाई।

ज्वेरेव ने प्रिज्मिक को 6-2, 6-4 से हराने में केवल 77 मिनट लिए। प्रिज्मिक की रैंकिंग अमेरिकी ओपन और फ्रेंच ओपन के चैंपियन ज्वेरेव से 100 से अधिक स्थान नीचे है। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ज्वेरेव ने जर्मनी के हाले में इंडोर हार्ड कोर्ट पर दबदबा बनाए रखा। प्रिज्मिक को मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं मिला।

इससे पहले रविवार को केविन क्राविएत्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी ने निकोला मेक्टिच और माते पाविच को 7-5, 6-2 से हराकर ज्वेरेव को जर्मनी को नवंबर में इटली के बोलोन्या में होने वाले अंतिम आठ मुकाबलों में पहुंचाने का मौका दिया था।

### जर्मनी अंतिम आठ में, ब्रिटेन आगे बढ़ा



### ब्रिटेन ने अंतिम-8 में बनाई जगह

ब्रिटेन ने भी अंतिम आठ टीमों में जगह बनाई। हेनरी पैटन और नील स्कूप्स्की की युगल जोड़ी ने गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो को 6-3, 6-4 से हराकर इक्वाडोर पर ब्रिटेन की 3-0 की अजेय बढ़त सुनिश्चित की।

## भारत और जापान के बीच मुकाबला आज

सानो। जापान की क्रिकेट टीम ऐतिहासिक टी20 मुकाबले में मंगलवार को मौजूदा चैंपियन भारत का सामना करेगी तो यही उम्मीद होगी कि इस मैच का असर बेसबॉल के दीवाने इस देश में मैदान से बाहर तक नजर आए। इस मैच की घोषणा हाल ही में की गई और यह भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में खेला जाएगा। भारत मौजूदा विश्व चैम्पियन है और जापान 41वीं रैंकिंग पर है लिहाजा यह बेमेल सा ही मुकाबला है, जिसे आइची नागोया में एशियाई खेलों के बीच आयोजित किया जा रहा है। आंकड़ों से इतर बात करें तो इस मैच के जरिए जापान के क्रिकेटरों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों से खेलने का मौका मिलेगा। जापान क्रिकेट संघ के सीओओ एलेन कर ने कहा,'जापान क्रिकेट की पृष्ठभूमि में कई सालों से बहुत कुछ चल रहा है और अब यह बहुत अच्छा है कि हम समुद्र तल से ऊपर हैं और हम असल में कुछ और लोगों को दिखाई दे रहे हैं।'




## भारत अंडर-19 टीम का सीरीज पर कब्जा

### वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की शानदार जीत

राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अनाधिकारिक वनडे सीरीज का दूसरा मैच 103 रन से अपने नाम किया। निरंजन शाह स्टेडियम में इस जीत के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज पर 2-0 से अपना कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने 18 सितंबर को खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 रन से जीता था, जिसमें बारिश के चलते 30-30 ओवरों की कटौती हुई। अब दूसरा मैच जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर कब्जा कर लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 23 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी।



### भारत ने बनाए 341 रन

राजकोट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय अंडर-19 टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 341 रन बनाए। कप्तान लक्ष्य रैचंदानी ने आर्यवीर सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। लक्ष्य 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्यवीर ने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। आर्यवीर 48 गेंदों में 9 चौकों के साथ 47 रन बनाकर आउट हुए।


## स्पेनिश लीग : एटलेटिको ने रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया

# मैनचेस्टर सिटी ने शीर्ष पर की अपनी बढ़त मजबूत

मैड्रिड

एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश लीग के इस सत्र के अपने पहले डर्बी मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में संडरलैंड को 5-3 से शिकस्त देकर शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत की। एटलेटिको के लिए दूसरे हाफ में अलेजांद्रो ग्रिमाल्डो और जोनाथन डेविड ने गोल किए। इस जीत से एटलेटिको दूसरे स्थान पर पहुंच गया जबकि बार्सीलोना शीर्ष पर है। मैच के बाद रियाल मैड्रिड के कोच जोस मोरिन्हो ने रेफरी के फैसलों की कड़ी आलोचना की। इंग्लैंड में मैनचेस्टर सिटी ने संडरलैंड को 5-3 से हराकर गत चैंपियन आर्सेनल पर तीन अंक की बढ़त बना ली। वहीं, क्रिस्टियन पुलिसिच ने इटली में एसी मिलान की लीस पर 3-0 की जीत में इस सत्र का अपना पहला गोल किया।

■ प्रीमियर लीग : मैनचेस्टर सिटी ने रोमांचक मुकाबले में संडरलैंड को दी शिकस्त



### पेरिस सेंट जर्मेन नेमार्सेलो को हराया

फ्रांस में पेरिस सेंट जर्मेन ने पारंपरिक रूप से सबसे बड़े मुकाबलों में शुमार मैच में मार्सेलो को 2-1 से हराया जबकि नीस ने लिली को 2-1 से शिकस्त दी। सिरी ए में मासिमिलियानो एलेग्री के मार्गदर्शन में नेपोली की खराब शुरुआत का सिलसिला जारी रहा और टीम ने फियोरेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। फ्रांसिस्को कोंसेइकाओ और ग्लेइसन ब्रेमर के गोल की मदद से यूवेंटस ने अटलांटा को 2-0 से हराया जबकि पार्मा ने जेनोआ को 2-1 शिकस्त दी। कोमो को फ्रोसिनोने के खिलाफ 0-2 से हार मिली। बुंदेसलीगा सत्र की शुरुआत में लगातार दो जीत दर्ज करने वाले एल्वर्सबर्ग ने बायर्न म्यूनिख से हार के बाद शाल्के के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला।

# बुलेट ट्रेन को 320 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ाने के लिए रेलवे की बड़ी तैयारी शुरू



**नयी दिल्ली, एजेंसी।**
भारत में बुलेट ट्रेन को 320 किमी प्रित घंटा की तूफानी रफ़्तार से सुरक्षित और बिना किसी झटके के चलाने के लिए रेलवे ने एक बेहद आधुनिक तैयारी की है. मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट के तहत भारतीय रेलवे नेटवर्क में पहली बार एक खास तरह की 'मूवेबल क्रॉसिंग्स' (स्विंग-नोज क्रॉसिंग्स) तकनीक वाले टर्नआउट्स (पटरियां बदलने वाली जगह) लगाए जा रहे हैं. नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार, इस तकनीक को इसलिए अपनाया जा रहा है ताकि इतनी तेज रफ्तार पर भी ट्रेनों का संचालन पूरी तरह सुरक्षित और आरामदायक रहे.

**कैसे काम करेगी यह तकनीक**

अभी तक हमारी पारंपरिक रेलवे लाइनों पर जो व्यवस्था इस्तेमाल होती है, उसमें ट्रेन के पहिये को पटरी बदलने वाली जगह पर एक खाली गैप से होकर गुजरना पड़ता है. सामान्य ट्रेनों के लिए तो यह ठीक है, लेकिन जब ट्रेन की स्पीड 250 से 300 किमी/घंटा से ज्यादा होती है, तो इस खाली गैप की वजह से पहिये और पटरी के बीच तेज झटका, भारी कंपन और शोर पैदा हो सकता है. साथ ही इससे ट्रेन के पहियों और पटरी के पुर्जों के जल्दी खराब होने का खतरा भी रहता है. अब नई 'मूवेबल-क्रॉसिंग' व्यवस्था से यह समस्या पूरी तरह दूर हो जाएगी. यह तकनीक पटरी बदलने वाली जगह को खुद-ब-खुद इस तरह खिसका देती है कि पटरियों के बीच कोई गैप बचता ही नहीं है. इससे ट्रेन के पहियों को बिना किसी रुकावट के लगातार एक समान सतह मिलती है, जिससे झटका नहीं लगेगा.

**दो मशीनें रखेंगी नजर**

एमएएचएस हाई-स्पीड टर्नआउट की एक खास बात दो अलग-अलग पॉइंट मशीनों का इस्तेमाल है. एक पॉइंट मशीन स्विच वाले सिरे पर स्विच रेल्स को चलाती है, जबकि दूसरी मशीन घूमने वाले क्रॉसिंग नोज को चलाती और लॉक करती है. ये दोनों मशीनें एक साथ मिलकर काम करती हैं. जब कोई रूट सेट किया जाता है, तो सिग्नलिंग इंटरलॉकिंग सिस्टम रूट सेट करने का कमांड देता है, जिससे स्विच रेल्स और घूमने वाली क्रॉसिंग एक साथ और तालमेल के साथ काम करना शुरू कर देती हैं. ट्रेन को आगे बढ़ने की सिग्नल तभी मिलती है, जब दोनों पॉइंट मशीनों से उनकी सही स्थिति और सुरक्षित रूप से लॉक होने की पुष्टि मिल जाती है. इससे यह पक्का हो जाता है कि टर्नआउट (पटरी बदलने वाली जगह) से गुजरने वाला पूरा रेल मार्ग दोनों महत्वपूर्ण जगहों पर सही तरीके से सेट और सुरक्षित हो गया है. ऐसे हाई-स्पीड टर्नआउट में इस्तेमाल होने वाली पॉइंट मशीनों के लिए कड़े तकनीकी मानकों को पूरा करना जरूरी होता है. इनमें हाई-स्पीड स्विच और क्रॉसिंग के पुर्जों को चलाने के लिए पर्याप्त ताकत, सटीक नियंत्रण, बेहद बारीक पोजीशनिंग, मजबूत लॉकिंग व्यवस्था और भारत के मौसम, कंपन व इलेक्ट्रोमैग्नेटिक हालातों के बीच भरोसेमंद प्रदर्शन शामिल है. ये मशीनें हाई-स्पीड सिग्नलिंग के लिए जरूरी बेहद सुरक्षित और आधुनिक डिटेक्शन सिस्टम से भी जुड़ी होती हैं.

**मल्टीपल लेयर्ड सेफ्टी का इंतजाम**

सुरक्षा का यह पूरा ढांचा सिर्फ इन दो पॉइंट मशीनों के काम करने पर ही निर्भर नहीं रहता. एनएचएसआरसीएल ने बताया कि टर्नआउट पर नजर रखने के लिए जांच और पुष्टि की अलग-अलग लेयर्स काम करती हैं. इनमें स्विच रेल्स की सही अंतिम स्थिति, मूवेबल क्रॉसिंग की सही अंतिम स्थिति और दोनों पुर्जों के मजबूत मैकेनिकल लॉक होने की पुष्टि शामिल है. सिग्नलिंग इंटरलॉकिंग ट्रेन की आवाजाही के लिए रूट को हरी झंडी तभी देती है, जब ये स्वतंत्र जांचें पूरी तरह पक्का कर देती हैं कि टर्नआउट अपनी सही स्थिति में आ गया है और सुरक्षित रूप से लॉक हो चुका है. इस पूरी व्यवस्था को इस तरह तैयार किया गया है ताकि 320 किमी/घंटा तक की रफ्तार पर भी सुरक्षा, सफर के आराम (राइड क्वालिटी), पटरियों-पुर्जों की उम्र और ट्रेन संचालन के भरोसे को पूरी तरह बनाए रखा जा सके.

## मणिपुर में 18 वर्षीय छात्र की गोली मारकर हत्या

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में 18 वर्षीय छात्र की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है । बताया गया कि छात्र किसी काम से बाहर गया था, इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।

## सोनिया गांधी वोटर लिस्ट मामले में भाजपा ने राहुल से मांगा जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के नाम को 1980 की मतदाता सूची में शामिल किए जाने से जुड़े मामले को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी से जवाब मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सोनिया गांधी की भारतीय नागरिकता 1983 में हुई थी, तो 1980 की मतदाता सूची में उनका नाम कैसे शामिल हुआ? भाजपा ने इस मामले में जांच की मांग करते हुए राहुल गांधी से इस पर जवाब देने को कहा है। दरअसल दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 21 सितंबर 2026 को महत्वपूर्ण आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने उस मजिस्ट्रेट आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और जांच की मांग वाली शिकायत खारिज कर दी गई थी। अदालत ने मामले को वापस मजिस्ट्रेट के पास भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं। अब 29 सितंबर को मजिस्ट्रेट अदालत में मामले की नए सिरे से सुनवाई होगी। उस सुनवाई में शिकायत और उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया तय की जानी है। अब चूंकि मामला अदालत में विचाराधीन है, ऐसे में किसी भी प्रकार की टिप्पणी और जुबानी हमलों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

## भारत में अवैध रुप से रह रहे दो बांग्लादेशी महिलाओं को सजा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे की अदालत ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और वैध दस्तावेजों के बिना रहने के अलग-अलग मामलों में दो बांग्लादेशी महिलाओं को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। दोनों मामलों की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशों की अदालत में हुई। पहले मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बी. डी. शेल्के ने 55 वर्षीय मोर्जिना ओलियर फ़कीर को विदेशी अधिनियम की धारा 14ए(बी) के तहत दोषी पाया। अदालत ने उसे दो साल के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने फ़कीर को 12 मई 2025 को मीरा रोड (पूर्व) स्थित शांति पार्क से गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान उसके भारत में रहने से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने के बाद उसके खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। दूसरे मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी. एल. भोसले ने 35 वर्षीय रूपबन बेगम चाचामियां शेख को भारतीय पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम और विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत दोषी ठहराया। एएचटीसी ने उसे 24 मई 2025 को मीरा रोड (पूर्व) से गिरफ्तार किया था। अधिकारियों को शेख के मोबाइल फ़ोन में बांग्लादेशी पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र की डिजिटल प्रतियां मिली थीं। अदालत ने पासपोर्ट अधिनियम के तहत उसे छह महीने के सश्रम कारावास और विदेशी अधिनियम के तहत एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस तरह अदालत ने दोनों मामलों में भारत में वैध दस्तावेजों के बिना रहने से जुड़े आरोपों पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषसिद्धि की। दोनों मामलों में मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ की कार्रवाई के बाद न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ी थी।

## जम्मू-कश्मीर : सियालदह एक्सप्रेस पर पथराव, शीशा टूटा ; वंदे भारत भी प्रभावित

जम्मू (एजेंसी)। सोमवार देर रात जम्मू से कठुआ जा रही सियालदह एक्सप्रेस के फ्रंट विंडशील्ड को सांबा रेलवे स्टेशन के पास नुकसान पहुंचा। यह घटना रेलवे प्वाइंट नंबर 65/03, कालिबाड़ी सांबा के नजदीक हुई, जहां ट्रेन का अगला शीशा टूट गया। हालांकि, इस क्षति का सही कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन शुरुआती जांच और लोकल रिपोर्टों में पथराव की घटना से जोड़ा जा रहा है।
सूचना मिलते ही कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जिसमें ए.एस.पी. गरु राम भारद्वाज और डी.एस.पी. शामिल थे, जी.आर.पी. और एस.ओ.जी. टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीमों ने रेलवे ट्रैक और आसपास के इलाके की गहनता से तलाशी ली और घटना से जुड़े संभावित कारणों की विस्तृत जांच शुरू की। इस अप्रत्याशित घटना के चलते, दिल्ली से जम्मू जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस को भी सुरक्षा जांच पूरी होने तक सांबा रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा। रेलवे ट्रैक की गहन जांच और सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद, लगभग रात 12:30 बजे रेल सेवाओं को फिर सुचारु कर दिया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## भारत से लेकर अफगानिस्तान तक थर्राई धरती, आधी रात को भूकंप के झटकों से मचा हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात को भारत से लेकर अफगानिस्तान तक के कई हिस्सों में अचानक धरती थर्रा उठी, जिससे सोते हुए लोगों की नींद खुल गई और हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस जलजले के कारण किसी भी प्रकार के जान-माल के बड़े नुकसान की कोई आधिकारिक खबर सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अफगानिस्तान में ये भूकंप के झटके अलग-अलग समय पर महसूस किए गए। भारत में जहां महाराष्ट्र के सतारा क्षेत्र में आधी रात को करीब 3 बजकर 29 मिनट पर धरती कांपी, वहीं पड़ोसी देश अफगानिस्तान में सुबह 5 बजकर 37 मिनट पर इसके झटके दर्ज किए गए। भारत के मुकाबले अफगानिस्तान में भूकंप का असर थोड़ा अधिक तेज था, जहां रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। इसके विपरीत, महाराष्ट्र के सतारा में आए भूकंप की तीव्रता महज 2.4 मैग्नीट्यूड दर्ज की गई, जिसके कारण कंपन इतना हल्का था कि ज्यादातर लोगों को इसके आने का अहसास तक नहीं हुआ और वे गहरी नींद में सोते रहे। गौरतलब है कि इससे कुछ समय पहले नेपाल के मुस्तांग और उसके आसपास के इलाकों में भी 5.3 तीव्रता का तेज भूकंप महसूस किया गया था। नेपाल में हालिया बाढ़ आपदा के बाद से ही भूगर्भीय गतिविधियों को लेकर चिंताएं लगातार बनी हुई थीं, ऐसे में वहां आए झटकों ने स्थानीय लोगों के दिलों में पुराना डर फिर से ताजा कर दिया था। बार-बार आ रहे इन भूकंपीय झटकों ने एक बार फिर से इस बात की चर्चा छेड़ दी है कि आखिर धरती के भीतर ऐसा क्या होता है जिससे यह कांप उठती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी की सबसे ऊपरी परत कई विशाल टुकड़ों में बंटी होती है जिन्हें टेक्टोनिक प्लेट्स कहा जाता है। ये प्लेटें अपने नीचे मौजूद गर्म और नरम परत पर लगातार तैरती रहती हैं और धीमी गति से एक-दूसरे की ओर खिसकती या टकराती रहती हैं। जब इन प्लेटों के बीच आपसी दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है और अचानक भारी मात्रा में ऊर्जा मुक्त होती है, तो सतह पर जोरदार झटका महसूस होता है जिसे हम भूकंप के रूप में अनुभव करते हैं।

## अखिलेश के 'चवन्नी' तंज पर त्यागी ने किया पलटवार

**-केसी बोले- हम चवन्नी नहीं, महात्मा गांधी की तस्वीर वाला 500 रुपये का नोट हैं**

**लखनऊ, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की 'चवन्नी' वाली टिप्पणी पर राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि रालोद को 'चवन्नी' समझने की भूल कतई नहीं करनी चाहिए, बल्कि वह महात्मा गांधी की तस्वीर वाला 500 रुपये का नोट है। केसी त्यागी ने यह बात हाथरस के मुरसान में रालोद की 'स्वाभिमान सम्मान पदयात्रा एवं समरसता अभियान' की शुरुआत के दौरान की। रालोद नेता त्यागी की यह प्रतिक्रिया अखिलेश यादव की अगस्त में की गई टिप्पणी के संदर्भ में है। अखिलेश ने रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को 'चवन्नी' कहा था। दरअसल यह टिप्पणी 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान चौधरी के उस बयान से जुड़ी थी, जब वह समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में थे। उस समय चौधरी ने बीजेपी की ओर से दिए गए प्रस्तावों को ठुकरा दिया था और कहा था कि वह ऐसी 'चवन्नी' नहीं हैं, जिसे आसानी से 'पलटा' जा सके। इस घटना के बाद रालोद ने सपा से गठबंधन खत्म कर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का साथ दिया। यहां बताते चलें कि जयंत चौधरी वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री हैं। रालोद संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष त्यागी ने कहा कि उनके पिता मुलायम सिंह यादव, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के राजनीतिक प्रभाव को अच्छी तरह से समझते थे, लेकिन अगली पीढ़ी शायद इसे याद नहीं रख पाई। उन्होंने कहा कि अब पार्टी को यह साबित करना है कि वह 'चवन्नी' नहीं, बल्कि 500 रुपये का नोट है।

## तमिलनाडु में फ्री ब्रेकफास्ट स्कीम लॉन्च, अब 6 से 8 तक के छात्रों को भी मिलेगा नाश्ता

**-सीएम विजय ने छात्रों को परोसा नाश्ता साथ बैठक कर खाया, खिले बच्चों के चेहरे**



**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिलनाडु के सीएम सी जोसेफ विजय ने मंगलवार को चेन्नई में विस्तारित पेरुंथलैवर कामराजर फ्री ब्रेकफास्ट स्कीम लॉन्च की। उन्होंने छात्रों को नाश्ता परोसा। उनके साथ बैठकर ब्रेकफास्ट भी किया। यह कार्यक्रम चेन्नई के तिरुवन्मियूर स्थित गांधी ग्रामम के सरकारी मिडिल स्कूल में हुआ। विजय ने स्कूली बच्चों से बातचीत की। पहले इस योजना का लाभ कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को मिलता था। अब कक्षा 6 से 8 तक के छात्र भी इसके दायरे में आ गए हैं। इससे राज्य के 15,454 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के करीब 15.30 लाख अतिरिक्त छात्रों को फायदा होगा। विजय सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में योजना के विस्तार के लिए 217.63 करोड़ रुपए अतिरिक्त मंजूर किए हैं। इसके साथ योजना का कुल बजट 724 करोड़ रुपए हो गया है। इस योजना का नाम पहले चीफ मिनिस्टर ब्रेकफास्ट स्कीम था। अब इसका नाम बदलकर पेरुंथलैवर कामराजर फ्री ब्रेकफास्ट स्कीम कर दिया गया है। यह नाम तमिलनाडु के पूर्व सीएम के कामराज के सम्मान में रखा गया है। उन्होंने स्कूली शिक्षा की पहुंच बढ़ाने और राज्य की मिड-डे मील योजनाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी।
योजना मंगलवार से पूरे राज्य में लागू हो गई। हालांकि, चेंगलपट्टू और तिरुप्पुर जिलों में इसे अभी लागू नहीं किया गया है। वहां आगामी विधानसभा उपचुनावों के कारण इन दोनों जिलों में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू है। इसी वजह से वहां योजना का क्रियान्वयन टाल दिया गया है।

## रिम्स अस्पताल में न्यूबॉर्न केयर यूनिट में लगी आग, 2 नवजात की मौत

**- 28 बच्चों को सुरक्षित बचाया, सीएम ने जताया दुख जांच के दिए आदेश**



**आदिलाबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के रिम्स अस्पताल में सोमवार देर रात अस्पताल के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में अचानक आग लग गई। इस हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई है, जबकि वार्ड में 28 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने इस दुखद घटना की औपचारिक जांच के आदेश दिए हैं और अधिकारियों को आग लगने के कारण पर तुरंत रिपोर्ट सौंपने को कहा है।
मीडिया रिपोर्ट में फायर अधिकारी के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलते ही आपातकालीन कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की। मौके पर दमकल की गाड़ी भेजी गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अगर समय पर रेस्क्यू नहीं चलाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया जांच शुरू कर दी है। यह घटना अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल खड़े करती है, क्योंकि स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट जैसे संवेदनशील वार्ड में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस हादसे को लेकर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के टी. रामा राव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए गहरा दुख जताया। उन्होंने लिखा हादसे से गहरा सदमा और दुख हुआ। इस हादसे में एक नवजात की मौत हुई हैं और कई बच्चे प्रभावित हुए हैं। सभी बच्चों की सलामती के लिए मेरी प्रार्थनाएं हैं। प्रशासन ने मृतक नवजात के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायल या प्रभावित बच्चों को बेहतर इलाज की बात कही है। साथ ही अस्पताल के फायर सेफ्टी सिस्टम की भी जांच के आदेश दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। अस्पताल में स्थिति नियंत्रण में है और अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों को सुरक्षित रखा गया है।

## सैलरी की 10 हजार रुपये रोकी तो 150 का पेट्रोल छिड़ककर पूरे मार्केट में लगा दी आग



**सूरत, एजेंसी।**
गुजरात के सूरत से एक बेहद चौंकाने वाला और सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक फर्म के पूर्व कर्मचारी ने महज 10 हजार रुपये के बकाया और अपमान का बदला लेने के लिए पूरे टेक्सटाइल मार्केट को ही आग के हवाले कर दिया. सरोली इलाके के श्याम संगिनी मार्केट में लगी इस भीषण आग की जांच कर रही क्राइम ब्रांच ने यह सनसनीखेज खुलासा किया. आरोपी विनोद पंडित सावाले को गिरफ्तार कर लिया गया है.

पुलिस जांच के अनुसार, डिंडोली इलाके का रहने वाला 33 वर्षीय विनोद पंडित सावाले श्याम संगिनी मार्केट स्थित 'जैकॉर्प इंडिया' और 'जगदंबा टेक्सटाइल' में 30,000 की मासिक सैलरी पर अकाउंटेंट के तौर पर काम करता था. अप्रैल में उसने यह नौकरी ज्वाइन की थी. काम के दौरान फर्म का मालिक हनुमान द्वारका प्रसाद जावर और मुख्य अकाउंटेंट सुमित उसे अक्सर डांटते-फटकारते थे. वे हर बात पर विनोद का अपमान करते थे और ताना मारते थे कि उसे अकाउंटिंग का 10 प्रतिशत काम भी नहीं आता. इस रोज-रोज की बेइज्जती से तंग आकर उसने नौकरी छोड़ दी.

विनोद की सैलरी के करीब 10,000 रुपये मालिके के पास बकाया था. बार-बार मांगने पर भी सेठ ने पैसे नहीं दिये. उल्टा बहस कर उसे फिर अपमानित किया. इससे विनोद के मन में बदले की भावना जाग उठी. उसने अपने पुराने मालिक को 'सबक सिखाने' की खौफनाक साजिश रची. घटना से एक दिन पहले उसने देवध गांव के पास एक पेट्रोल पंप से प्लास्टिक की बोतल में 150 का पेट्रोल खरीदा. उसे अपने स्कूल बैग में छिपाकर सही मौके का इंतजार करने लगा. मौका मिलते ही उसने मार्केट में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी. आरोपी को उम्मीद थी कि इस आग को शॉर्ट सर्किट की आम घटना मानकर छोड़ दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. विनोद की इस करतूत की वजह से आग ने बेहद विकराल रूप ले लिया. देखते ही देखते छठी मंजिल पर रखा व्यापारियों का 24 करोड़ से ज्यादा का टेक्सटाइल स्टॉक जलकर पूरी तरह राख हो गया. आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड को इसे काबू करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी.

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी, चक्रवाती तूफान की आशंका, भारी बारिश का अनुमान



**नयी दिल्ली, एजेंसी।**
भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में बना मौसमी सिस्टम आगे बढ़ रहा है और तेज हो रहा है. विभाग के अनुसार इसके जल्द ही आंध्र प्रदेश-ओडिशा तट को पार करने की संभावना है. चक्रवाती तूफानों के नामों की सूची के अनुसार, उत्तरी हिंद महासागर में बनने वाले अगले चक्रवात का नाम 'अर्णब' होगा. बंगाली भाषा में 'अर्णब' का मतलब 'सागर' होता है. बांग्लादेश ने उस क्षेत्रीय ट्रॉपिकल साइक्लोन (उष्णकटिबंधीय चक्रवात) की नामकरण सूची में शामिल करने के लिए दिया था, जिसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारत मौसम विज्ञान विभाग मिलकर बनाए रखते हैं. आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र अब 'डिप्रेशन' (कम दबाव का गहरा क्षेत्र) में बदल गया है और अगले 10 घंटों में इसके 'डीप डिप्रेशन' (बहुत गहरे कम दबाव के क्षेत्र) में बदलने की संभावना है.विभाग ने बताया कि पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना यह मौसमी सिस्टम 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ा और सुबह 8:30 बजे उसी इलाके में केंद्रित था.

विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इसके 23-24 सितंबर की रात को विशाखापत्तनम और गोपालपुर के बीच उत्तरी आंध्र प्रदेश-दक्षिणी ओडिशा तटों को 'डीप डिप्रेशन' के रूप में पार करने की बहुत अधिक संभावना है.दोपहर एक बजे तक, यह डिप्रेशन विशाखापत्तनम से लगभग 290 किलोमीटर पूर्व में स्थित था.इस डिप्रेशन के असर से, विभाग ने 22 से 25 सितंबर के बीच आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश का अनुमान लगाया है.भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश का अनुमान लगाया है. आईएमडी ने सोशल मीडिया पर कहा, पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डिप्रेशन पिछले 6 घंटों में 18 किमी/घंटा की रफ़्तार से पश्चिम की ओर बढ़ा. आज, 22 सितंबर 2026 को सुबह 8:30 बजे यह उसी इलाके में 17.9त्ठ अक्षांश और 86.0त्ए देशांतर के पास केंद्रित था. यह गोपालपुर (ओडिशा) से लगभग 200 किमी दक्षिण-पूर्व, कलिंगपटनम (आंध्र प्रदेश) से 200 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व, पुरी (ओडिशा) से 210 किमी दक्षिण और विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) से 290 किमी पूर्व में स्थित था. आईएमडी ने कहा, इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटों के दौरान पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गहरे डिप्रेशन में बदलने की बहुत संभावना है.



## दुपहिया 2 का ट्रेलर जारी, सामाजिक मुश्किलों का कराता है सामना


नई दिल्ली। वेब सीरीज 'दुपहिया सीजन 2' का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'धड़कपुर'गांव की आम सी परेशानियों को ट्रेलर में दिखाया गया है। ट्रेलर में दिग्गज और नई कास्ट साथ में अभिनय करती नजर आएगी। दुपहिया सीजन 2 का ट्रेलर आपको मनोरंजन के साथ कई सामाजिक मुश्किलों का सामना कराता है। यह ट्रेलर अंजान मोड़ों और उथल-पुथल से भरी कहानी की एक झलक पेश करता है, जो इस बार भी यहां के लोगों का पीछा छोड़ने वाली नहीं हैं। पिछले सीजन की तरह इस बार फिर बनवारी का परिवार किसी बड़ी मुसीबत में फंसने वाला है। दुपहिया सीजन 2 की कहानी में धड़कपुर गांव में बनवारी के बंजर जमीन में टॉवर लगना है।

लाइफ Style

# जेनिफर
## विलियम संग की दूसरी बार शादी

जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके में एक प्राइवेट क्रिश्चियन वेडिंग के कुछ हफ्ते बाद गोवा में फिर से शादी की। साथ ही इस खास दिन का जश्न अपने करीबी दोस्तों के साथ मनाया।

जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल ने यूके के बाद गोवा में क्रिश्चियन वेडिंग की है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फैंस को कपल के सेलिब्रेशन की कुछ खास झलक भी देखने को मिली, जो गोवा की थी। इस कपल ने जुलाई में यूके में एक छोटी सी सेरेमनी में शादी की थी और अपने दोस्तों को एक रंगीन सेलिब्रेशन का हिस्सा बना लिया, जिसमें टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री के कई जाने-पहचाने चेहरे शामिल थे। इस गैदरिंग के वीडियो और फोटो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर, करण वाही, रितेश देशमुख, जेनेलिया देशमुख, मंदिरा बेदी, शब्बीर अहलूवालिया और दूसरों के साथ सेलिब्रेशन का मजा लेते नजर आ रही है। जेनिफर विंगेट ने अपने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की गोवा वेडिंग की, जो झलक शेयर की है। उसमें वह जेनिफर और विलियम एक-दूसरे पर जमकर प्यार लुटाते दिख रहे हैं। यह पार्टी यूके में जेनिफर विंगेट और विलियम इश्माइल की वेडिंग के दो महीने बाद हुई। मंदिरा बेदी ने गोवा में सेलिब्रेशन करवाया, जबकि हरलीन सेठी ने जश्न के दौरान गुलदस्ता पकड़ा। गोवा सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें जेनिफर और विलियम अपने दोस्तों के साथ खूब मस्ती करते दिख रहे हैं।




हॉलीवुड मसाला




## परिवार और दोस्तों ने छोड़ दिया अकेला

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन हालिया फिलाडेल्फिया कॉन्सर्ट में फफक कर कई बार स्टेज पर ही रो पड़े। उन्होंने वहां पहुंचे 50 हजार फैंस से कहा कि ये दुनिया बहुत डरावनी जगह है। पिछले एक हफ्ते में उन्हें पता चला है कि असली रिश्ते क्या होते हैं। सिंगर ने कहा- परिवार और दोस्तों ने मुझे अकेला छोड़ दिया। परफॉर्मेंस के बीच में टेलीप्रॉम्प्टर से बयान पढ़ते हुए सिंगर को भावुक देख जहां फैंस की आंखें भी नम हो गईं, वहीं उन्होंने खुलासा किया कि उनके परिवार और दोस्तों ने भी उनका साथ छोड़ दिया है।





## 15 की उम्र में शुरू किया था मॉडलिंग कॅरियर

लॉस एंजिल्स। सुपरमॉडल सिंडी क्रॉफर्ड और बिजनेसमैन रैंडे गेरबर के बेटे प्रेस्ली गेरबर नहीं रहे। महज, 27 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। प्रेस्ली गेरबर का जन्म साल 1999 में कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में हुआ था। 15 साल की उम्र में आईएमजी मॉडल्स के साथ साइन करने के बाद उन्होंने टीनएजर के तौर पर अपना मॉडलिंग कॅरियर शुरू किया। प्रेस्ली ने लॉस एंजिल्स में मोस्किनो शो से अपना रनवे डेब्यू किया था। इसके बाद मिलान में डोल्से एंड गब्बाना जैसे शो में भी हिस्सा लिया। उन्होंने केल्विन क्लाइन के एक कैंपेन में भी काम किया। अपनी छोटी बहन काइया के साथ काम करने वाले गेरबर ने हाल के वर्षों में मेंटल हेल्थ, अवसाद और नशीले पदार्थों की लत से जुड़ी अपनी मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की थी।



## 'ये प्रेम मोल लिया' का टाइटल ट्रैक रिलीज


मुंबई। पारिवारिक फिल्में बनाने के लिए मशहूर सूरज बड़जात्या नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनकी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' है। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सूरज की फिल्मों में परिवार, परंपरा और इमोशंस होते हैं। नई फिल्म में भी दर्शक ऐसी उम्मीद कर सकते हैं। फिलहाल इसका टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है और इसने महफिल लूट ली है। 'ये प्रेम मोल लिया' के टाइटल ट्रैक में भव्य शादी दिखाई गई है। शादी की रस्मों और परिवार के प्यार ने इसमें चार चांद लगा दिए हैं। दूसरी, तरफ इसमें रीति-रिवाजों की भी वाइब है। गाने में त्योहार के पलों की झलक दिखाई गई है। शरवरी और आयुष्मान खुराना को छठ पर्व मनाते दिखाया गया है।



## द मॉन्स्टर माइंड्स से होगा डेब्यू...

नई दिल्ली। बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले आदित्य सिंह सुदर्शन अब फिल्मी दुनिया में अपनी नई पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। आध्यात्मिक और सामाजिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले आदित्य फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' से बतौर लीड हीरो एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनके दादा आचार्य सुदर्शन जी महाराज हैं। वहीं, आदित्य के पिता पूर्व राज्यमंत्री अमिताभ गुंजन चुन्नू हैं। आदित्य एक्टिंग की दुनिया में अपनी पहली पारी शुरू करने जा रहे हैं। फिल्म 'द मॉन्स्टर माइंड्स' मोशन पल्स के बैनर तले बनी है। यह साइकोलॉजिकल सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इसमें दर्शकों को रहस्य, रोमांच, एक्शन और कई ऐसे विजुअल्स देखने को मिलेंगे, जो कहानी को और खास बनाने वाले हैं। आदित्य की पहचान सिर्फ उनके परिवार की वजह से नहीं है।

टीवी मसाला



## खतरों के खिलाड़ी 15 के सेमी फिनाले की डेट का ऐलान

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' के सेमी फाइनल की तारीख का ऐलान कर दिया है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' का सेमी फिनाले अगले हफ्ते 26 और 27 सितंबर होगा। सेमी फाइनल सभी आठ कंटेस्टेंट के लिए एक अहम पड़ाव होगा, क्योंकि मुकाबले में सिर्फ पांच कंटेस्टेंट ही आगे बढ़ पाएंगे। आने वाले चैलेंज में उनकी हिम्मत, ताकत, सहनशक्ति और दबाव में शांत रहने की क्षमता की परीक्षा होगी।

## स्पाई मास्टर की कहानी पर्दे पर उतारेंगे करण



मुंबई। 21 सितंबर 1968 को भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की स्थापना की गई थी। 'रॉ' के सफर को 58 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस खुफिया एजेंसी की स्थापना महान जासूस रामेश्वर नाथ काव (आर एन काव) ने की थी। उन पर फिल्म का एलान किया गया है। यह फिल्म करण जौहर बनाएंगे। करण जौहर ने सोमवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा करते हुए भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ के संस्थापक रामेश्वर नाथ काव पर आधारित फिल्म का ऐलान किया है। यह फिल्म साल 2028 में अगस्त में रिलीज होगी। करण जौहर ने लिखा है, 'काव ने पर्दे के पीछे रहकर काम किया और उस संस्था को दुनिया के सामने लाए जिसे आज हम रॉ के नाम से जानते हैं'। करण जौहर ने बताया कि उनकी यह फिल्म नितिन गोखले की किताब 'जेंटलमैन स्पाईमास्टर' पर आधारित है। यह फिल्म 11 अगस्त, 2028 को बड़े पर्दे पर आएगी। भारत के महान जासूस रामेश्वर नाथ काव का जन्म 10 मई, 1918 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में हुआ था। भारत के आजाद होने के समय काव ने खुफिया एजेंसी की दुनिया में कदम रखा था। 1947 में उनकी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में नियुक्ति हुई थी और उनका प्रशिक्षण लीजेंडरी भोला नाथ मुल्लिक की निगरानी में हुआ था। उन्होंने कुछ बहुत से अहम मामलों पर काम किया। इसमें 1950 के मध्य में कश्मीर प्रिंसेस मामले की जांच और 1971 में बांग्लादेश की मुक्ति में योगदान शामिल है।

## टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में बजा 'अंग' का डंका ऑस्कर 2027 के लिए हुई क्वालीफाई

*मुंबई। नागालैंड की पृष्ठभूमि पर बनी भारतीय फिल्म 'अंग' ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 में बड़ा सम्मान हासिल किया है। नागालैंड के निर्देशक तेजा रियो की इस फिल्म ने 'प्लेटफॉर्म प्राइज' अपने नाम किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि इस अवॉर्ड के साथ फिल्म ने 2027 के ऑस्कर अवॉर्ड्स की 'बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म' कैटेगरी में सीधे जगह बना ली है। टीआईएफएफ की जूरी ने 'अंग' को उसके नए नजरिए, शानदार सिनेमैटोग्राफी और एक अनोखी दुनिया को गहराई और खूबसूरती से पर्दे पर उतारने के लिए प्लेटफॉर्म प्राइज दिया है। जूरी ने फिल्म के निर्देशक तेजा रियो की सोच, हिम्मत और साहस की भी तारीफ की।*

### ऑस्कर में कैसे मिली सीधे एंट्री?

इस साल से टीआईएफएफ का प्लेटफॉर्म प्राइज उन चुनिंदा फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जिन्हें जीतने वाली फिल्मों को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में सीधी एंट्री मिलती है।



### क्या है अंग की कहानी?


अंग की कहानी 1960 के दशक के नागालैंड की है, जहां एक पिता और उसका बेटा अपनी जिंदगी जी रहे हैं। कहानी में एक मिशनरी के आने के बाद बेटे का उनके रहन-सहन और तौर-तरीकों से प्रभावित होना दिखाया गया है। इसके साथ ही फिल्म धर्म परिवर्तन के दौर में नागा समाज और उसकी संस्कृति में आए बदलावों को भी सामने लाती है। फिल्म यह दिखाती है कि कैसे उस समय स्थानीय परंपराओं और संस्कृति को पिछड़ा मानकर देखने की सोच बढ़ने लगी थी।

### कोन्याक भाषा में बनी है फिल्म

अंग की सबसे खास बात इसकी भाषा है। फिल्म लगभग पूरी तरह कोन्याक भाषा में शूट की गई है। कोन्याक नागालैंड के कोन्याक समुदाय की प्रमुख भाषाओं में से एक है और भारतीय सिनेमा में इस भाषा का इस्तेमाल बेहद कम देखने को मिलता है।

### शॉर्ट फिल्म से बनी फीचर फिल्म

तेजा रियो ने साल 2021 में एक शॉर्ट फिल्म बनाई थी 'अंग'। उसकी शॉर्ट फिल्म के आधार पर उन्होंने 'अंग'नाम की फीचर फिल्म बनाई। बता दें, उनकी शॉर्ट फिल्म को क्लेरमोंट-फेरैंड इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल जूरी अवॉर्ड मिला था।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.